सूर्योदय 6:08 सूर्यास्त 6:19

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 14.4 न्यू | 25.4 अधि |
| धर्मशाला | 20.9 न्यू | 24.5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83184.80 |
| निफ्टी | 25415.80 |
| सोना 74,450 | चांदी 92,361 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




चुनाव के समय झूठ बोलने वाले चुपचाप आते और चले जाते: जयराम

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 20 सितंबर 2024 | 5 अश्विन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 274, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### सत्येंद्र की जमानत याचिका पर ईडी से मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन ने राउज एवेन्यू की विशेष अदालत में जमानत याचिका दाखिल की है। कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद सत्येंद्र की जमानत की मांग वाली याचिका पर ईडी से 25 सितंबर को होने वाली सुनवाई तक अपना जवाब दाखिल करने को कहा है।

### भाजपा विधायक के खिलाफ रेप का केस दर्ज



**रामनगरम।** कर्नाटक के भाजपा विधायक मुनिरत्ना और छह अन्य व्यक्तियों के खिलाफ बलात्कार, यौन उत्पीड़न और आपराधिक धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है। 40 वर्षीय महिला ने शिकायत की थी कि निजी रिसॉर्ट में उसके साथ रेप किया गया, जिसके आधार पर भाजपा नेता और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

### पूर्व प्रिंसिपल घोष का चिकित्सा पंजीकरण रद्द



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल चिकित्सा परिषद ने आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष का पंजीकरण रद्द कर दिया। घोष आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर मामले में सीबीआई की हिरासत में हैं। डब्ल्यूबीएमसी की ओर से तैयार की जाने वाली पंजीकृत चिकित्सकों की सूची से घोष का नाम 19 सितंबर को हटा दिया गया।

### हिमेश रेशमिया के पिता विपिन का निधन

**मुंबई।** मशहूर संगीतकार हिमेश रेशमिया के पिता और संगीतकार निर्देशक विपिन रेशमिया का निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे। विपिन रेशमिया को सांस लेने में तकलीफ और उम्र से संबंधित समस्याओं के कारण बुधवार रात कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती कराया था। परिवार के करीबी अनूप सिंह ने विपिन रेशमिया के निधन की जानकारी दी।

## अश्विन और जडेजा की जोड़ी कमाल




चेन्नई में भारत-बांग्लादेश के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में शीर्ष क्रम ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। ऐसे में रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन ने पारी को संभाला। दोनों ने कुल 195 रन की पार्टनरशिप की। खेल खत्म होने तक अश्विन 102, जबकि जडेजा 86 रन बनाकर नॉटआउट रहे। -खबर पेज-14

# भाजपा लाई लाडो लक्ष्मी योजना, एमएसपी पर 24 फसलें खरीदने का वादा

## हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए संकल्प पत्र जारी, अग्निवीरों को सरकारी नौकरी, 10 लाख तक मुफ्त इलाज की घोषणा

**एजेंसी, रोहतक**

**भाजपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पांच अक्तूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी कर दिया है।

घोषणा पत्र में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 24 फसलें खरीदने और राज्य के प्रत्येक अग्निवीर को सरकारी नौकरी देने का वादा किया गया है। सभी महिलाओं को लाडो लक्ष्मी योजना के तहत प्रतिमाह 2100 रुपए, आईएमटी खरखौदा की तर्ज पर 10 औद्योगिक शहरों का निर्माण, प्रति शहर 50,000 स्थानीय युवाओं को नौकरी देने के लिए उद्यमियों को विशेष प्रोत्साहन, चिरायु-आयुष्मान योजना के तहत प्रत्येक परिवार को 10 लाख तक का मुफ्त इलाज एवं परिवार के 70 वर्ष से अधिक बुजुर्ग को अलग से 5 लाख तक मुफ्त इलाज की सुविधा, 2 लाख युवाओं को नौकरी, 5 लाख युवाओं के लिए अन्य रोजगार के अवसर एवं मासिक स्टाइपेंड, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 5 लाख आवास, सरकारी अस्पतालों में डायलिसिस और सभी अस्पतालों में डायग्नोसिस मुफ्त, हर जिले में ओलंपिक खेलों की नर्सरी, हर घर गृहिणी योजना तहत 500 में सिलेंडर, अव्वल बालिका योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में कॉलेज जाने वाली हर छात्रा को स्कूटर देने की घोषणा की।



संकल्प पत्र को जारी करते भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व अन्य नेता।

### चुनाव प्रचार : श्रीनगर व कटरा की जनसभाओं में साधा निशाना, कहा- जम्मू-कश्मीर फिर बनेगा राज्य

# जेएंडके की बर्बादी के लिए तीन खानदान जिम्मेदार : मोदी

**अशोक ठाकुर, श्रीनगर/कटरा**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर में दूसरे चरण के चुनाव प्रचार के लिए वीरवार को श्रीनगर और कटरा में जनसभाएं कीं। पीएम ने कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर की अवाम को उनके जायज हक से महरूम रखना 'तीन खानदानों' का सियासी एजेंडा रहा है, जबकि भाजपा सबको जोड़कर दिल तथा दिल्ली की दूरी मिटा रही है। पीएम मोदी का इशारा कांग्रेस, नेशनल कान्फ्रेंस और महबूबा मुफ्ती की पार्टी पीडीपी की तरफ था। अब जम्मू-कश्मीर तीन परिवारों के शिकंजे में नहीं रहेगा। पीएम ने



लोगों को भरोसा दिया कि जम्मू-कश्मीर फिर से राज्य बनेगा। पहले तीन खानदान युवाओं के हाथ में पत्थर थमाकर खुश होते थे। आज युवाओं के हाथ में पत्थर नहीं, किताब है। जेएंडके को आतंकवाद से आजाद करना, साजिश करने वाली हर ताकत को हराना और नौजवानों को यहीं पर रोजगार के मौके दिलाना मोदी का वादा है।

### दुनिया की कोई ताकत अनुच्छेद-370 को वापस नहीं करवा सकती

**पीएम** मोदी ने कहा कि दुनिया की कोई ताकत जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 की वापसी नहीं करा सकती। कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस को डंके की चोट पर कह रहा हूं, हम जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के एजेंडे को लागू नहीं होने देंगे। पाकिस्तान के डिफेंस मिनिस्टर ने कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस का खुलकर समर्थन किया है। उनका कहना है कि अनुच्छेद-370 और 35ए को लेकर कांग्रेस और एनसी का एजेंडा वही है, जो पाकिस्तान का एजेंडा है यानी कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस की पोल खुद पाकिस्तान ने खोल दी है।

### अब लाल चौक पर रहती है चहलकदमी

**पीएम** मोदी ने कहा कि एक दौर था, जब लाल चौक पर आना, यहां तिरंगा फहराना, जान जोखिम में डालने वाला काम था। बरसों तक यहां लोग लाल चौक पर आने से डरते थे, लेकिन अब तस्वीर बदल गई है। श्रीनगर के बाजारों में अब ईद और दिवाली दोनों की रौनक देखने को मिलती है। अब लाल चौक बाजार में देर शाम तक चहल-पहल रहती है। मां के इस पावन धाम से मैं आपको एक और बात के लिए फिर से आश्वस्त करता हूं, जम्मू-कश्मीर को हम फिर से राज्य बनाएंगे। हमने इसकी घोषणा संसद में ही कर दी थी।

# हिमाचल के खड़ापत्थर में पकड़ी चिट्टे की सबसे बड़ी खेप

## कुपवाड़ा निवासी से बरामद किया 468. 380 ग्राम चिट्टा



एएनटीएफ टीम के साथ चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया गया जेएंडके का तस्कर।

**भरत ठाकुर, कोटखाई**

**शिमला** के कोटखाई में स्टेट सीआईडी की एएनटीएफ टीम ने 468.380 ग्राम चिट्टे की सबसे बड़ी खेप बरामद की है।

एएनटीएफ ने खड़ापत्थर में जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा निवासी मुदासिर अहमद मोची को गिरफ्तार किया है। एएनटीएफ टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर शिमला पुलिस के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोचा। डीएसपी ठियोग सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। आरोपी उक्त मादक खेप को रोहड़ू में किस मुख्य सरगना के पास लेकर जा रहा था, उसकी तलाश की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### ...और इधर पंजाब के दो युवक 81 ग्राम चिट्टे के साथ धरे

**मंडी।** डैहर पुलिस ने वीरवार को समलेहु-सकरोहा संपर्क मार्ग पर नाकाबंदी कर अमृतसर (पंजाब) के दो युवकों को 81 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए चिट्टे की कीमत लाखों रुपए है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस चौकी डैहर प्रभारी एएसआई बृजलाल शर्मा की अगुवाई में यह कार्रवाई अमल में लाई गई। पैदल जा रहे दो युवकों को पुलिस ने जांच के लिए रोका तो वे हड़बड़ा गए। एक युवक ने जेब से कुछ नीचे फेंका और भागने लगे, जिन्हें पुलिस ने दबोच लिया। युवकों की पहचान कुलदीप सिंह (24) गांव बंदला, जिला अमृतसर व जरनैल सिंह बरपाल गांव, जिला अमृतसर के रूप में हुई है। एसपी साक्षी वर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

### आतिशी के साथ 21 को पांच मंत्री लेंगे शपथ

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री चुनी गई आतिशी 21 सितंबर को अपनी कैबिनेट के साथ शपथ लेंगी। कैबिनेट में मुकेश अहलावत नया चेहरा होंगे। मुकेश सामाजिक न्याय मंत्री राजकुमार आनंद की जगह लेंगे। अहलावत दिल्ली की सुल्तानपुर माजरा सीट से विधायक हैं। कैबिनेट में मुख्यमंत्री समेत सात सदस्य हैं। नए मुख्यमंत्री और नए सदस्यों का कार्यकाल छोटा होगा, क्योंकि मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल फरवरी 2025 तक है। कैबिनेट में गोपाल राय, कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज और इमरान हुसैन मंत्री पद पर बरकरार रहेंगे। सातवें सदस्य के नाम की घोषणा अभी नहीं की गई है।

# लूहरी, धौलासिद्ध व सुन्नी प्रोजेक्ट अपने अधीन लेगी सरकार : सुक्खू

## मुख्यमंत्री बोले- हाईकोर्ट में दायर करेंगे पुनरीक्षण याचिका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को हिमाचल हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार किसी भी कीमत पर प्रदेश के अधिकारों के साथ समझौता नहीं होने देगी।

सरकार 210 मेगावॉट लूहरी जल विद्युत परियोजना चरण-1, 66 मेगावॉट धौलासिद्ध विद्युत परियोजना और 382 मेगावॉट की सुन्नी विद्युत परियोजनाओं को अपने अधीन लेने के लिए हाईकोर्ट में पुनरीक्षण याचिका दायर करेगी। उन्होंने कहा कि अगर परियोजना निष्पादित करने वाली कंपनियां सरकार की शर्तों को स्वीकार नहीं करती हैं, तो इन परियोजनाओं का राज्य सरकार अधिग्रहण करेगी।

उन्होंने कहा कि हालांकि राज्य में हाल के वर्षों में निवेश में कमी आई है, लेकिन राज्य सरकार हिमाचल के अधिकारों की रक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार व्यवस्था परिवर्तन के माध्यम से आत्मनिर्भर हिमाचल की ओर बढ़ रही है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- जेनेरिक स्टोर में नहीं मिल रही पूरी दवाइयां -पेज 2
- मैक्लोडगंज में महिला होटल कर्मी पर कुक ने चाकू से किया हमला -पेज 3
- निर्माणाधीन मस्जिद की बिजली काटी पानी काटने के आदेश जारी -पेज 9
- स्वच्छता से ही भारत स्वस्थ और विकसित बनेगा : मुर्मू -पेज 13
- गंभीर सफल कोच होंगे साबित : राहुल द्रविड़ -पेज 14

### शिमला में 4 मंजिला मकान में आग, लाखों का नुकसान



**शिमला।** शिमला के झंझीड़ी क्षेत्र में बुधवार देर शाम को आग लगने से चार मंजिला मकान जलकर राख हो गया। इस अग्निकांड में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीमें मालरोड, छोटा शिमला और बालूगंज फायर स्टेशन से घटनास्थल पर पहुंचीं और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। छोटा शिमला अग्निशमन केंद्र के अधिकारी भगत राम ठाकुर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में लाखों की संपत्ति के नुकसान की संभावना है। भवन की अन्य मंजिलों को सुरक्षित बचा लिया है।

### अमेरिकी कोर्ट का पन्नू मामले में भारत सरकार को समन

**नई दिल्ली।** अमेरिका के एक कोर्ट ने खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश के मामले में भारत सरकार को समन भेजा। इस समन में भारत के एनएसए अजीत डोभाल, पूर्व रॉ चीफ सामंत गोयल, रॉ एजेंट विक्रम यादव और बिजनेसमेन निखिल गुप्ता का नाम भी शामिल है। अमेरिकी कोर्ट ने 21 दिन में इस समन का जवाब देने के लिए कहा है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह समन पूरी तरह से गलत है। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा कि जब यह मामला हमारे सामने आया तो हमने एक्शन लिया। इस मामले में उच्च स्तरीय कमेटी भी बनाई गई है।

ABHILASHI
GROUP OF INSTITUTIONS
NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI (H.P.)
Approved By: AICTE, PCI, NCTE, INC, HPNRC
Affiliated to: HPU, HPTU, HPTSB & HPBOSE, Dharamshala
ADMISSION OPEN 2024-25
T.R. ABHILASHI MEMORIAL INSTITUTE OF ENGG. & TECH.
B.TECH (CE/EE/CSE) DIPLOMA (CE/EE)
T.R. ABHILASHI MEMORIAL ITI INSTITUTE
ITI in ELECTRICIAN
SANITARY HEALTH INSPECTOR
SOLAR TECHNICIAN (ELECTRICAL)
FITTER
ABHILASHI COLLEGE OF PHARMACY
B. PHARMACY
ABHILASHI P.G. INSTITUTE OF SCIENCES
M.Sc in CHEMISTRY/ BOTANY
ABHILASHI COLLEGE OF NURSING
B.Sc. NURSING | M.Sc. NURSING
POST BASIC B.Sc. NURSING
GNM
ABHILASHI COLLEGE OF EDUCATION
D.EL.Ed
B.Ed
Accredited by NAAC with B++ Grade
SCHOLARSHIP ASSISTANCE FOR SC/ST STUDENTS T&C* apply
CONTACT FOR ADMISSION:
9816005139, 9816400520, 9816700520
9816242139, 9816102238
Website: www.abhilashi-edu.in, www.tramiet.in
Email: abhilashigroup@gmail.com

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
Presents
WEMBLEY SINCE 1961
(An ISO 9001-2008 Certified Co.)
Wembley Paints & Chemicals
अनंत शिखर सम्मान 2024
आपका शिखर आपका सम्मान
दिनांक 29 सितंबर 2024 को सम्मानित करने जा रहा है
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र उन प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सम्मानित करने जा रहा है जिन्होंने कड़ी मेहनत करके कला - सांस्कृतिक, स्वयं सहायता समूह एनजीओ, प्रसिद्ध उद्यमी एवं खेल प्रतियोगिता के क्षेत्र में सर्वोच्च स्थान हासिल किया है।
आज ही रजिस्ट्रेशन करवाएं
संपर्क सूत्र : 88945-21702, 98168-75517
Plot No.8, Phase-II, Ind. Area
Nagrota Bagwan, Distt. Kangra (H.P.)
Email: anantgyaanmedia@gmail.com
www.anantgyaan.in
follow us on
अनंत ज्ञान
आपका अखबार... आपके लिए
BEST CABS
BEST RECOGNITION PVT LTD
लूण Lunn
DHAKER FOUNDATION
ARNI UNIVERSITY bringing ambition to life
SSGI Since : 1996
SRI SAI GROUP OF INSTITUTES Transforming Dreams into Reality
Yogita AGRO SERVICE Mob. 7986969842, 9015936779
MOTHERKRAFT HOSPITAL Crafting Women's Health At Every Step
JEE/NEET/NDA HIM ACADEMY HAMIRPUR (H.P.) Ph.: 01972-222648, 9816021400
KULLU CONVENT SCHOOL (KULLU)
SATYAM COLLEGE OF NURSING LANJOT SHAHPUR
PANCHSHEEL HOSPITAL SKIN & ORTHOPAEDIC CENTRE NAGROTA BAGWAN
SHANTI NIKETAN COLLEGE OF EDUCATION HAMIRPUR (H.P.)
Shivambu INTERNATIONAL
BDM
INDUS INTERNATIONAL UNIVERSITY
LAUREL PUBLIC SEN. SEC. SCHOOL Gandhinagar, Distt. Kullu
KAUSHAL ROLLER FLOUR MILL PVT. LTD. PLOT-3, IND AREA TAHLIWAL, DISTT. UNA

## न्यूज ब्रीफ

### नड्डा की भाषा शैली खेदजनक : सांख्यान



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस के मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को दिए गए जवाब में जिस भाषा शैली का प्रयोग किया है वह खेदजनक है। उन्होंने कहा कि यह पहली दफा नहीं है कि भाजपा जिस भाषा शैली का उपयोग करके अपनी विचारधारा को फैला कर समाज में जहर घोलती है उसके दूरगामी परिणाम देश की राजनीति के लिए ठीक नहीं हो सकते। सांख्यान ने भाजपा और उनके गठबंधन के दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि नेता विपक्ष श्री राहुल गांधी के खिलाफ जिस हिंसक भाषा का प्रयोग किया है, वह भविष्य के लिए घातक है और ऐसी ही घृणा फैलाने वाली शक्तियों के चलते ही देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, इंदिरा गांधी, और राजीव गांधी की शहादत हुई थी। भाजपा सत्ता में बैठकर अपने नेताओं के बयानों पर रोक लगाने या अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की अपेक्षा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जो जबाब कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को जिस भाषा में लिख कर दिया है वह गैर-जिम्मेदाराना है। उन्होंने कहा कि यदि सत्ता में बैठी सत्तारूढ़ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जिस भाषा शैली का उपयोग विपक्ष के शीर्ष नेताओं के साथ पत्राचार करने के लिए कर रहे तो देश की आम जनता पर उसका असर क्या होगा और वही भाषा शैली भाजपा के कार्यकर्ताओं को किस दिशा की तरफ लेकर जाएगी यह खुद ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तय कर लें। संदीप सांख्यान ने प्रश्न खड़े करते हुए कहा कि खड़गे जी द्वारा देश के प्रधानमंत्री को पत्र लिखा था तो उसका जवाब देकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने यह साबित किया है कि माननीय नड्डा जी के पास प्रधानमंत्री का गुणगान करने के अलावा कोई रास्ता बचा नहीं है।

### सोनिया, राहुल और प्रियंका को मिले एसपीजी सुरक्षा : राठौर



**अनंत ज्ञान, शिमला।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता व ठियोग के विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर भाजपा के अलगाववादी बयानबाजी पर चिंता व्यक्त करते हुए राहुल गांधी व उनके परिवार सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी की एसपीजी सुरक्षा बहाल करने की मांग केंद्र से की है। उन्होंने कहा है कि 2019 में अकारण ही, बदले की भावना से उनकी यह सुरक्षा हटा दी गई थी। राठौर ने वीरवार को एक पत्रकार वार्ता में रवनीत सिंह बिट्टू के बयान की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि आज जिस प्रकार से वह राहुल गांधी व उनके परिवार के खिलाफ अपमानजनक भाषा का प्रयोग कर रहे हैं, उससे साफ है कि उनके और भाजपा के बीच कोई डील हुई है। उन्होंने कहा कि बिट्टू अपना चुनाव हारने के बाद भी उन्हें भाजपा ने अपने केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया है। उन्होंने कहा कि जब बिट्टू कांग्रेस में थे तो भाजपा को पानी पी पी कर कोसते थे आज जब वह भाजपा में शामिल हो गए हैं तो वह कांग्रेस और गांधी परिवार को कोसने में लगें हैं। राठौर ने बिट्टू पर जुबानी हमला करते हुए कहा कि जिसे वह आंतकवादी कह रहे हैं उसके परिवार ने आंतकवाद का सबसे बड़ा दंश झेला है। उन्होंने अपनी दादी इंदिरा गांधी व पिता राहुल गांधी को खोया है। उन्होंने उनसे पूछा कि वह बताएं कि भाजपा सांसद कंगना रनौत के किसान आंदोलन पर दिए गए उनके बयान जिसमें उन्होंने किसानों को आंतकवादी व बलात्कारी कहा है उस पर उनका क्या स्टैंड है। उन्होंने कहा कि बिट्टू को साफ करना चाहिए कि वह किसानों के साथ है या कंगना के साथ। उन्होंने कहा कि बिट्टू कभी भी किसी के हितेषी नही हो सकते। उन्होंने राहुल गांधी का ही नहीं बल्कि अपने स्वर्गीय दादा बेअंत सिंह का भी अपमान किया है जो कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व तत्कालीन पंजाब के मुख्यमंत्री थे।

# नेरवा में 'गरजी' करणी सेना

## बाजार में लहराए झंडे, हिंदू जागरण मंच के नेता पर केस दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के शिमला की संजौली मस्जिद से जुड़ा विवाद रह-रह कर उठ रहा है। अब इस मामले में शिमला के नेरवा में करणी सेना ने प्रदर्शन किया है। इस दौरान करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने नेरवा बाजार में रैली निकाली और विरोध में नारेबाजी की। करीब 2 घंटे तक करणी सेना के समर्थकों ने बाजार में जुलूस निकाला और जोरदार नारेबाजी की। वहीं, पुलिस की तरफ से भी सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए थे।

जानकारी के अनुसार, संजौली मस्जिद में अवैध निर्माण के विरोध में शिमला से 100 किमी नेरवा में करणी सेना गुरवार को प्रदर्शन का ऐलान किया था। इस दौरान बड़ी संख्या में करणी सेना और हिंदू जागरण मंच के नेता और समर्थक नेरवा पहुंचे। संजौली मस्जिद मामले में प्रदर्शन के चलते हिंदू जागरण मंच के नेता कमल गौतम पर केस दर्ज किया गया है और ऐसे में वह भी नेरवा पहुंचे थे।



शिमला के नेरवा में करणी सेना प्रदर्शन के दौरान झंडे लहराती व नारेबाजी करती हुई।

प्रदर्शन के दौरान कमल गौतम ने कहा कि संजौली में बड़ा प्रदर्शन हुआ था और एक मांग की थी कि ये जो अवैध रूप से प्रवासी आ रहे हैं, उन पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अवैध ढांचों पर भी कार्रवाई की जाएगी, लेकिन प्रदेश सरकार ने हमारे बुजुर्ग, महिलाओं के अलावा, युवाओं पर लाठियां भांजी हैं। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार की तरफ से भांजी गई लाठियां, सरकार के ताबूत पर अंतिम कील होगी। साथ ही हिंदू समाज पूरी तरह से जवाब देंगे. कमल गौतम ने कहा कि हिंदू होने के नाते हम सब का अपनी देव भूमि के लिए कर्तव्य बनता है। यह नेरवा और चौपाल की कहानी नहीं है और अवैध घसपैठिया हर जगह घुस आए हैं।

# राहुल गांधी के बयान को लेकर खड़गे और नड्डा में 'लैटर वॉर'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**भाजपाध्यक्ष बोले-पीएम मोदी को कांग्रेस ने दी 110 गालियां**

राहुल गांधी के बयान को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा में 'लैटर वॉर' शुरू हो गया है। पिछले दिनों कांग्रेस चीफ ने केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के द्वारा राहुल गांधी को आतंकी कहे जाने पर पीएम मोदी के नाम पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की थी। इसी के जवाब में जेपी नड्डा ने अब खड़गे के नाम पत्र लिखा है।

भाजपा मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने बताया कि जेपी नड्डा ने मल्लिकार्जुन खड़गे को संबोधित करते हुए लिखा कि बड़े दुख की बात है कि देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी अब अपने नामदार युवराज के दबाव में 'कॉपी और पेस्ट' वाली पार्टी बन कर रह गई है। राजनीतिक लोलुपता की पराकाष्ठा करते हुए अब राहुल गांधी वाले दुर्विकार कांग्रेस पार्टी भी अंगीकार करने लगी है और विडंबना यह भी कि वह उससे ही अपने आपको अलंकृत भी महसूस करने लगी।

उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस एंड कंपनी के नेताओं ने पिछले 10 साल में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 110 से ज्यादा गालियां दी हैं और दुर्भाग्य की बात यह भी है कि इसमें कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व भी शामिल है। तब क्यों राजनीतिक शुचिता, मर्यादा, अनुशासन, शिष्टाचार जैसे शब्द आपकी और कांग्रेस की डिक्शनरी से गायब हो जाते हैं? एक तरफ आप राजनीतिक शुचिता की दुहाई दे रहे हैं, लेकिन दूसरी ओर आपकी पार्टी और आपके नेताओं का इतिहास ही राजनीतिक शुचिता की धज्जियां उड़ाने का रहा है। वहीं इसी बारे भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश डोगरा ने छोटा शिमला थाने में राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निवेदन पत्र दिया।

# दिल्ली पहुंचे मुस्लिम समुदाय के लोगों ने वेणुगोपाल से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के शिमला में मस्जिद विवाद के बाद पूरे प्रदेश में हिंदू संगठनों द्वारा धरना प्रदर्शन किए जा रहे है। प्रदेश भर में मस्जिदों के बाहर नारेबाजी की जा रही है जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया है। वहीं, इसको लेकर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष इकबाल मोहमद की अगुवाई में एक मुस्लिम समुदाय का प्रतिनिधिमंडल दिल्ली पहुंचा जिसमें कई मस्जिदों के इमाम भी शामिल थे।

प्रतिनिधिमंडल ने कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद इमरान प्रतापगढ़ी से मुलाकात की और उन्हें प्रदेश की स्थिति से अवगत करवाया ओर कहा कि हिमाचल में खास कर एक समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है। आए दिन मस्जिदों के बाहर प्रदर्शन किए जा रहे है जिससे मुस्लिम समुदाय में डर का माहौल बनाया जा रहा है और माहौल खराब करने की कोशिश की जा रही है। वहीं, इमरान प्रतापगढ़ी प्रतिनिधिमंडल को कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल के पास लेकर पहुंचा और हिमाचल में एक समुदाय के खिलाफ हो रही घटनाओं को रोकने की अपील की। केसी वेणु गोपाल ने वहीं से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से फोन पर बात की और इन घटनाओं को रोकने के निर्देश दिए। वेणुगोपाल ने आश्वासन दिया कि कांग्रेस पार्टी आपसी सौहार्द के लिए प्रतिबद्ध है और राहुल गांधी के मुहब्बत के नारे के साथ न्याय करने के लिए पुरजोर कोशिश कर रही है।



दिल्ली में केसी वेणुगोपाल के मुलाकात करते मुस्लिम समुदाय के लोग।

# मैक्लोडगंज में महिला होटल कर्मी पर कुक ने चाकू से किया हमला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पुलिस थाना मैक्लोडगंज के अंतर्गत एक होटल कर्मचारी द्वारा होटल की ही महिला कर्मी पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़िता का उपचार राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में चल रहा है, वहीं पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार मैक्लोडगंज स्थित एक होटल में कुक के तौर पर काम करने वाले गौरव निवासी बिहार ने होटल में ही काम करने वाली अरुणाचल निवासी 18 वर्षीय युवती पर चाकू से हमला कर दिया। होटल में ही काम करने वाली पीड़िता की चचेरी बहन की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। घायल युवती अरुणाचल निवासी व्यक्ति को जनरल अस्पताल धर्मशाला में आरंभिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज टांडा रेफर कर दिया गया। शिकायत के अनुसार जोगिबाड़ा रोड मैक्लोडगंज स्थित एक होटल में काम करने वाली युवती पर बुधवार रात करीब 10.30 बजे गौरव कुमार ने चाकू से गले पर हमला कर दिया।

शिकायत के अनुसार होटल के कर्मियों ने आरोपी को पकड़ कर युवती को बचाया। शिकायत के आधार पर पुलिस थाना मैक्लोडगंज में आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 118, (आई) तथा 109 के तहत दर्ज किया गया है। उधर, मामले की पुष्टि करते हुए कार्यकारी थाना प्रभारी एएसआई विनोद शर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर पुलिस कारवाई कर रही है।

# मेलों के धार्मिक एवं सामाजिक महत्व को बनाए रखना हम सभी का दायित्व: रोहित ठाकुर

**अनंत ज्ञान, सोलन/अर्की**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में मनाए जाने वाले मेलों, उत्सवों और त्यौहारों के माध्यम से हमारी समृद्ध संस्कृति और परम्पराएं भावी पीढ़ी तक पहुंचती हैं और हम सभी को मेलों के धार्मिक एवं सामाजिक महत्व को बनाए रखना चाहिए। रोहित ठाकुर गत सायं अर्की उपमंडल के ऐतिहासिक राज्य स्तरीय सायरोत्सव-2024 की अंतिम सांस्कृतिक संध्या के समापन समारोह को मुख्यातिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।



सायर उत्सव के समापन पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर लोगों को सम्मानित करते हुए।

रोहित ठाकुर ने कहा कि हिमाचल की देव संस्कृति पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान रखती है। उन्होंने कहा कि हमारी देव संस्कृति हमारी आस्था और परम्परा का संगम है और यह सुनिश्चित बनाया जा रहा है कि देव संस्कृति की परंपरा को सहेज कर रखा जाए। उन्होंने कहा कि समय के साथ मेलों एवं उत्सवों के आयोजन के स्वरूप में बदलाव हुआ है किंतु प्रदेश में परंपराओं और संस्कृति को अक्षुण्ण रखा जा रहा है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सायरोत्सव अत्यंत प्राचीन है। यह संतोष का विषय है कि सायर उत्सव की भव्यता और विशिष्टता को बरकरार रखा गया है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अपनी संस्कृति और परंपराओं को याद रखें और युवा पीढ़ी को इनसे अवगत करवाएं। उन्होंने कहा कि इतिहास की जानकारी और सीख बेहतर भविष्य का निर्माण करती है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश का समग्र विकास सुनिश्चित बनाने के लिए प्रदेश सरकार नवीन योजनाओं के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कठिन वित्तीय स्थिति के साथ भी संतुलित विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को उनके घर-द्वार के समीप गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करना राज्य सरकार का लक्ष्य है। यह प्रयास किया जा रहा है कि प्रदेश में शिक्षा के स्तर को श्रेष्ठतम बनाया जाए। विद्यालयों का युक्तिकरण इसी दिशा में एक प्रयास है ताकि छात्र-अध्यापक अनुपात बेहतर हो और उचित संसाधनों का समुचित दोहन हो सके। उन्होंने कहा कि लगभग 7000 पदों के लंबित परीक्षा परिणाम सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण कर निकाले जा रहे हैं तथा 6200 से अधिक पद भरने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि अध्यापकों के बैच वाइज पद रिकॉर्ड संख्या में भरे गए हैं तथा अन्य पद भरने की प्रक्रिया भी जारी है। उन्होंने सभी को सायरोत्सव की बधाई देते हुए आशा जताई कि यह उत्सव भविष्य में पुरातन और आधुनिक संस्कृति का संगम बनेगा। इस अवसर पर राज्य स्तरीय सायरोत्सव की स्मारिका का विमोचन किया। उन्होंने बेबी शो तथा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित भी किया।

# मोबाइल टावरों के सामान चोरी करने वाले गिरोह के 3 और सदस्य गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा पुलिस द्वारा जिला में अलग-अलग दो स्थानों में मोबाइल टावरों से संबंधित सामान की चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बता दें कि एक मई 2024 को पुलिस थाना सदर चंबा में एक शिकायत दर्ज करवाई गई थी कोटी के पास कुठार में स्थापित एयरटेल कंपनी के टावर से आरआरयू चोरी हो गए हैं। शिकायत प्राप्त होते ही पुलिस ने इस मामले पर गंभीरता दिखाते हुए विशेष पुलिस दल का गठन किया गया तथा इस मामले से जुड़ी सभी कड़ियों को जोड़ते हुए बीते कल तीन व्यक्तियों धर्मेंद्र कुमार, बचन सिंह, नरदेव सिंह को सामान सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इन तीनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना सदर में भारतीय दंड संहिता की धारा 379 411 34 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है, तो वहीं, दूसरे मामले में 11 सितंबर को पुलिस चौकी सिंहुता में एक शिकायत दर्ज करवाई गई की बनेट में स्थापित एयरटेल कंपनी के टावर से आरआरयू चोरी हो गए है। पुलिस बनने जांच प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए जब स्थानीय कबाड़ियों एवं शक के आधार पर लोगों से पूछताछ की तो तीन युवकों से इस मामले के तार जुड़े के उपाय गए पुलिस में तुरंत कार्रवाई करते हुए तीनों युवकों को काबू कर चोरी हुआ सामान भी बरामद कर लिया गया। तीनों आरोपियों की पहचान शिव कुमार, पवन कुमार, विनोद सिंह तीनों आरोपी जिला कांगड़ा से संबंध रखने वाले बताए जा रहे हैं। इन दोनों मामलों की पुष्टि पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव द्वारा की गई है।



### हिमाचल सीएम पर भाजपा नेता रणधीर का पलटवार, बोले-

# सर्वदलीय बैठक के एक सप्ताह बाद भी नहीं बनाई कमेटी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में भाजपा के मीडिया प्रभारी एवं विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि राज्य में रोजी-रोटी कमाकर कुछ लोग सरकारी जमीन पर बने अवैध भवनों व मस्जिदों में रह रहे हैं। ऐसे लोग असामाजिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं, जिसके कारण समाज में तनाव पैदा हो रहा है। इससे समाज को आंदोलन करने की स्थिति में आना पड़ा।



रणधीर शर्मा ने मुख्यमंत्री सुक्खू पर हमला बोलते हुए कहा कि मस्जिद विवाद से उपजे हालात के बाद प्रदेशभर में लोग आंदोलन कर रहे हैं। इस स्थिति को संभालने के लिए सीएम ने बीते 13 सितंबर को सर्वदलीय मीटिंग बुलाई। मीटिंग के बाद सीएम ने एक स्टेटमेंट दी और कहा कि यह सहमति बनी कि बाहरी राज्यों से आ रहे लोगों की पहचान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में दोनों दलों के विधायकों वाली समिति का गठन करना था जो कि नहीं किया गया।

विवाद के निपटाने को एक कमेटी बनाई जाएगी। दूसरी कमेटी (स्ट्रीट वेंडर पॉलिसी के लिए) बनाने के लिए विधानसभा अध्यक्ष से बात करेंगे। मगर एक सप्ताह बीतने को आ गया है, लेकिन अभी तक कमेटी का गठन नहीं किया गया। इससे पता चलता है कि इतने गंभीर मसले को लेकर मुख्यमंत्री कितने गंभीर हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भी वामपंथियों की तरह ऐसे प्रवासी लोगों को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सर्वदलीय मीटिंग के बाद अब तक एक भी कदम इस गंभीर मसले को सुलझाने के लिए नहीं उठाया है। जन आंदोलन करने वाले लोगों को एक हफ्ते बाद भी केस दर्ज हो रहे हैं। पत्रकारों को भी नोटिस भेजे जा रहे हैं।

रणधीर शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को नसीहत देने के बजाय राहुल गांधी को देश विरोधी बयान नहीं देने की सलाह देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी में अनुशासन नाम की चीज नहीं है, उसके द्वारा यह कहना सही नहीं है। रणधीर शर्मा ने मुख्यमंत्री के केंद्र सरकार के पास 23 हजार करोड़ रुपए पेंडिंग होने और प्रदेश से भेदभाव करने के बयान पर भी पलटवार किया।

# कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध : डॉ. शांडिल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. शांडिल वीरवार को सोलन विधानसभा क्षेत्र के कंडाघाट तहसील की ग्राम पंचायत क्वारग के टिक्करी में दिव्यांगजन के लिए निर्मित होने वाले उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र के लिए चयनित निर्माण स्थल का निरीक्षण कर रहे थे।



टिक्करी में निर्मित होने वाले दिव्यांगजन उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र का निरीक्षण करते स्वास्थ्य मंत्री।

डॉ. शांडिल ने कहा कि उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र में 0-27 वर्ष की आयु के दिव्यांगजनों के लिए आवासीय सुविधाएं, खेल मैदान तथा सभी अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन पात्र दिव्यांगजनों के लिए रहने की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी, उन्हें रहने के लिए किराए के लिए आर्थिक सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र में लगभग 300 दिव्यांग विद्यार्थी सहित सामान्य विद्यार्थी भी शिक्षा ग्रहण कर पाएंगे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के संवदेनशील नेतृत्व में कमजोर वर्गों के लिए विभिन्न योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सत्ता संभालते ही बेसहारा बच्चों के लिए सुखाश्रय योजना आरंभ करने की घोषणा की। इस योजना के तहत 27 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक बेसहारा बच्चों को 4000 रुपए मासिक वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर आशीष सिंघमार, सिद्धार्थ आचार्य, रवि भट्टी आदि उपस्थित थे।

**हमला** | हिमाचल के लोग न कांग्रेस आलाकमान का खटाखट भूले हैं न ही पहली कैबिनेट का वादा

# चुनाव के समय झूठ बोलने वाले चुपचाप आते और चले जाते: जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के बड़े नेता विधानसभा और लोक सभा चुनाव के दौरान बड़ी बड़ी बातें कर रहे थे। विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के जो नेता नुक्कड़ सभाओं में जा-जाकर बड़ी-बड़ी बातें करते थे। लोगों को झूठ बोलकर बरगलाते थे, कसमें खाकर गारंटियां देते थे, वही नेता अब हिमाचल आते हैं और चुप चाप चले जाते हैं।

हिमाचल के लोगों से मिलना तो दूर वह लोग अपने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और सरकार में बैठे लोगों से भी मिलने की जहमत नहीं उठाते हैं। कांग्रेस के नेताओं द्वारा बोला गया झूठ सिर्फ हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को सत्ता में लाना था जो अब पूरा हो चुका है। इसीलिए चुनाव के समय बड़ी बड़ी बातें करने वाले कांग्रेस के नेता हिमाचल आते हैं, वादियों की सैर करते हैं और चुपचाप निकल जाते हैं। उन्हें याद भी नहीं रहता है कि हिमाचल के लोगों से उन्होंने कुछ वादे भी किए थे। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेता बड़ी-बड़ी बातें करते थे। कहीं खटाखट और फटाफट स्कीम देने का वादा करते थे तो कहीं पर पहली कैबिनेट में नौकरियों का पिटारा खोलने का, प्रदेश की 22 लाख से ज्यादा महिलाओं को सम्मान निधि देने का वादा करते थे।



**दस गारंटियों के नाम पर प्रदेशवासियों को ठगने वाले अब नेताओं से भी नहीं मिल रहे**

प्रदेश के लोग कांग्रेस के नेताओं द्वारा किए गए न वादों को भूले हैं और न ही पहली कैबिनेट बैठक में लेने वाले फैसलों की फेहरिस्त को। लगता है कि कांग्रेस के बड़े नेता यह भूल गए हैं कि उन्होंने प्रदेश के कई ऐतिहासिक मैदानों से, गलियों से नुक्कड़ के मंचों से खड़े होकर माइक लेकर जोर-जोर से कई वादे किए थे। जिन पर भरोसा करके हिमाचल के लोगों ने उन्हें भारी जनमत दिया था।

जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के बड़े नेताओं पर ही भरोसा करके हिमाचल के लोगों ने कांग्रेस को अपना समर्थन दिया था लेकिन सत्ता पाने के बाद से ही कांग्रेस के आला नेताओं द्वारा हिमाचल सरकार से जनता के मुद्दों पर मुंह मोड़ लिया गया। आम लोगों के प्रति सरकार की कोई भी जवाबदेही नहीं निर्धारित की गई। हिमाचल की जो हालत की गई है वह देश भर में किसी से भी छुपी नहीं है। आने वाले समय में हिमाचल प्रदेश सहित देश के लोग कांग्रेस को माफ नहीं करेंगे। कांग्रेस ने जो झूठ हिमाचल में बोला था उसकी कीमत उसे देश के बाकी हिस्सों में चुकानी पड़ेगी। कांग्रेस लोगों का भरोसा खो चुकी है।

### चुनाव में जो वादे किए गए थे क्या है उनका स्टेट्स?

**कांग्रेस** के बड़े नेता जब भी हिमाचल आते हैं तो आम जनता से मिलना दूर की बात है हिमाचल कांग्रेस और सरकार के नेताओं से मिलकर भी नहीं पूछते हैं कि जो चुनाव में वादे किए गए थे उनका स्टेट्स क्या है? 22 लाख महिलाओं को अब तक सम्मान निधि क्यों नहीं मिली। दो साल में दो लाख युवाओं को रोज़गार क्यों नहीं मिला। स्टार्टअप योजना क्यों नहीं लागू की गई? दो रुपए किलोग्राम के हिसाब से गोबर क्यों नहीं खरीदा गया? किसानों से गाय के दूध 80 रुपए और भैंस का दूध 100 रूपए क्यों नहीं खरीदा गया। आपदा प्रभावितों को अब तक राहत का पैसा क्यों नहीं मिला?

## न्यूज ब्रीफ

### गढ़ जमूला स्कूल में हुआ युवा संसद कार्यक्रम



**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ जमूला में गत दिवस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ स्कूल के उपप्रधानाचार्य सुनील कुमार ने किया। इस कार्यक्रम में लगभग 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें समाज तथा देश की समस्याओं को युवा सदन में उठाते हुए दिखाया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों को बताया गया कि किस प्रकार सदन में विपक्ष मौजूदा सरकार को तानाशाह बनने से रोकता है। इस कार्यक्रम का आयोजन करने में विद्यालय के उपप्रधानाचार्य व सभी अध्यापकों का विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम के निर्माण में राजनीतिक शास्त्र की प्रवक्ता रेणु जम्वाल तथा हिंदी की प्रवक्ता उषा राणा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### पिआउ के उद्घाटन पर गुलेरिया ने उठाया सवाल



**अनंत ज्ञान, जवाली।** भाजपा नेता संजय गुलेरिया ने भी इस पिआउ के उद्घाटन करने को लेकर मंत्री चंद्र कुमार को आड़े हाथों लिया। संजय गुलेरिया ने कहा कि मंत्री द्वारा एक पिआउ का उद्घाटन करना ही अपने आप में एक सवाल है। उन्होंने कहा कि मंत्री को मंत्री स्तर के उद्घाटन करने चाहिए तथा जवाली में बड़ी योजनाएं लाकर उनका काम पूरा करवाकर उनका उद्घाटन करें। उन्होंने कहा कि मंत्री चंद्र कुमार भाजपा राज में निर्मित पांच करोड़ रुपए की गौ सेंक्चुरी खबल का संचालन नहीं करवा पा रहे हैं। डेढ़ करोड़ी ऑक्सीजन जेनेरेटर प्लांट जवाली को चालू नहीं करवा पा रहे हैं। सिविल अस्पताल जवाली में रेडियोग्राफर की नियुक्ति नहीं करवा पा रहे हैं।

### रक्कड़ में जांचा 120 मरीजों का स्वास्थ्य



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रक्कड़ में आयुष्मान आरोग्य के सौजन्य से एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एवं पूर्व कर्मचारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष ठाकुर सुरेंद्र मनकोटिया द्वारा किया गया। मनकोटिया ने कहा कि प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार द्वारा घर-द्वार स्वस्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाना और हर परिवार को इसकी सुविधा उपलब्ध हों सके। इस स्वास्थ्य शिविर में देहरा व ज्वालामुखी स्वास्थ्य संस्थान के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उपस्थित रही। शिविर के दौरान रक्कड़ के नजदीकी गांवों के 120 के लगभग मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जांच शिविर के दौरान मरीजों को स्वास्थ्य मेले में दवाइयां निशुल्क दी गईं।

### शाहपुर-क्यारी मार्ग 30 तक आंशिक तौर से बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** शाहपुर उपमंडल के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शाहपुर से खुशीनगर चौक तक सड़क के मरम्मत कार्य के चलते शाहपुर-क्यारी मार्ग का यह हिस्सा 30 सितंबर तक हर प्रकार के यातायात के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगा। इस दौरान गाड़ियों की आवाजाही के लिए शाहपुर हरनेरा मार्ग का उपयोग किया जाएगा। जिलाधीश कांगड़ा हेमराज बैरवा ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए इस बाबत अधिसूचना जारी कर दी है।

# पालमपुर के विकास को 600 करोड़ रुपए से मिलेगी रफ्तार: आशीष बुटेल

## सीपीएस ने पालमपुर पुस्तकालय के नवीनीकरण कार्य का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पालमपुर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास योजनाओं पर लगभग 600 करोड़ से अधिक की राशि व्यय की जाएगी। यह जानकारी मुख्य संसदीय सचिव शहरी विकास एवं शिक्षा आशीष बुटेल ने 11 लाख रुपए की लागत से नगर निगम पुस्तकालय के नवीनीकरण कार्य का लोकार्पण करने के उपरांत लोगों को संबोधित करते हुए दी।

उन्होंने कहा कि पालमपुर का देश-प्रदेश में अपना विशेष स्थान है और शहरों की गिनती में भी पालमपुर पहले पायदान पर पहुंचे इस दिशा में प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पालमपुर निगम क्षेत्र में बेहतर जन सुविधाओं के लिये योजना बनाकर कार्य करने की जरूरत है। इस अवसर पर नगर निगम के महापौर गोपाल नाग, उप महापौर राज कुमार, समस्त पार्षद, ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष त्रिलोक चंद, समाज सेवी डॉ. राम सूद, ओंकार राणा, सुरेंद्र सूद, डॉक्टर मदन दीक्षित, अजीत बाघला, राधा सूद, निगम आयुक्त आशीष शर्मा सहित निगम एवं अन्य विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी और लोग उपस्थित रहे।

### पार्किंग की समस्या होगी खत्म



बुटेल ने कहा कि पालमपुर में पार्किंग की समस्या का स्थायी समाधान किया जा रहा है उन्होंने कहा कि पुरानी सब्जी मंडी तथा नए बस अड्डे के पास 1000 गाड़ियों के लिए पार्किंग का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पालमपुर शहर के सौंदर्यीकरण, दो पार्किंग की सुविधा और पुराने बस अड्डे के समीप पर्यटन सेंटर बनाने के लिये 50 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त राधा कृष्ण मंदिर के पास पार्किंग निर्माण का टेंडर प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि सिविल अस्पताल पालमपुर के पीछे भी 100 गाड़ियों की पार्किंग की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है और यह पार्किंग धर्मशाला बाई पास तथा पालमपुर मुख्य सड़क से दोनों ओर से जुड़ेगी। सीपीएस ने नगर निगम को शहर के शौचालय के रेनोवेशन तथा नए शौचालय निर्माण के लिए स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिया, ताकि लोगों विशेष कर महिलाओं को सुविधा उपलब्ध हो सके।

### डेढ़ करोड़ से बन रही बड़ी लाइब्रेरी

**सीपीएस** ने कहा कि पालमपुर में पुस्तकालय की मांग बड़ी पुरानी रही है। वर्तमान पुस्तकालय छोटा होने के कारण छात्रों की मांग की बड़े पुस्तकालय रही है। उन्होंने कहा कि पालमपुर में डेढ़ करोड़ से बड़ी डिजिटल लाइब्रेरी बनाई जा रही है, जो राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय से जुड़ेगी। इसमें 500 छात्रों को बैठने की सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि पालमपुर पुलिस स्टेशन से निहंग टीका को जोड़ने के लिए सड़क का निर्माण किया जाएगा, ताकि इस क्षेत्र के लोगों को सुविधा उपलब्ध हो सके।

### 135 करोड़ से बनेगी पेयजल तथा सीवरेज सुविधा

**बुटेल** ने कहा कि पालमपुर नगर निगम में शामिल पंचायतों आईमा, लोहना, बंदला, घुग्घर, विंद्रावन, चौकी और खलेट के लिए 135 करोड़ की लागत से मल निकासी एवं पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी और यह कार्य मार्च 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

### प्रेस क्लब पालमपुर को साढ़े 3 लाख

**बुटेल** ने कहा कि गांधी ग्राउंड पालमपुर के सौंदर्यीकरण एवं सुधार कार्य के लिए 10 लाख, प्रेस क्लब पालमपुर के भवन के रेनोवेशन के लिए साढ़े 3 लाख रुपए देने की घोषणा की।

### बैजनाथ के ग्रामीण क्षेत्रों को बहुत जल्द पक्की सड़कों से जोड़ा जाएगा : किशोरी लाल



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** हिमाचल प्रदेश सरकार में मुख्य संसदीय सचिव एवं विधायक किशोरी लाल ने कहा कि पिछले तीस वर्षों से बैजनाथ के कुछ गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ने की मांग हो रही थी। सड़क सुविधा न होने की वजह से निचले क्षेत्रों में पलयान कर गए थे। किशोरी लाल ने कहा कि इस सड़क की मांग को स्थानीय जनता ने चुनावों के समय में उठाया था, जिसको लेकर मैंने स्थानीय जनता को आश्वासत किया था कि सरकार बनते ही इस सड़क का निर्माण करवाया जाएगा। इसके साथ उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह का आभार प्रकट करते हुए कहा कि बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र की अन्य सड़कों को भी बहुत जल्द मंजूरी मिलेगी, जिसके लिए लगातार प्रयासरत हूं। किशोरी लाल ने कहा कि बहुत जल्द इस सड़क निर्माण के कार्य को लेकर टेंडर प्रकिया अमल में लाई जाएगी। बैजनाथ के ग्रामीण क्षेत्रों को भी बहुत जल्द पक्की सड़के बनाकर जोड़ा जाएगा।

### झरेट में दुकान से 6 बोतल देसी शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेड़ूमहादेव की ग्राम पंचायत झरेट में 18 सितंबर बुधवार को अशोक कुमार निवासी लोअर भंगाली डाकघर झरेट तहसील धीरा जिला कांगड़ा (हि.प्र.) की दुकान से 6 बोतल देसी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में अभियोग जेर धारा 39 (1)-ए हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम में पंजीकृत पुलिस थाना भवारना किया गया है।

### थुरल स्कूल की 12 छात्राएं राज्य स्तरीय हॉकी स्पर्धा में लेंगी भाग



**राकेश डोगरा, डरोह**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थुरल की अंडर -14 छात्राओं ने एक बार फिर अपने स्कूल तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्कूल की 12 छात्राएं अब राज्य स्तरीय हॉकी स्पर्धा में हिस्सा लेंगी, जो कि 6 से 9 अक्तूबर तक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुन्नी में आयोजित होंगी। बुधवार को स्कूल में इन लड़कियों को सम्मानित किया गया, जिसमें विद्यालय का समस्त अध्यापक वर्ग उपस्थित रहा। विद्यालय की पीईटी शगुन डोगरा ने बताया कि इन छात्राओं ने जिला स्तरीय हॉकी स्पर्धा में फाइनल मुकाबले में जीएवीपीएस कांगड़ा को 5-0 से हराया था। चयनित छात्राओं में अर्चना, कंगना, आशु, यशवी, अंशु, नव्या, गुलाल, नेहा, मुस्कान, खुशी, एलिशा तथा दिया शामिल हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनुपम बाला ने सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी है। (अनंत ज्ञान)

### सीएसयू में कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में इन दिनों हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं चल रही हैं। बुधवार को इस उपलक्ष्य में स्व-रचित कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें व्याकरण विभाग के अध्यक्ष डॉ.श्रीनाथधर द्विवेदी, ज्योतिष विभाग के सहायकाचार्य डॉ.शैलेश तिवारी व साहित्य के सहायकाचार्य कवि पंकज निर्णायक रहे। कार्यक्रम में इन निर्णायकों ने नारी सशक्तिकरण विषय पर अपने अपने विचार व्यक्त किये। वहीं, व्याकरण के सहायकाचार्य डॉ.महात्मा वीणापाणि ने स्वरचित कविता प्रस्तुत की।

### 16 पंचायतों में बांटे 20700 फलदार पौधे

#### 300 किसानों को लीची, नींबू, माल्टा, आम, अमरूद और लसोड़ा के पौधे किए वितरित



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

संजीवनी विकास एवं जन कल्याण समिति द्वारा द हंस फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से चलाए जा रही परियोजना पर्वतीय ग्रामीण क्षेत्रों में सतत बागवानी का विकास कार्यक्रम के तहत नगरोटा बगवां और भवारना विकास खंड की 16 ग्राम पंचायतों में 20700 फलदारा पौधों का वितरण किया गया। इसके अंतर्गत 300 किसानों को विभिन्न प्रकार के 6 फल पौधों का वितरण किया गया। इन पौधों में लीची, नींबू, माल्टा, आम, अमरूद और लसोड़ा शामिल हैं।

फल पौधों के वितरण के साथ ही, सभी किसानों को सतत बागवानी विकास तकनीक पर एक प्रशिक्षण भी दिया गया, जिसका उद्देश्य किसानों को उन्नत बागवानी तकनीकों और पर्यावरण के अनुकूल फलों की खेती के तरीकों से अवगत कराना था। इस परियोजना के तहत गत वर्ष भी 324 किसानों को आम, लीची, अमरूद, नींबू ,माल्टा, सेब, प्लम, खुमानी आदि फलों के पौधों का वितरण किया जा चुका है। वितरण में परियोजना टीम से जुड़े सभी सदस्यों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

इस दौरान परियोजना समन्वयक देवेंद्र सिंह, विषय वस्तु विशेषज्ञ चित्र मणी एवं सभी सीआरपी करन, रक्षा देवी, शिल्पा देवी, नीतू चौधरी उपस्थित रहे।




# बालों में तेल लगाने का सही तरीका



**शहनाज हुसैन**
*अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौंदर्य विशेषज्ञ हैं और हर्बल क्वीन के रूप में लोकप्रिय हैं।*

समाज में दो तरह के लोग देखे जाते हैं- एक वे जो हर वक्त सिर में तेल लगाए रखते हैं और दूसरे वे जो सिर में कभी भी तेल नहीं लगाते चाहे कुछ भी हो जाए। ये दोनों चीजें ही खराब हैं। बालों में तेल लगाना एक पुरानी परंपरा है। दक्षिण-एशियाई और अफ्रीकी देशों में यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। महर्षि चरक ने पहली शताब्दी में चरक संहिता में बालों को तेल लगाने का विवरण दिया है। चरक संहिता में बालों को तेल लगाने को दिनचर्या का हिस्सा बताया गया है। बालों को हर सुबह तेल लगाने या दो-तीन दिन में एक बार बालों को तेल लगाने की हिदायत दी गई है। आयुर्वेदिक में बालों की चम्पी और तेल मालिश की परंपरा को बालों की सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि बालों में तेल लगाने से बाल घने और मजबूत होते हैं। आयुर्वेद में नारियल और तिल का तेल बालों के लिए लाभदायक माना जाता है। विभिन्न देशों के लोग अपने एरिया में उगने वाले तेलों का उपयोग करते हैं, जोकि उनकी भौगोलिक परिस्थितिओं के अनुरूप उपयुक्त माना जाता है। मिस्र के लोग अपने बालों को पोषण देने के लिए बादाम और अरंडी के तेल का इस्तेमाल करते थे, मोरक्को के लोग आर्गन और दक्षिण अफ्रीकी लोग मारुला का इस्तेमाल करते हैं। बालों को तेल लगाने के फायदों के बारे में अधिकतर लोग जानते हैं, लेकिन बालों में तेल को सही तरीके से लगाने और सही समय पर लगाने के बारे में अनेक भ्रांतिया मौजूद हैं, जिनकी वजह से लोग गलत तरीक से बालों पर तेल लगाते हैं और उन्हें फायदे की बजाय नुकसान झेलना पड़ सकता है। बालों में सही तरीके से तेल लगाने से बालों की कई समस्याएं आसानी से दूर होती हैं। तेल बालों को पोषण देकर उन्हे झड़ने से रोकता है और ड्राइनेस की समस्या को दूर करने में मदद करता हैं। हफ्ते में एक या दो बार तेल से बालों की मसाज अवश्य करनी चाहिए।





### क्या कहता है आयुर्वेद

**आयुर्वेद** के अनुसार आपको बालों में नहाने से पहले तेल लगाना चाहिए। बालों को मजबूत बनाने के लिए हफ्ते में दो बार गुनगुने तेल से बालों की मसाज करनी चाहिए। अधिकांश लोग शैम्पू करने के बाद बालों में तेल लगाते हैं, जिसकी वजह से उनके बालों में धूल मिट्टी जम जाती है और बाल टूटने लगते हैं। सामान्यत बालों को शैम्पू करने से दो तीन घंटा पहले तेल लगाना चाहिए, ताकि तेल बालों की जड़ों तक पहुंच जाए। अगर आप सुबह जल्दी नहाते हैं तो आप बालों में रात को तेल लगा कर सो सकते हो। ऐसा करने से पूरी रात बालों को तेल का पोषण मिलता है। साथ ही साथ सिर की त्वचा भी नरम और स्वस्थ बनी रहती है।

### ऐसे लगाएं बालों में तेल

**बालों** में तेल लगाने के लिए सबसे पहले तेल को हल्का गुनगुना करें। जब तेल थोड़ा ठंडा हो जाए तो बालों को दो हिस्सों में बांटकर तेल से अंगुलियों की मदद से हल्के-हल्के स्कैल्प और बालों की मसाज करें। अब एक तौलिये को गर्म पानी में भिगोकर निचोड़ लीजिए और तौलिये को पगड़ी की तरह 15 मिनट तक सिर पर बांध लें। इससे स्कैल्प के रोम छिद्र खुल जाते हैं। तेल लगाने के दो तीन घंटे बाद आप बालों को धो सकते हैं। अगर आपने रात को तेल लगाया है तो आप सुबह उठते ही बालों को धो सकते हैं, लेकिन अगर आपने बालों पर कोई ट्रीटमेंट कराया हैं, तो हेयर एक्सपर्ट से बात करके ही बालों में तेल लगाएं। बालों में इस तरह तेल लगाने से बाल मजबूत होने के साथ चमकदार भी बनेंगे और झड़ने से भी बचेंगे।

# आइब्रो घनी करने के लिए इस्तेमाल करें ये चीजें



हर कोई यह चाहता है कि वो हमेशा खूबसूरत और स्टाइलिश दिखे। किसी के भी खूबसूरत दिखने में उसकी आंखों का काफी अहम रोल होता है। वैसे तो आंखों को प्यारा दिखने के लिए किसी चीज की जरूरत नहीं, लेकिन अगर आपकी आइब्रो पतली है तो इससे आपका लुक खराब हो सकता है। खासतौर पर हर महिला ये चाहती है कि आज के समय में उसकी आइब्रो घनी, काली और खूबसूरत हों। आइब्रो को सही शेप देने के लिए महिलाएं बार-बार थ्रेडिंग कराती हैं। कई बार इसकी वजह से ही आइब्रो की ग्रोथ अपने आप ही कम होने लगती है। बहुत सी महिलाओं के तो बचपन से ही आइब्रो की ग्रोथ कम होती है। अगर आप भी उन्हीं महिलाओं में से है, जो इस परेशानी से जूझ रहीं हैं तो ये लेख आपके लिए है। यहां हम आपको घरेलू नुस्खे अपनाकर आइब्रो की ग्रोथ सही करने के लिए टिप्स देंगे।

**आंवला का तेलः** आंवला का तेल या आंवला का पेस्ट बनाकर आप इसे आईब्रो पर लगा सकते हैं। लगाने के 20-30 मिनट बाद चेहरे को धो लें। आंवला में विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो बालों की ग्रोथ में सहायक होते हैं।

**प्याज का रसः** आइब्रो की ग्रोथ में प्यार का रस आपकी मदद कर सकता है। दरअसल, प्याज के रस में सल्फर होता है, जो बालों के फॉलिकल्स को पुनर्जीवित करता है इसके इस्तेमाल के लिए आपको प्याज का रस निकालकर आईब्रो पर लगाना है और 10-15 मिनट बाद धो लेना है।

**कैस्टर ऑयलः अगर** आपके घर में कैस्टर आयल या अरंडी का तेल उपलब्ध है तो आप इसका इस्तेमाल करके आइब्रो की ग्रोथ बढ़ा सकते हैं। इसके लिए बस रोजाना रात में सोने से पहले अरंडी का तेल आईब्रो पर लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करें। इसे रात भर लगा रहने दें और सुबह धो लें। इसमें में प्रोटीन, फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो आईब्रो की ग्रोथ में मदद कर सकते हैं।

**नारियल का तेलः**
**आइब्रो** की ग्रोथ सही करने का ये एक सबसे आसान और आसान तरीका है। इसके लिए आपको बस एक कॉटन में नारियल तेल लेकर उसे सही तरह से आईब्रो पर लगाना है और इसे रातभर के लिए छोड़ देना है। इससे भी आइब्रो की ग्रोथ सही से होने लगती है।



# खिल उठेगा आपका चेहरा और रंग हो जाएगा गोरा

## किचन में रखा चावल का आटा लाएगा आपके चेहरे में निखार



**इसमें** कोई दो राय नहीं है कि हम अपने चेहरे जो कुछ भी लगाते हैं वो रंग को साफ करने और निखार लाने के लिए करते हैं। ऐसे में अगर हम कहें कि आपके किचन में ही एक ऐसी चीज रखी हुई है जो न सिर्फ फेस पर निखार लाने का काम करेगी, बल्कि दाग-धब्बों को साफ कर स्किन को सॉफ्ट बनाने में भी मदद करेगी। जी हां ऐसी एक चीज है और वो है हम सभी के घर में रखा चावल का आटा। चावल का आटा न सिर्फ खाने के काम आता है, बल्कि इसके अनगिनत फायदों के लिए इसे ब्यूटी रूटीन में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इसकी नेचुरल प्रॉपर्टी त्वचा को पोषण देने और उसे स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। आइए जानते हैं कि चेहरे पर चावल का आटा लगाने से क्या होता है और आप इसे चेहरे पर कैसे इस्तेमाल कर सकते हैं। चावल का आटा कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है जैसे विटामिन बी, ई और मिनर्लस। ये पोषक तत्व त्वचा को स्वस्थ, जमा हुई गंदगी को साफ करने और हेल्दी बनाए रखने में मदद करते हैं। साथ ही ये हमारी स्किन त्वचा पर एक प्रोटेक्टिव लेयर बनाता है जो स्किन से धूल-मिट्टी और प्रदूषण से बचाने में मदद करता है। आइए जानते हैं राइस फ्लोर फेस पैक बनाने का तरीका।

### ऐसे बनाएं फेस पैक

| | |
|---|---|
| चावल का आटा | 2 चम्मच |
| शहद | 2 चम्मच |
| दही | 2 चम्मच |
| पानी | जरूरत अनुसार |



## न्यूज ब्रीफ

### बिजली बोर्ड कर्मचारियों ने मांगों पर की चर्चा



**अनंत ज्ञान, देहरा।** हिमाचल प्रदेश इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड कर्मचारी यूनियन की यूनिट इकाई की बैठक परागपुर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता यूनिट प्रधान शशि डोगरा ने की। बैठक में यूनियन के राज्य प्रधान कामेश्वर शर्मा, राज्य उप महासचिव मनेश कुमार व राज्य संयुक्त सचिव पंकज शर्मा, राज्य उपाध्यक्ष विनोद कुमार, प्रैस सचिव नितीश कुमार विशेष रूप उपस्थित रहे। यूनिट देहरा ने फैसला लिया है कि प्रबंधक वर्ग व राज्य सरकार से संबंधित मांगों पर जन जागरण अभियान पूरे प्रदेश में चलाया गया, उसका पूर्ण रूप से समर्थन करते हैं। जब भी देहरा में जनजागरण अभियान की बैठक करने हेतु राज्य कार्यकारिणी जो आदेश देगी यूनिट सफलतापूर्वक अमल करेगी। बैठक में स्थानीय मांगों पर चर्चा करते हुए बताया कि देहरा मंडल में कार्यरत कर्मचारियों की पिछले वर्षों से लगातार आवासीय परिषर व कार्यालय परिषर के मरम्मत के लिए जो वित्तीय राशि बोर्ड प्रबंधन द्वारा आवंटित की जाती है, उस राशि का सही उपयोग नहीं हो पा रहा है। कार्यालयों में शौचालयों की दयनीय स्थिति बनी हुई है व विद्युत मंडल देहरा में कार्यरत पात्र कर्मचारियों की कन्वर्मेशन लंबे समय से लंबित पड़ी है, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। बैठक में अन्य मांगों को भी पूरा करने की मांग की।

### मेले हमारी प्राचीन संस्कृति की पहचान : बिक्रम



**अनंत ज्ञान, गरली।** धरोहर गांव गरली स्थित जय बाबा पहाड़िया दंगल कमेटी द्वारा बांका राम कॉम्प्लेक्स में आयोजित जिला स्तरीय मैदान दा मेला देश तथा विदेश से आए नामी पहलवानों की कुश्तियों के साथ संपन्न हो गया। इस बार भारत केसरी यानी फगवाड़ा के पहलवान प्रीतपाल ने जीत कर इतिहास रचा है। दंगल में बतौर चीफ गेस्ट पूर्व उद्योग मंत्री बिक्रम सिंह ठाकुर ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि मेले हमारी प्राचीन संस्कृति की पहचान है। इससे न केवल मनुष्य का भाईचारा बढ़ता है, अपितु एक सौहार्दपूर्ण वातावरण लोगों में देखने को मिलता है। जानकारी देते हुए मेला कमेटी प्रधान धर्मवीर ने बताया कि 90 हजार रुपए की छोटी माली में राजू पहलवान विजेता रहा। वहीं, एक लाख 51 हजार रुपए की बड़ी माली के लिए भारत केसरी यानी फगवाड़ा के नामी पहलवान प्रीतपाल ने मध्य प्रदेश के आदर्श को हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया।

### कांगड़ा किले में चलाया स्वच्छता अभियान



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** लडभड़ोल महाविद्यालय के छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण के दौरान कांगड़ा किला परिसर में पुरातत्व विभाग के सहयोग स्वच्छता अभियान चलाया। विद्यार्थियों ने अपने तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के दौरान कांगड़ा के ऐतिहासिक किला परिसर में पुरातत्व विभाग के सहयोग से स्वच्छता अभियान का सफलतापूर्वक संचालन किया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण के पहले दिन सबसे पहले कांगड़ा के प्रसिद्ध मंदिर में माता ब्रजेश्वरी के दर्शन किए, तत्पश्चात उन्होंने कांगड़ा के ऐतिहासिक किले में पुरातत्व विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर किला परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया। इस मौके पर शैक्षणिक भ्रमण के संयोजक प्रो. संजीव कुमार तथा पुरातत्व विभाग के अधिकारियों ने विद्यार्थियों तथा मौजूद लोगों को स्वच्छता के महत्व के संदर्भ में संबोधित किया।

### अमन भल्ला कोटली में मनाया इंजीनियर्स-डे



**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** अमन भल्ला इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कोटली, पठानकोट में इंजीनियर्स-डे बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इसका शुभारंभ संस्थान के प्रेजिडेंट रमन भल्ला, चेयरपर्सन अनु भल्ला, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. पूजा ओहरी, प्रिंसिपल डॉ. रजत अरोड़ा और प्रिंसिपल गौरव सैनी ने किया। इसमें संस्थान के एप्लाइड साइंस, कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन, सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्र एवं छात्राओं द्वारा बनाए गए मॉडल एवं प्रोजेक्ट्स को प्रदर्शित किया गया। इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स के प्रतिभा को बाहर लाने और अपने विचारों को मन से बाजार तक लाने के लिए पहल की है। कॉलेज के छात्रों ने मिलकर कार्यशाला में लगभग 30 से अधिक जीवंत एवं ज्ञानवर्धक मॉडल की प्रदर्शनी कर अपने ज्ञान का अद्भुत परिचय दिया।

### डीसी ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त हेमराज बैरवा की अध्यक्षता में जिला कांगड़ा की सभी 15 विधानसभाओं में नए मतदान केंद्र बनाने और पुराने मतदान केंद्रों के भवनों में बदलाव करने के संबंध में प्राप्त प्रस्तावों पर चर्चा के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक आज यहां आयोजित की गई। बैठक में इन प्रस्तावों को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को मंजूरी के लिए भेजे जाने पर चर्चा की गई। यह प्रस्ताव जिला कांगड़ा के सहायक निर्वाचन अधिकारियों (एसडीएम) द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जिला निर्वाचन अधिकारी को भेजे गए थे। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के नियमों के अनुसार 1500 से अधिक मतदाता की संख्या होने पर ही वहां नया मतदान केन्द्र खोला जा सकता है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने जो भी सुझाव दिए हैं उन पर भी गौर किया जाएगा।

### कांग्रेस की अब हरियाणा में झूठी गारंटियां : चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने कांग्रेस पर तीखा जुबानी हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने एक बार फिर अपने झूठे आचरण का परिचय हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को मैनिफेस्टो जारी कर के दिया। हरियाणा में हिमाचल प्रदेश की तर्ज पर कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र में सात झूठे वादे कर दिए और चुनावी मैनिफेस्टो को हरियाणा व पूरे देश की प्रबुद्ध जनता के समक्ष मीडिया के माध्यम से जारी किया, जबकि पहले से ही हिमाचल में इन्हीं झूठी गारंटियों का बोरिया-बिस्तर पैक हो चुका है और अब सरकार हर दिन आर्थिक हालातों का रोना रोते रहती है। विश्व चक्षु ने कहा कि हरियाणा में किए सात झूठे वादों में पहला झूठ हर महीने महिलाओं को दो हजार रुपए देने का वादा है।

### धर्मशाला में की आरबीएसके कार्यक्रम की समीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा वीरवार को जोनल अस्पताल के मीटिंग हॉल में आरबीएसके (राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम) की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी ने की। इस समीक्षा बैठक में आरबीएसके के अंतर्गत आंगनबाड़ी व स्कूल स्तर पर 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों की एमएच टीमों द्वारा की जा रही जांच सुविधाओं बारे विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश सूद, कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनुराधा, डॉ. चारू व एमएचटी का स्टाफ उपस्थित रहा। सीएमओ ने बताया कि आरबीएसके बच्चों के जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार लाने और समुदाय के सभी बच्चों को व्यापक देखभाल प्रदान करने का एक कार्यक्रम है। आरबीएसके एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका लक्ष्य जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए 4 डी अर्थात जन्म के समय दोष, कमी, रोग, विकलांगता सहित विकास में देरी को कवर करने के लिए प्रारंभिक पहचान और प्रारंभिक हस्तक्षेप करना है।

### आभूषण चोरी मामले में पुलिस की घुमारवीं में दबिश

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** अर्की थाना के तहत ढलोग गांव में करीब दो माह पहले हुई लाखों रुपए के आभूषण चोरी के मामले में अर्की पुलिस ने घुमारवी में दविश दी। यहां पर सुनार की दुकान करने वाले व्यापारी से देर शाम तक पूछताछ की गई। अर्की पुलिस अपने साथ चोरी के एक आरोपी को भी लाई थी, जिसकी शिनाख्त के आधार पर पुलिस सुनयार की दुकान तक पहुंच पाई। चोरी हुए आभूषण घुमारवीं में बेचे जाने की बात पर अर्की पुलिस ने यहां पर दविश दी है।

# पंचायत ने सुधारी मटौर पुल की हालत

## पुल के दोनों ओर लगाई जाली, लाइटें भी लगाईं, बस स्टॉप पर कूलर लगाकर लोगों को दी सुविधा

**आशीष दमीर, कांगड़ा**



मटौर पुल पर घुरकड़ी पंचायत की ओर से लगाई गई जाली।

पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मटौर पुल जोकि नेशनल हाइवे का एकमात्र ऐसा पुल है, जो प्रदेश के सभी जगहों को आने-जाने वाले रास्तों को जोड़ता है। कई सरकारें आई तथा चली गई, लेकिन इसके एक छोर से लेकर दूसरे छोर तक हिस्सा पूरी तरह से टूट चुका था। हालांकि इस बाबत लोगों ने कई बार प्रशासन को अवगत करवा चुके थे परंतु प्रशासन ने इस और अपनी आंखें मूंद रखी थी।

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस बाबत कई बार स्थानीय विधायक को भी इस स्थिति से अवगत करवाया गया, परंतु सिवाए आश्वासनों के कुछ नहीं मिला। प्रशासन की इस बेरुखी के चलते इस कार्य को घुरकड़ी पंचायत ने स्वयं करवाने का निर्णय लिया। मटौर बस स्टॉप से लेकर मटौर पुल तक पूरी तरह से बड़े-बड़े एंगल तथा ऊपर जाली लगाकर इसे ठीक करवाया गया। पुल का जो हिस्सा खतरा बना हुआ था, उसे भी ठीक करवाकर जाली से कवर कर दिया गया है।

इतना ही नहीं, घुरकड़ी पंचायत बस स्टॉप के दूसरे छोर को भी ठीक करवाकर उसे भी जाली से कवर करने का कार्य युद्ध स्तर पर करवा रही है।

दूसरी ओर इस सारे हिस्से पर सोलर लाइटें भी लगाई गई हैं, जिससे कि रात में भी चलने वाले राहगीरों को कोई भी परेशानी नहीं होगी। सुरक्षा की दृष्टि से बस स्टॉप से लेकर पुल के अंतिम छोर तक जालियों के ऊपर तीसरी आंख यानी सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं, जो यहां होने वाली गतिविधियों पर अपनी नजर रखेगा। बस स्टॉप पर यात्रियों की सुविधा के लिए कूलर भी लगाया गया है, जो लोगों को ठंडा व गरम पेयजल उपलब्ध करवा रहा है। स्थानीय लोगों ने इस कार्य के लिए घुरकड़ी पंचायत की पीठ थपथपाई है।

पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार घुरकड़ी पंचायत अब यहां एक गेस्ट हाउस का निर्माण भी करवाएगी। ये सारे कार्य ग्राम पंचायत घुरकड़ी द्वारा अपने स्तर पर करवाए जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### पंचायत ने किया सराहनीय कार्य : बीडीओ

**बीडीओ** कांगड़ा राजेश कुमार का कहना है कि ग्राम पंचायत घुरकड़ी ने पुल के दोनों तरफ जाली लगाने का जो कार्य किया है, वह अनुकरणीय व सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पहले यहां से जो लोग गुजरते थे, वे अपने वाहनों से घर का कूड़ा-कचरा व गंदगी सीधे खड्ड में फेंका करते थे। लोगों को ऐसा करने से रोकने के उपमंडलाधिकारी कांगड़ा की अगुवाई में स्वयं खंड विकास अधिकारी कांगड़ा, ग्राम पंचायत घुरकड़ी के प्रधान अनिल दमीर व कर्मचारियों के साथ-साथ महिला मंडल स्कूल के एनएसएस स्वयंसेवी व वेस्ट वैमर संस्था आगे आई। वहीं, पंचायत के प्रधान अनिल दमीर ने एक कदम और आगे बढ़ाते हुए सड़क की दोनों तरफ जाली लगाने का फैसला किया। इसके लिए विकास खंड कांगड़ा व पंचायत समिति कांगड़ा ने 3 लाख रुपए की राशि का सहयोग दिया। बाकी की राशि का प्रबंध प्रधान अनिल दमीर ने स्वयं किया था। अब उस जगह का नक्शा ही बदल गया है, जो पहले कूड़े-कचरे से भरी रहती थी।

## हैप्पी बर्थडे



शिवांश धीमान को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



नगरोटा बगवां के अशोक कुमार को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



योल कैंट के दीप धीमान को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## इच्छी में महिला मंडलों ने एयरपोर्ट विस्तार के खिलाफ खोला मोर्चा



एयरपोर्ट विस्तार के विरुद्ध नारेबाजी करतीं चार महिला मंडलों की महिलाएं।

**अनंत ज्ञान, गगल**

इच्छी में जमानाबाद रोड के पास बने प्राचीन शिव शंकर भोलेनाथ के मंदिर में वीरवार को गांव के चार महिला मंडलों ने एयरपोर्ट विस्तार के मामले में फिर से मोर्चा खोल दिया है। सभी महिलाओं का एक ही कहना है कि इस एयरपोर्ट विस्तार के खिलाफ उन्हें कोई भी कुर्बानी देना पड़ेगी तो वे तैयार हैं, लेकिन यहां एयरपोर्ट का विस्तार नहीं होना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि ये नेता चुनावों के दिनों सैकड़ों वादे कर जाते हैं। जब जीत जाते हैं तो हमें उजाड़ने पर उतर आते हैं। महिला मंडलों के अनुसार आज नौबत यह आ गई है कि बच्चों की शादियां भी न होने के कगार पर आ गई हैं। महिला मंडल के प्रधान सुनीता देवी ने कहा है कि अब हर हफ्ते इच्छी में शिव मंदिर में एयरपोर्ट के विरुद्ध बैठक होगी। उन्होंने कहा है कि शिव शंकर भोलेनाथ के मंदिर में हम सभी महिला मंडल सदस्य प्रण लेती हैं कि अगर एयरपोर्ट का विस्तार हुआ तो हम आत्मदाह करने के लिए भी मजबूर हो जाएंगे।

## परिवार पंजीकरण 30 तक नहीं कराया तो लगेगा जुर्माना

**धर्मशाला।** नगर निगम के आयुक्त जफर इकबाल ने कहा कि धर्मशाला नगर निगम के तहत 30 सितंबर तक परिवार रजिस्टर सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। धर्मशाला के सभी परिवारों को ऑनलाइन पंजीकरण करवाना अत्यंत जरूरी है। अगर तीस सितंबर तक परिवार का पंजीकरण ऑनलाइन नहीं हुआ तो उक्त परिवार ऑनलाइन सुविधा से वंचित रह जाएगा तथा जुर्माना भी भरना पड़ेगा। नगर निगम के आयुक्त ने कहा कि जिस तरीके से जमाबंदी तथा चरित्र प्रमाण पत्र की सुविधा आनलाइन उपलब्ध है उसी तरह से परिवार रजिस्टर की नकल भी आनलाइन ही मिलेगी। आयुक्त नगर निगम जफर इकबाल ने बताया कि वार्ड 1 से 17 में रहने वाले लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने परिवार की रजिस्ट्रेशन के लिए अपने वार्ड पार्षद अथवा गठित टीम के इंचार्ज आकाश चौधरी से उनके मोबाइल नंबर 9805843438 पर संपर्क कर सकते हैं।

## टांडा में सुरक्षा कर्मियों ने वरिष्ठ नागरिक से किया अभद्र व्यवहार

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े स्वास्थ्य संस्थान में वीरवार को एक सीनियर सिटीजन के साथ सुरक्षा कर्मियों द्वारा धक्का-मुक्की व अभद्र व्यवहार करने का मामला सामने आया है। जानकारी देते हुए घुरकड़ी निवासी प्रदीप कुमार ने बताया कि वीरवार को वह अपना आल्ट्रसाउंड करवाने के लिए पहुंचे थे। वहां पर ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मी द्वारा उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया और उनके साथ धक्का-मुक्की भी गई। पीड़ित ने इसकी शिकायत टांडा मेडिकल कॉलेज के स्वास्थ्य अधीक्षक से करनी चाही, मगर वह आज छुट्टी पर थे, तो उन्होंने इसकी शिकायत स्वास्थ्य अधीक्षक के पीए को लिखित में दी है। उन्होंने अपनी शिकायत में लिखा है कि जब इतने बड़े स्वास्थ्य संस्थान में सीनियर सिटीजन के साथ ही ऐसा व्यवहार होता है, तो आम लोगों के साथ क्या होता होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मी इस तरह की हरकतें करके संस्थान का नाम बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने मेडिकल कॉलेड टांडा प्रशासन से मांग की है कि ऐसे कर्मियों पर नकेल सकी जाए, जो लोगों के साथ धक्का-मुक्की और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। उनकी शिकायत पर तुरंत प्रभाव से संज्ञान लिया जाए, नहीं वह मामले को सीएम और अन्य आलाधिकारियों के समक्ष उठाएंगे। इस संदर्भ में पीए टू एमएस टांडा अमीर चंद का कहना है शिकायत पर तुरंत संज्ञान लिया गया है। जिस सुरक्षा कर्मचारी ने वरिष्ठ नागरिक के साथ अभद्र व्यवहार किया है, उसे चेतावनी दे दी गई है। भविष्य में ऐसा हुआ तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।



प्रदीप कुमार
शिकायतकर्ता

## आईटीआई दाड़ी में 54 युवाओं को मिली नौकरी

**धर्मशाला।** आईटीआई दाड़ी में वीरवार को होंडा कार इंडिया लिमिटेड की ओर से कैंपस साक्षात्कार लिया गया। इसमें 54 प्रशिक्षुओं का चयन विभिन्न पदों के लिए किया गया है। यह जानकारी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य राजेश पुरी ने देते हुए बताया कि साक्षात्कार में कुल 63 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया है तथा चयनित प्रशिक्षुओं को होंडा कार इंडिया लिमिटेड के एचआर सलाहाकार दीपक राजपूत ने नियुक्ति पत्र भी वितरित किए तथा चयनित उम्मीदवारों को होंडा कार इंडिया लिमिटेड राजस्थान उद्योग में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने के लिए कहा गया है। प्राचार्य राजेश पुरी ने कहा कि आईटीआई में कैंपस इंटरव्यू नियमित तौर पर आयोजित करवाने पर विशेष बल दिया जा रहा है, ताकि प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार पलब्ध हो सके।

## देवभूमि संघर्ष समिति ने कांगड़ा में प्रवासियों के खिलाफ निकाली रैली

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



देवभूमि संघर्ष समिति द्वारा कांगड़ा में प्रवासी लोगों व विशेष समुदाय की बढ़ती गतिविधियों के खिलाफ विशाल रैली निकाली गईं। कांगड़ा के नगर परिषद मैदान से निकली विशाल रैली मेन बाजार होती हुई मिनी सचिवालय पहुंची, जहां देवभूमि संघर्ष समिति के पदाधिकारी व सदस्यों ने एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। जिसमें उन्होंने मांग की है कि कांगड़ा में प्रवासियों पर कड़ी नजर रखें। वही पंजीकरण के साथ पिछला रिकॉर्ड भी जांचा जाए। वहीं जिन लोगो ने बाहरी राज्यो के लोगो को अपनी दुकानें या घर किराए पर दिए है उन्हें एग्रीमेंट देखे जाने के साथ दुकान या मकान मालिक को उन लोगो की जिम्मेदारी लेने की बात कही जाए।स्थानीय लोगों ने एक विशेष समुदाय के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और वक्फ बोर्ड को खत्म करने की मांग उठाई। वहीं रैली के दौरान देवभूमि संघर्ष समिति द्वारा लोगों को सतर्क व जागरूक रहने बारे इश्तहार भी बांटे गए जिसमें गांव में फेरी वालों व भीख इत्यादि मांगने वालों से सतर्क रहने, बच्चों को अपने धर्म संस्कृति सनातन संस्कृति की जानकारी देने बारे जागरूक किया गया। इस बीच किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस बल भी रैली के साथ रहा।

## वैज्ञानिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नूरपुर।** हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान शिमला ने नूरपुर वन मंडल के वन अधिकारी, कर्मचारियों एवं फील्ड स्टाफ को नर्सरी एवं प्लांटेशन में शीशम के प्रबंधन हेतु एकीकृत दृष्टिकोण पर वैज्ञानिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान केंद्र, जाच्छ में किया गया। प्रशिक्षण मुख्य रूप से शीशम को हानि पहुंचाने वाले रोगों और रोगजनकों के प्रबंधन एवं क्लोनल प्रोपेगेशन द्वारा शीशम की पौधशाला तैयार करने पर जागरूकता पैदा करने पर केंद्रित था। डॉ. अश्विनी तपवाल, वरिष्ठ वैज्ञानिक, शिमला ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल किए जाने वाले विषयों के बारे में जानकारी दी और संस्थान के शोध कार्यों पर प्रकाश डाला। डॉ. तपवाल ने बताया पेड़ पौधों पर बीमारी करने वाले कवक/फफूंद वन पारिस्थितिक तंत्र के लिए एक गंभीर खतरा हैं, जो पेड़ों की बड़े पैमाने पर मृत्यु और जैव विविधता संतुलन को अस्तव्यस्त करने का कारण बन सकते हैं। पेड़ों की संख्या को संरक्षित रखने और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए रोगजनक कवक का प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है।

## पठानकोट के 12 अस्पतालों में 'आयुष्मान' के तहत इलाज बंद



**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

प्राइवेट अस्पताल एंड नर्सिंग होम एसोसिएशन ने प्राइवेट अस्पतालों में आयुष्मान योजना के तहत इलाज न करने का जो फैसला लिया है, उससे पठानकोट के लोगों को खासा परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। पठानकोट के कुल 12 अस्पताल ऐसे हैं, जिन्होंने आयुष्मान कार्ड धारकों का उपचार करना बंद कर दिया है। वजह यह है कि पठानकोट के इन 12 अस्पतालों का करीब 25 करोड़ रुपए सरकार की तरफ बकाया रहता है जो अभी तक नहीं मिला। वीरवार को प्राइवेट अस्पताल में उपचार के लिए आए मरीजों को खाली हाथ लौटना पड़ा है, जो मरीजों के लिए बड़ी परेशानी खड़ी हो गई है। एसोसिएशन के सदस्य डॉ. पुनीत शर्मा व डॉ. विशाल गोयल ने कहा कि पिछले करीब 6 माह से प्राइवेट अस्पतालों प्रबंधकों को आयुष्मान की करोड़ों रुपए की बकाया ना मिलने से अस्पताल कर्ज में डूब गए है। कहा कि जो भी आयुष्मान कार्ड धारक मरीज आज प्राइवेट अस्पतालों में उपचार के लिए आ रहे हैं उनको सिविल अस्पताल पठानकोट रेफर कर दिया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### इन अस्पतालों में बंद हुई यह सुविधा

**पठानकोट** के नवचेतन अस्पताल, राज अस्पताल, मेक्स केयर, किडनी अस्पताला, पुरी अस्पताल, रंधावा अस्पताल, एसकेआर अस्पताल, वाइट मेडिकल कॉलेज, डॉ. अजय महाजन, आरोग्य अस्पताल व एक अन्य अस्पताल में आयुष्मान कार्ड धारक की सुविधा बंद कर दी गई है।

## राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के सुचारु कार्यान्वयन के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जोनल अस्पताल के मीटिंग हाल में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी ने कहा कि बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत के आंगनबाड़ी व स्कूल स्तर पर 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य जांच को लेकर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

इस दौरान मुख्यचिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश गुलेरी ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम बच्चों के जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार लाने और समुदाय के सभी बच्चों को व्यापक देखभाल प्रदान करने का एक कार्यक्रम है।

सीएमओ डॉ. गुलेरी ने कहा कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम को बेहतर ढंग से कार्यान्वित करने लिए आंगनबाड़ी केंद्रों व स्कूलों में बच्चों की स्वास्थ्य जांच के लक्ष्य को पूरा करने के लिए व्यापक योजना का प्रारूप तैयार करके किया जाना चाहिए जिससे प्रत्येक पात्र लाभार्थी इस कार्यक्रम का लाभ ले सके।

## आंगनबाड़ी वर्कर्स कल करेंगी प्रदर्शन

**बैजनाथ।** प्रदेश आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर यूनियन संबंधित सीटू यूनिट बैजनाथ ने पिछले कई महीनों से मिनी आंगनबाड़ी वर्कर्स को वेतन भुगतान की अदायगी करने में विफल रहने पर सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग की कड़ी आलोचना की है। यूनिट के अनुसार 21 सितंबर को केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ बैजनाथ में विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा तथा प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को एसडीएम बैजनाथ के माध्यम से ज्ञापन भी भेजा जाएगा।

## स्वस्थ शरीर और मन के लिए स्वस्थ आहार लेना बेहद जरूरी : अशोक शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



स्वस्थ शरीर और मन के लिए सबसे पहली जरूरत स्वस्थ आहार है, इसलिए अपने पोषण को लेकर सजगता हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। पोषण माह के तहत ग्राम पंचायत सराह में आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक शर्मा ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि कुपोषण और एनीमिया पर नियंत्रण पाने के लिए आज सबको संगठित रूप से प्रयास करने की आवश्यकता है। सरकार और सभी संबंधित विभाग तो अपना कार्य कर रहे हैं, परंतु साथ ही हमें परिवार के स्तर पर कुपोषण को लेकर जागरूक होने की जरूरत है। कुपोषण और एनीमिया हमारे परिवार के किसी सदस्य को प्रभावित न कर सके इसके लिए परिवार के हर सदस्य को अपनी जिम्मेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।इस दौरान प्रधान ग्राम पंचायत सराह दीपक चौधरी, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. ऋतिका शर्मा, सुपरवाइजर सहित रैत बाल विकास विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।


## NOTICE INVITING E-TENDER

NO.MCH/E-Tender/Vol-XII/2024-25 1955-64 Dated: 19.09.2024

**OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL HAMIRPUR DISTRICT-HAMIRPUR (H.P.)**

Executive Officer, Municipal Council, HAMIRPUR do hereby invites online bids on the website: https://hptenders.gov.in from the eligible contractors/firms for the works as mentioned below:-

| Sr. No. | Description | Tender Download Start Date | Tender Download End Date | Tender opening Date |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Publication of E-Tender, Download Tender Document & Online Bid Submission 7 No. of Civil works) | 21.09.2024 | 05.10.2024 till 10:00 AM | 07.10.2024 at 11:30 AM |

**General Instructions:-**

**1.** Detailed Notice Inviting Tender Document & other related documents, terms and conditions can be downloaded from the website for Himachal Government:- https//hptenders.gov.in or can be seen at any working day in the office of Municipal Council HAMIRPUR during working hours.

**Executive Officer**
**Municipal Council Hamirpur**

## न्यूज ब्रीफ

### हैप्स में व्यक्तिगत स्वच्छता पर किए जागरूक



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर में डॉ. सुदर्शन शर्मा सेवानिवृत्त सीएमओ ने छात्रों को बदलते मौसम के कारण होने वाले रोगों से बचने के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता व आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखने की विस्तृत जानकारी दी। डॉक्टर ने छात्रों को रोगों से बचने के लिए पौष्टिक आहार के साथ-साथ निरंतर व्यायाम करने की सलाह दी। जिज्ञासु छात्रों ने डॉक्टर से व्यक्तिगत स्वच्छता से संबंधित प्रश्न भी किए। प्राचार्य शशि बाला ने कार्यक्रम के दौरान अध्यापकों सहित अपनी उपस्थिति बनाए रखी।

### धनेटा कॉलेज में विशेष व्याख्यान का आयोजन



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा में प्राचार्य डॉ. ज्ञान चंद राणा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रोवर्स और रेंजर्स का एकदिवसीय शिविर एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें आमंत्रित वक्ता के रूप में राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर के डॉ. रत्नचंद शर्मा तथा डॉ. उत्तम कुमार शर्मा ने शिरकत की। प्राचार्य डॉ. ज्ञानचंद राणा ने इस विशेष शिविर तथा व्याख्यान के बारे में छात्रों को अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि समाज में आपकी पहचान आपके नाम से नहीं, बल्कि आपके कर्म से होनी चाहिए। डॉ. रतन चंद शर्मा प्रभारी रोवर्स और रेंजर्स, राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर ने अपने व्याख्यान में महाविद्यालय के छात्रों को रोवर्स और रेंजर्स की स्थापना, उसके सिद्धांत तथा उद्देश्य के बारे में बताया। डॉ. उत्तम कुमार शर्मा प्रभारी राष्ट्रीय सेवा योजना हमीरपुर ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य तथा उसके क्रियाकलापों के बारे में बताया तथा छात्रों से अपील की कि समाज के विकास में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। प्राचार्य डॉ. ज्ञानचंद राणा ने मुख्य वक्ताओं का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया।

### बड़ा स्कूल में तनाव प्रबंधन पर शिविर आयोजित



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** दुर्गा सिंह स्मारक सीसे विद्यालय बड़ा में बाल विकास परियोजना कार्यालय नादौन के सौजन्य से एक तनाव प्रबंधन शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों के लिए अपने अध्ययन में तनाव से कैसे बचें, के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्य अंजना कौंडल ने की। इस दौरान पर्यवेक्षिका हर्ष बाला तथा काउंसलर राजेंद्र कुमार ने छात्रों को तनाव प्रबंधन पर बताया कि विद्यार्थियों को किशोरवस्था में अपने करियर के चयन के लिए बड़े तनाव से गुजरना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपने करियर के चयन के लिए दृढ़ संकल्प एवं कड़ी मेहनत की जरूरत है। इस अवसर पर सुनीता अवरोल, शशि चौहान, किरण देवी, बीर सिंह, सुपिंद्र चौधरी तथा अन्य अध्यापक भी उपस्थित रहे।

### नादौन कॉलेज और श्री साईं विवि के बीच एमओयू साइन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** सिद्धार्थ राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नादौन और श्री साईं विश्वविद्यालय पालमपुर के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए हैं। इस समझौते के दस्तावेजों के लागू होने से छात्रों को शैक्षणिक, करियर संबंधी और रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। ये दस्तावेज 5 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर काम करेगा। इस दस्तावेज पर नादौन महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. अनिल कुमार गौत्तम और प्रो. वीपी पटियाल डीन साइंस सीओई श्री साईं विश्वविद्यालय पालमपुर ने हस्ताक्षर किए। नादौन महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. अनिल कुमार गौतम ने कहा कि इस दस्तावेज को महाविद्यालय के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के वाइस प्रिंसिपल प्रो. विक्रम सिंह, प्रो. कल्पना चड्ढा, डॉ. मंजू, डॉ. नीतिका, प्रो. भगवती प्रसाद शर्मा, प्रो. रवि कांत, प्रो. योगेश कोंडल, डॉ. यशपाल व डॉ. नवीन शर्मा उपस्थित रहे।

### कोट और मटाहणी स्कूल की छात्राएं की जागरूक



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोट और मटाहणी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत किशोरियों के लिए तनाव प्रबंधन शिविर आयोजित किए। इन शिविरों के दौरान पर्यवेक्षक एवं संरक्षण अधिकारी प्रदीप कुमार चौहान ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की जानकारी दी। मुख्य वक्ता के तौर पर मनोविज्ञानी डॉ. अनुपम कुमारी ने किशोरियों को तनाव क्या होता है, तनाव कितने प्रकार होते हैं और किस तरह के तनाव से कैसे निपटना है, के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। दोनों शिविरों में कुल मिलाकर लगभग किशोरियों को 150 किशोरियों को तनाव प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान कोट स्कूल के प्रधानाचार्य बलवंत सिंह और मटाहणी स्कूल के कार्यकारी प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार ने महिला एवं बाल विकास विभाग और संबंधित अधिकारियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक एवं संरक्षण अधिकारी राकेश कुमार शर्मा और शिक्षक भी उपस्थित रहे।

### पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन आज करेगी प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हमीरपुर इकाई की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 20 सितंबर को जिला मुख्यालय में मुख्यमंत्री को उपायुक्त हमीरपुर के माध्यम से मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद रोष रैली निकालने के बाद बाल स्कूल के सामने रेन शैल्टर में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला अध्यक्ष एसके कौंड़ा व महासचिव मनोहर लाल कानूनगो ने बताया कि पेंशनरों को आशा थी कि सरकार 15 सितंबर से तक जेसीसी का गठन करके वार्ता के लिए बुलाएगी और मांगों का कोई समाधान निकालेगी, परंतु व्यवस्था अब अव्यवस्था हो चुकी है क्योंकि अपनों के लिए सब कुछ है मगर परायों के लिए सरकार के पास कुछ भी नहीं है।

### एसडीएम ने बाहनवीं स्कूल के छात्रों को दी नसीहत



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** महिला एवं बाल विकास विभाग ने वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाहनवीं में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत तनाव प्रबंधन शिविर आयोजित किया, जिसमें एसडीएम संजय स्वरूप ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए एसडीएम ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस युग में विद्यार्थियों में उनके करियर को लेकर अक्सर असमंजस एवं तनाव की स्थिति पैदा हो जाती है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर जीवन में कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। शिविर के दौरान मनोचिकित्सक डॉ. अराधना ने विद्यार्थियों को किशोरावस्था की विभिन्न समस्याओं और विशेषकर, तनाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। प्रधानाचार्य प्रबोध ठाकुर ने उपस्थित सभी गणमान्यों का आभार जताया।

### नशे में घर में घुसने का महिला ने लगाया आरोप

**नादौन।** नादौन पुलिस थाना के अंतर्गत बसारल पंचायत के गांव टउ की कांता देवी पत्नी जोगिंद्र सिंह ने गांव के ही एक व्यक्ति व उसके साथियों पर घर में घुसने का आरोप लगाया है। पुलिस को की शिकायत में कांता देवी ने कहा कि रात को करीब 10 बजे अजय कुमार अपने तीन साथियों सहित नशे में धुत होकर घर के मेन गेट के बाहर गालियां निकालीं और घर में घुस कर उसे व उसकी बेटी को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

# चिकन शॉप व मीट विक्रेताओं को कमियां दूर करने के लिए दिया 15 दिन का अल्टीमेटम

## कमियां नहीं सुधरीं तो खाद्य सुरक्षा विभाग करेगा नियमानुसार कार्रवाई

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त अनिल शर्मा चिकन शॉप के मालिकों को जानकारी देते हुए (दाएं) उपस्थित मीट विक्रेता।

स्वास्थ्य सुरक्षा और विनियमन हमीरपुर के खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा हमीरपुर शहर के चिकन शॉप और मीट विक्रेताओं के साथ बैठक की। बैठक में उपस्थित चिकन शॉप व मीट विक्रेताओं को बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने इन दुकानों का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान कुछ दुकानों में कई प्रकार की कमियां पाई गई थीं। खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त अनिल शर्मा ने बताया कि बैठक में लगभग 30 चिकन शॉप और मीट विक्रेताओं को चिकन शॉप में पाई गई त्रुटियों को सुधारने के बारे में अल्टीमेटम दिया है।

उन्होंने यह भी बताया कि चिकन बेचने वाले हाईजीन और मीट की गुणवत्ता का ध्यान नहीं रख रहे हैं। अधिकतर दुकानों में सफाई नहीं है व दुकान में बदबू आती रहती है। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा और मानक विनियम के तहत यह गलत है। उन्होंने बताया कि इससे पहले यह कभी नहीं हुआ है, लेकिन अब चिकन शॉप वालों को नियमों के तहत ही दुकानदारी करनी होगी।

मुर्गों को आकार के अनुपात में छोटे पिंजरों में सामान्य से अधिक संख्या में रखा जाता है, जो कि खाद्य सुरक्षा विनियम 2011 के अनुसार गलत है, इसलिए मुर्गों को सही आकार के पिंजरों में एक सुरक्षित संख्या में ही रखें। इसके अलावा मुर्गों को काटने से पहले कई बार एक या दिन तक रखा जाता है, बहुत सी दुकानों में उनके लिए पानी या दाने की कोई व्यवस्था नहीं होती, जो कि गलत है। उन्होंने दुकानदारों को निर्देशित किया कि मुर्गों के लिए पानी और दाने की व्यवस्था करें। इसके अलावा मुर्गों को बाकी अन्य मुर्गों के सामने ही काटा जा रहा है, जो कि गलत है, इसलिए मुर्गे काटने का स्थान दूसरी जगह होना चाहिए और उचित परदे की व्यवस्था होनी चाहिए।

चिकन शॉप संचालक मेडिकली फिट होने चाहिए जिससे मीट या चिकन की गुणवत्ता बनी रहे। संचालकों को मुर्गों के पिंजरों को छाया वाले स्थान पर रखने के निर्देश भी दिए, क्योंकि काटे जाने वाले मुर्गे धूप में ही रखे होते हैं।

चिकन शॉप वाले अखबार में लपेट कर ही चिकन बेच रहे हैं जो कि स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, क्योंकि प्रिंटिंग की स्याही चिकन के साथ लग जाती है। इसलिए अब दुकानदार चिकन देने के लिए प्लेन पेपर का इस्तेमाल करेंगे। सहायक आयुक्त ने चिकन शॉप वालों को निर्देश दिए कि जो भी कमियां हैं, उन्हें 15 दिनों में सुधार लें, अन्यथा कोताही बरतने वाले दुकानदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# चमनेड़ पंचायत की पेयजल समस्या जल्द होगी दूर : डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा

**बोले- 2 लाख 20 हजार लीटर जल भंडारण क्षमता के दो टैंक होंगे तैयार**

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

ग्राम पंचायत चमनेड़ में डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने पेयजल स्त्रोतों का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने बताया कि जल्द ही चमनेड़ और आसपास के क्षेत्र की पीने के पानी की समस्या को दूर कर दिया जाएगा। इसके तहत चमनेड़ में दो बड़े पानी भंडारण के टैंक, जिसमें के एक 40000 लीटर का ओवरहेड टैंक वार्ड बडोल में व दूसरा 180000 लीटर का टैंक बनाया जाएगा। इससे न केवल ग्राम पंचायत चमनेड़ बल्कि साथ लगती लंबलू पंचायत और दूसरे क्षेत्र के लोगों को भी फायदा पहुंचेगा।

इस मौके पर डॉ. वर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का धन्यवाद किया कि बहुत ही कम समय में उन्होंने लोगों की इस पीने के पानी की समस्या को दूर करने के लिए इन जल भंडारण टैंकों को क्षेत्र के लिए निर्मित करने का फैसला लिया।

इस मौके पर ग्राम पंचायत प्रधान नीलम देवी, वार्ड पंच सतीश, पूर्व उपप्रधान प्रकाश चंद, ज्ञानचंद, करमचंद व विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। इसके अलावा अभी जिन टैंकों से लोगों को पानी सप्लाई किया जा रहा है, उनका भी निरीक्षण डॉ. वर्मा ने किया और जल भंडारण की सुविधाओं को देखा। इस मौके पर उन्होंने लोगों से भी अपील कि बरसात का मौसम चल रहा है, इसलिए पानी को उबाल कर ही पिएं क्योंकि बीमारियों का खतरा बना रहता है।



चमनेड़ में डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा पेयजल स्त्रोतों का निरीक्षण करते हुए।

### एनआईटी हमीरपुर के इनक्यूबेशन सेंटर में स्टार्टअप के लिए 5 अक्तूबर तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एनआईटी हमीरपुर में विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा प्रायोजित उत्तिष्ठति फाउंडेशन, आई-टीबीआई-एनआईटी हमीरपुर का इनक्यूबेशन सेंटर एआई, एआई मशीन एकीकरण के क्षेत्र में 10 लाख तक इग्निशन अनुदान के लिए स्टार्टअप करने के लिए तैयार है। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 5 अक्तूबर रखी गई है।

स्टार्टअप के लिए नवीकरणीय ऊर्जा (सौर और पवन ऊर्जा), पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण, पर्यावरण अनुकूल और भूकंप प्रतिरोधी निर्माण, स्मार्ट भवन, सड़कें, राजमार्ग, कस्बे, शहर, आपदा प्रबंधन तकनीक और उपकरण, ग्लेशियर आधारित नदी जल, कृषि उपकरण, तकनीक पहाड़ी क्षेत्रों के लिए, हिमालयी क्षेत्र के औषधीय, औषधीय रूप से दुर्लभ पौधों के मसालों का सांस्कृतिक प्रबंधन, आपूर्ति शृंखला, भंडारण और खाद्य, फल प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी आदि है। इसलिए अपनी स्टार्टअप योजना से जुड़कर और अपने विचार को प्रभावशाली समाधानों में परिष्कृत करें जो क्षेत्र और देश के भविष्य को आकार देते हैं।

# करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय की एनसीसी में 14 लड़के व 13 लड़कियां चयनित



एनसीसी में शामिल कैडेट्स के साथ उपस्थित गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में एनसीसी प्रथम वर्ष के कैडेट्स के लिए चयन प्रक्रिया का आयोजन किया गया। इसमें शारीरिक दक्षता परीक्षा के बाद लिखित परीक्षा कराई गई। विश्वविद्यालय की एनसीसी ऑफिसर डॉ. दीक्षा शर्मा ने बताया कि 27 सीटों को भरने के लिए चयन प्रक्रिया में 70 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

मिलिट्री ट्रेनिंग सेंटर के असिसटेंट डायरेक्टर कुंदन लाल ने बताया कि यह चयन प्रक्रिया 4 एच पी (1) कोर हमीरपुर के स्टाफ की देखरेख में की गई। इस चयन प्रक्रिया में छात्र-छात्राओं का शारीरिक फिटनेस टेस्ट, ऊंचाई, पुशअप, सिटअप, वजन आदि सब मापा गया। इसके अलावा विद्यार्थियों का मेडिकल भी किया गया। अंत में बच्चों की लिखित परीक्षा और साक्षात्कार लिया गया। इसमें 14 लड़के व 13 लड़कियों का चयन किया गया। उन्होंने बताया कि एनसीसी ज्वाइन करने से छात्रों में अनुशासन, नेतृत्व की क्षमता, और देशभक्ति की भावना विकसित करने का अवसर मिलता है।

### भोरंज में सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के साक्षात्कार 24 सितंबर को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड शाहतलाई, बिलासपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 100 पदों पर भर्ती के लिए 24 सितंबर को सुबह 11 बजे उपरोजगार कार्यालय भोरंज में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 19 वर्ष से 40 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवार भर्ती किए जाएंगे। दसवीं फेल या पास तथा इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवार, जिसकी लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर हो, इन पदों के लिए पात्र हैं। चयनित उम्मीदवारों को मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान किए जाएंगे तथा उन्हें 16,500 रुपए से लेकर 19,500 रुपए तक मासिक वेतन मिलेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने इच्छुक उम्मीदवारों से साक्षात्कार के लिए 24 सितंबर को सुबह 11 बजे उपरोजगार कार्यालय भोरंज में उपस्थित होने की अपील की है।

रविवार को छुट्टी वाले दिन नहीं चलती निजी व सरकारी बसें

### क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को सौंपी शिकायत रविवार को नहीं चलती सरकारी और निजी बसें

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** रविवार को छुट्टी वाले दिन निजी व सरकारी बसों के अपने-अपने रूटों पर न चलने की वजह से मुसाफिरों को काफी दिक्कतों का सामना करने पड़ता है। प्रभात सुधार सभा हमीरपुर के प्रधान प्रकाश चंद सेन ने इस बारे में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को एक लिखित शिकायत सौंपी है। उन्होंने बताया कि सरकारी कार्यालयों में छुट्टी होने और बाजार बंद होने की वजह से निजी बस ऑपरेटर बसें अपने रूट पर नहीं चलाते हैं, जिसकी वजह से यात्रियों को बस सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है। निजी बसों वाले टिकट के नाम पर पैसे तो ले लेते हैं, मगर टिकट नहीं देते हैं। उन्होंने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी से अनुरोध किया है कि यात्रियों की परेशानियों को देखते हुए रविवार वाले दिन सभी रूटों को सुचारु रूप से बहाल रखा जाए तथा निजी बसों के परिचालकों को यात्रियों को टिकट देना सुनिश्चित करवाएं।

# दीक्षा संस्कार एक नई यात्रा की शुरुआत : रांगड़ा

**संजीव चौहान, टौणी देवी**



टौणी देवी पाठशाला में स्काउट्स और गाइड्स का दीक्षा संस्कार समोराह आयोजित किया गया।

स्काउटिंग विश्व स्तर पर सबसे बड़ी यूनिफॉर्मधारी व्यक्तित्व विकास और सुशासन निर्माण की पाठशाला मानी जाती है और इसमें दीक्षा का दिन किसी भी बालक के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और प्रसन्नता दायक होता है।

इस अवसर को और ज्यादा यादगार बनाते हुए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में स्काउट्स और गाइड्स का दीक्षा संस्कार समारोह भव्य तरीके से आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम उन छात्रों के लिए बेहद महत्वपूर्ण था, जिन्होंने तीन माह की परिवीक्षा अवधि को सफलतापूर्वक पूर्ण किया और अब स्काउटिंग में औपचारिक रूप से प्रवेश लेने जा रहे हैं। समारोह के मुख्य अतिथि और स्कूल के प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने कार्यक्रम की शुरुआत स्काउट्स और गाइड्स के ध्वजारोहण से की। इसके बाद विद्यालय के स्काउट मास्टर सतीश राणा और गाइड कैप्टन कुसुम लता ने सभी नए स्काउट्स और गाइड्स को दीक्षा संस्कार की प्रक्रिया से परिचित कराते हुए सभी छात्रों को स्काउटिंग के सिद्धांतों और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में इसके महत्व पर बताया।

उन्होंने कहा कि स्काउट्स और गाइड्स में दीक्षा लेने वाले छात्र आने वाले समय में समाज के लिए एक प्रेरणादायक शक्ति के रूप में कार्य करेंगे। प्रधानाचार्य ने कहा कि यह दीक्षा संस्कार केवल एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह एक नई यात्रा की शुरुआत है, जिसमें ये बच्चे जिम्मेदार नागरिक बनकर देश और समाज की सेवा करेंगे।

समारोह में उपस्थित अन्य छात्रों और शिक्षकों ने भी इस अवसर को बेहद प्रेरणादायक माना। इस विशेष मौके पर 6 स्काउट्स एवं 10 गाइड्स जो 10 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके थे, को दीक्षित किया गया और सदस्यता बैज प्रदान किया गया। इन सभी छात्रों ने समारोह के दौरान ईश्वर, देश और समाज के प्रति कर्तव्य पालन और दूसरों की सहायता करने की शपथ ली।

समारोह का समापन राष्ट्र के प्रति कर्तव्य और समाज सेवा के संदेश के साथ हुआ, जिसमें सभी ने मिलकर स्कूल परिसर की साफ-सफाई की और स्वच्छता के महत्व पर बल दिया। यह दीक्षा संस्कार समारोह न केवल बच्चों के लिए एक विशेष दिन था, बल्कि उनके जीवन में एक नई शुरुआत और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा भी थी। इस अवसर स्काउट मास्टर मनोज, गाइड कप्तान कविता सहित सभी अध्यापक भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### पूर्व सैनिक समिति भोरंज के चुनाव संपन्न मेजर रमेश चंद वर्मा बने अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के तहत पूर्व सैनिक समिति भोरंज के चुनाव सन सकाई होटल बस्सी भोरंज में सर्वसम्मति से चुनाव संपन्न हुए। इसमें सर्वसम्मति से मेजर रमेश चंद वर्मा अध्यक्ष, कै. बलबंत सिंह उपाध्यक्ष, कै. रणजीत सिंह व कै. बलदेव सिंह जनरल सेक्रेटरी व नायब सूबेदार रणजीत सिंह को कोषाध्यक्ष बनाया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि भोरंज में इसीएचसी अस्पताल व बड़ी कैंटीन खुलवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इस मौके पर लगभग 300 पयरव सैनिकों, वीर नारियों व विधवाओं ने भाग लिया। इसमें कर्नल विनय कुमार, विनय कुमार, कर्नल सागर शर्मा, कर्नल अशोक कुमार, मेजर आरसी वर्मा, मेजर पिसी वर्मा, कै. राजेंद्र सिंह, कै. हिटलर, कै. बलवंत, कै. मदन लाल, सूबेदार प्रेम सिंह, कै. ध्यान चंद, कै. मिलाप चंद, अजमेर सिंह इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

### बाल स्कूल नादौन में पूर्व छात्र सम्मेलन 28 को

**अनंत ज्ञान, नादौन।** लाला जगन्नाथ कमाल पीएम श्री आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाल नादौन में 28 सितंबर को पूर्व छात्र सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। स्कूल के प्रिंसिपल दिली मोहम्मद पोसवाल ने पूर्व छात्रों से विनम्र निवेदन किया है कि वे इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए स्कूल की ईमेल आईडी पर अपना पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें, ताकि कार्यक्रम से संबंधित रूपरेखा निर्धारित की जा सके।

# रैगिंग रोकने के लिए रहें अलर्ट : एडीएम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



आईएचएम की एंटी रैगिंग समिति की बैठक में मौजूद गणमान्य।

होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर की एंटी रैगिंग समिति की बैठक आयोजित की गई। हमीरपुर के एडीएम एवं संस्थान के कार्यकारी प्रधानाचार्य राहुल चौहान की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर एडीएम ने समिति के सभी सदस्यों और संस्थान के अधिकारियों को हर समय अलर्ट रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान में रैगिंग रोकने के लिए बनाए गए रैगिंग विरोधी अधिनियम में बहुत ही कड़े प्रावधान किए गए हैं। इसलिए, रैगिंग के संबंध में किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि रैगिंग से संबंधित किसी भी तरह की घटना का पता चलते ही तुरंत सूचित करें।

### पेंशनर्स अपनी मांगों को लेकर आज हमीरपुर में करेंगे विरोध प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा 20 सितंबर को पेंशनर्स की मांगों को लेकर हमीरपुर में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। रिटायर्ड इंप्लाइज वेल्फेयर एसोसिएशन नादौन के अध्यक्ष पीडी शर्मा ने बताया कि सभी मंडलों के पेंशनर्स प्रातः 11 बजे एकत्रित होकर रैली निकालेंगे और उसके बाद डीसी हमीरपुर को ज्ञापन सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि पेंशन महीने की पहली तारीख को दी जाए। एक जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 तक सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के संशोधित वेतन के ऐरियर, लीव इंकेशमेंट, ग्रेच्युटी, कम्यूटेश आदि प्रमुख मांगों को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा।

**मुश्किल** डुग्घवासियों ने सूअर फॉर्म को बंद करने के लिए उपायुक्त से लगाई गुहार

# वेस्ट मैटीरियल नाले में फेंकने से दूषित हो रही पेयजल योजना

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**



हमरीरपुर के उपायुक्त से मिलने जाता डुग्घवासियों का प्रतिनिधिमंडल।

बाड़ी पंचायत के अंतर्गत आने वाले डुग्घ गांव का प्रतिनिधिमंडल हमीरपुर के उपायुक्त से मिला है। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त हमीरपुर से गुहार लगाई है कि डुग्घ गांव में हमीरपुर के एक व्यक्ति द्वारा सूअर फॉर्म खोला गया है, जिसकी गंदगी को सरेआम खुले में फेंका जा रहा है। यहीं नही इस फॉर्म में सुअरों को काटने का काम भी किया जाता है।

इसके चलते गांव में बदबू ही फैली रहती है। उन्होंने बताया कि जहां पर स्वरों का का वेस्ट मैटीरियल फेंका जाता है, वहां साथ में एक नाला भी बहता है। इसके चलते गंदा पानी जन स्वास्थ्य परियोजनाओं में मिल रहा है। इससे महामारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने बताया कि सूअर फॉर्म के कारण आवारा कुत्तों के झुंड और कौवे गांव में मंडराते रहते हैं, जो ग्रामीणों की फसलों को बर्बाद करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

स्थानीय ग्रामीण महिला सुनीता ने बताया कि उनके काम के नजदीक सूअर फॉर्म खोला गया है। इसके चलते उनके गांव में बदबू का माहौल बना हुआ है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस फॉर्म को बंद किया जाए। वहीं, स्थानीय निवासी सुरेश कुमार ने बताया कि उपायुक्त हमीरपुर से गांव में खुले सूअर फॉर्म को बंद करवाने के लिए पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि इस फॉर्म के खुलने से गांव में बदबू का आलम है। वहीं, सूअर फॉर्म में सुअरों को काटने का कार्य भी किया जाता है। इसके चलते सूअरों के बचे अवशेषों को नाले में फेंक दिया जाता है और नाले का वही गंदा पानी पेयजल योजना में मिल रहा है। इसके चलते महामारी फैलने का डर है। उन्होंने बताया कि अगर सरकार और प्रशासन इस सूअर फॉर्म को बंद नहीं करते तो ग्रामीण बच्चों सहित उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन करेंगे।

पंचायत के उपप्रधान शिवकुमार ने बताया कि गांव में सूअर फॉर्म खुलने के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। हालांकि पहले पंचायत द्वारा सूअर फॉर्म को खोलने की अनुमति दी गई थी, लेकिन अब पंचायत द्वारा इस फॉर्म की अनुमति को रद्द कर दिया गया है, लेकिन फिर भी अनाधिकृत तरीके से यह फॉर्म चल रहा है। उन्होंने मांग की है कि जल्द से जल्द इस फॉर्म को बंद किया जाए। (अनंत ज्ञान)

### इंस्पायर मानक अवार्ड योजना में आवेदन करने की तिथि 15 अक्तूबर तक बढ़ाई

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** इंस्पायर मानक अवार्ड योजना में आवेदन करने की तिथि अब 15 अक्तूबर तक बढ़ा दी है। ऐसे में जो छात्र अभी तक इंस्पायर मानक अवार्ड में आवेदन नहीं कर पाए हैं, वे जल्द से जल्द आवेदन करना सुनिश्चित करें। हमीरपुर जिले में अब तक 240 स्कूलों के 849 छात्रों ने पोर्टल पर पंजीकरण करवा दिया है। शिक्षा विभाग ने सरकारी व प्राइवेट स्कूलों के मुखिया को अपने बच्चों को इंस्पायर मानक अवार्ड में ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्रेशन करवाने की गुहार लगाई है। बता दें कि इंस्पायर मानक अवार्ड योजना में हमीरपुर जिला के सरकारी व प्राइवेट स्कूलों के 240 स्कूलों के 849 छात्रों ने आवेदन कर दिया है, लेकिन अब आवेदन करने की अंतिम तिथि को अब 15 सितंबर से बढ़ाकर 15 अक्तूबर का दिया है। ऐसे में जो छात्र किसी कारणवश आवेदन करने से वंचित रह गए थे, वे जल्द से जल्द रजिस्ट्रेशन करवाना सुनिश्चित करें। जिला विज्ञान पर्यवेक्षक हमीरपुर राजेश गौत्तम ने बताया कि 225 स्कूल अभी भी पंजीकरण नहीं कर पाए हैं। संबंधित स्कूल मुखिया भी अपने-अपने स्कूलों के छात्रों का रजिस्ट्रेशन इंस्पायर मानक अवार्ड में करना सुनिश्चित करें। सरकारी व प्राइवेट स्कूलों के छठी से दसवीं कक्षा के छात्र अपनी नई-नई वैज्ञानिक सोच को आगे रख सकते हैं। अगर छात्रों के नए आइडिया सिलेक्ट हुए, तो वैज्ञानिक सोच को मॉडल के जरिए प्रस्तुत करने के लिए 10-10 हजार रुपए की राशि जारी की जाएगी, ताकि छात्र मॉडल के जरिए अपनी वैज्ञानिक सोच ज्यादा से ज्यादा लोगों से शेयर कर सकें।

# कुटलैहड़ विस क्षेत्र में बनेंगे दो पंचकर्म अस्पताल

## बंगाणा में रोगी कल्याण समिति की बैठक में विधायक विवेक शर्मा ने दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**


आरकेएस की मीटिंग में विधायक का स्वागत करते स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी।

उपमंडलाधिकारी बंगाणा के सभागार कक्ष में रोगी कल्याण समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने की। बैठक में बंगाणा अस्पताल के विकास से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई और समिति द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि बंगाणा सिविल अस्पताल में जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलें, क्योंकि बड़सर के बाद बंगाणा में ही सिविल अस्पताल है और बीस किमी के दायरे में इस बंगाणा के सिविल अस्पताल के साथ हजारों परिवार जुड़े हैं और जनता की मांग पर हमने सिविल अस्पताल में और स्टाफ मुहैया भी करवाया है, ताकि जनता को और ज्यादा बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलें। विवेक शर्मा ने जानकारी दी कि बंगाणा अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों के लिए जल्द ही एक कैंटीन की सुविधा शुरू की जाएगी, जिससे उन्हें खाने-पीने की बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। इसके अलावा, अस्पताल में जल्द ही एक नई अल्ट्रासाउंड मशीन भी उपलब्ध कराई जाएगी, जो चिकित्सा सेवाओं को और सशक्त बनाएगी। विधायक ने बताया कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में दो पंचकर्म अस्पताल बनाए जाएंगे, जिनमें से एक बंगाणा में और दूसरा रायपुर या थानाकलां में प्रस्तावित है।

यह कदम क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा प्रयास है। मुख्यमंत्री सुक्खू की अगुवाई में सरकार क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को उन्नत करने के लिए ठोस कदम उठा रही है। बैठक के उपरांत विधायक ने अस्पताल का निरीक्षण किया और वहां चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि अस्पताल की जो भी जरूरतें हैं, उनकी रिपोर्ट तैयार करके मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को देंगे ताकि जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार से आवश्यक सहायता प्राप्त की जाएगी।

बंगाणा मुख्यालय से सिविल अस्पताल तक जिसकी लंबाई एक किलोमीटर के करीब है, उस सड़क को और बेहतर बनाकर जनता को सुविधा देंगे। इस मौके पर उपमंडल अधिकारी सोनू गोयल, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार, कांग्रेस ब्लॉक कमेटी के अध्यक्ष राम आसरा, रोगी कल्याण समिति की सदस्य केसी शर्मा, राजेश शर्मा, नीना कुमारी, बीडीसी सदस्य जोगिंद्र देव आर्य, उपप्रधान अजय कुमार सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# आरा-चक्की यूनियन ने एडीसी चार्जेज पत्रों का किया विरोध

**विनोद शर्मा, लठियानी**

उपमंडल बंगाणा के तहत वीरवार को कुटलैहड़ आरा-चक्की यूनियन द्वारा बिजली बोर्ड द्वारा भेजे गए एडीसी चार्जेज पत्रों का विरोध किया। यूनियन ने कहा कि बिजली बोर्ड आरा व चक्की चलाने वाले लोगों एडीसी चार्जेज जमा करवाने के लिए पत्र भेज रहा है। यह एडीसी चार्जेज क्या है और क्यों है, इसके बारे में आरा व चक्की मालिकों को कोई भी जानकारी नहीं है। इस कारण आरा व चक्की मालिक इसका विरोध कर रहे हैं।

मालिकों का कहना है बिजली बोर्ड द्वारा मांगी गई राशि सभी की समान नहीं है। वहीं, एक मालिक का यह भी कहना है की वह काफी समय से चक्की नहीं चला रहा है, बिजली का सिर्फ मीटर ही है, उसमें तार भी नहीं लगी है। उसे भी यह चार्जेज जमा करवाने का पत्र भेजा गया है। बिजली बोर्ड द्वारा इस मांगी गई राशि का कोई सही जवाब नहीं मिल पा रहा है। कभी उन्हें मीटर की फीस तो कभी नए मीटर लगाने के बारे में बोलकर सही जानकारी नहीं दी जा रही है। ऐसी स्थिति में आरा- चक्की मालिक परेशान हो रहे हैं। मालिकों का यह भी कहना है कि पिछले कुछ सालों से आरा और चक्कियों का काम पहले की तुलना में काफी कम हो गया है, ऐसे में बिजली बोर्ड द्वारा की गई इस अन्य राशि का बोझ से काफी मुश्किल हो जाएगा।

वहीं यूनियन का कहना है कि अगर विभाग और सरकार हमारी बात नहीं सुनता है तो हम सरकार और विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। इसकी जिम्मेवारी सरकार और प्रशासन की होगी। फिलहाल कोई भी मालिक यह एडीसी राशि जमा नहीं करवाएगा। यह बात यूनियन के प्रधान ने कही। इस मौके पर कई मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)



बिजली बोर्ड द्वारा लगाए जा रहे चार्जेज पर रोष जताते आरा-चक्की चलाने वाले लोग।

## बिना स्टाफ के कैसे चलेगा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लठियानी

**लठियानी।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के उपमंडल लठियानी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ की कमी की वजह से चिकित्सीय सेवाएं चरमरा गई हैं। लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस चिकित्सालय में बहुत दूर से लोग अपना उपचार करवाने के लिए आते हैं, जिन्हें चिकित्सक न होने के कारण बहुत ही दिक्कत पेश आ रही है। इस इलाके के कई रोगियों को तो उपचार करवाने के लिए बड़सर या बंगाणा जाना पड़ता है। स्थानीय लोगों संदीप कुमार, सुरेश कुमार, गुरदेव चंद, टेक चंद, रमेश चंद, देशराज, लेखराज, रणजीत सिंह, शिव कुमार, तिलकराज, सुशील कुमार, विनोद कुमार, विजय कुमार, हरदीप सिंह ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जनहित को मद्देनजर रखते हुए स्टाफ की कमी को पूरा किया जाए। लोगों का कहना है कि एक स्थायी चिकित्सक की नियुक्ति जल्दी की जाए, ताकि आम जनता को स्वास्थ्य सुविधा सही ढंग से मिले। पंचायत समिति के सदस्य जोगिंदर देव आर्य ने भी इस चिकित्सालय में पहुंचकर जानकारी ली और कहा कि जल्दी ही स्वास्थ विभाग से बातचीत करके इन समस्याओं का स्थायी हल किया जाएगा, ताकि आम जनता को स्वास्थ्य सुविधा से ही ढंग से उपलब्ध हो।

# पानी की बर्बादी और गंदगी देखकर भड़के विधायक

## विवेक ने स्टाफ की लगाई क्लास, बोले-बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ स्वच्छता पर भी दें ध्यान

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के सिविल अस्पताल बंगाणा में वीरवार को कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा अचानक निरीक्षण करने पहुंचे। अस्पताल बंगाणा में रोगियों से मिलकर जैसे ही विधायक विवेक शर्मा को पौड़ी दिखी, वैसे ही एकदम विधायक विवेक शर्मा सीधे छत पर जा पहुंचे और पीछे प्रशासन और अस्पताल स्टाफ भी दौड़ा।


सिविल अस्पताल बंगाणा की छत का निरीक्षण करते विधायक विवेक शर्मा।

छत पर पानी की टंकियां और गंदगी देखी। टंकियो का पानी भारी मात्रा में लीकेज और छत पर लीकेज का पानी खड़ा देखा, तो विधायक विवेक शर्मा ने प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की क्लास लगा दी, क्योंकि उक्त अस्पताल की छत पर वर्षों से कोई सफाई नहीं हुई थी। छत पर पेड़ उग चुके थे। विधायक विवेक शर्मा ने कड़े आदेश देते हुए कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों को ईमानदारी से काम करना होगा। किसी भी कार्य में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं होगी।

विवेक शर्मा ने कहा कि बंगाणा के सिविल अस्पताल से कुटलैहड़ की दो दर्जन पंचायतों के हजारों परिवार जुड़कर स्वास्थ्य सुविधाएं लेते हैं। इससे पीछे के कार्यकाल में सिविल अस्पताल में क्या होता रहा, उस पर हम नहीं जाना चाहते हैं, लेकिन अब सिविल अस्पताल बंगाणा की व्यवस्था को सुधारना होगा और जनता को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं देनी होंगी।

विवेक शर्मा ने कहा कि सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के साथ साथ स्वच्छता पर भी ध्यान देना होगा। विधायक विवेक शर्मा ने सिविल अस्पताल बंगाणा में रोगियों से भी मुलाकात की और अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाएं किस प्रकार मिलती हैं, रोगियों से पूरी जानकारी भी ली। सिवि अस्पताल बंगाणा में क्या समस्याएं आ रही हैं, उन्हें भी सुना और समाधान करने का आश्वासन दिया।

विवेक शर्मा ने कहा कि सिबिल अस्पताल बंगाणा में 24 घंटे जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी और उस पर क्या क्या कमी है और किस प्रकार यह समस्या दूर होगी, इस पर भी हम ने मुख्यमंत्री सुक्खू से चर्चा की है। इस मौके पर उपमंडलाधिकारी नागरिक बंगाणा सोनू गोयल एवं अन्य स्टाफ और कर्मचारी मौजूद रहे।

## 'वन नेशन वन इलेक्शन' एक अच्छी पहल : लक्ष्मी

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** गगरेट विस क्षेत्र की वरिष्ठ भाजपा नेत्री लक्ष्मी जरियाल ने कहा वन नेशन वन इलेक्शन के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने पर केंद्रीय कैबिनेट ने आज देशहित में एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाया है। एक देश एक चुनाव देश की आवश्यकता है। देश में हर समय जो कोई न कोई चुनाव होता रहता है, उससे न केवल खर्च बढ़ता है, बल्कि मतदाताओं में भी उदासीनता आती है। आचार संहिता लगने के कारण विकास कार्यों को रोकना पड़ता है, इसमें राजनीतिक लोगों की ऊर्जा खर्च होती है, जिसको लोगों के विकास और कल्याण के लिए लगाया जाना चाहिए। उन्होंने वन नेशन वन इलेक्शन को एक अच्छी पहल बताया है।



## कुटलैहड़ में भाजपा सदस्यता अभियान ने पकड़ा जोर : हटली

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ भाजपा प्रवक्ता सुरेंद्र हटली ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में भाजपा सदस्यता अभियान ने काफी जोर पकड़ा हुआ है। उन्होंने हर व्यक्ति को भाजपा सदस्यता लेने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा देश ही नहीं, बल्कि दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते दस वर्षों में भाजपा ने बुलंदियों को छुआ है और आज हर परिवार का व्यक्ति भाजपा की सदस्यता लेना चाहता है।

इस मौके पर जिला पार्षद उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा, कुटलैहड़ भाजपा महामंत्री राजेंद्र मलांगड़, राज्य भाजपा कार्यकारणी सदस्य संतोष सैनी, राज्य भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश सचिव सूरम सिंह, जिला भाजपा ओबीसी के महामंत्री सतीश धीमान सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 'एक देश एक चुनाव' संविधान का करते हैं हम स्वागत : भुट्टो

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

**बोले-दूरगामी सोच से पीएम कर रहे कार्य, जनता की हर मांग हो रही पूरी**

कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंद्र कुमार भुट्टो ने मोदी सरकार पार्ट थ्री के सौ दिनों के कार्यकाल में सबसे बड़ा एक देश एक चुनाव संविधान बनाने का स्वागत किया है। भुट्टो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक देश एक चुनाव संविधान बनाकर एक तो देश के हर राज्य में हर वर्ष हो रहे चुनावों में खर्च को रोकने पर अंकुश लगाने का काम किया है और दूसरा एक देश एक चुनाव होने पर अरबों रुपए जो चुनावो में खर्च होते आ रहे हैं, उनकी बचत के बारे में सोचा है।



भुट्टो ने कहा कि इस फैसले का कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की जनता की तरफ से हम स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि जब से केंद्र में भाजपा सरकार बनी है और भारत सरकार का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे है, तब से देश में ऐसे कानून बन चुके हैं, जिसके देश की जनता को फायदा मिल रहा है। भुट्टो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी सोच से बीते दस वर्षों के कार्यकाल में भारत देश को विदेशों में भी अलग पहचान मिली है और आज भारत देश का डंका बज रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हिमाचल प्रेम भी किसी से छिपा नहीं है और प्रधान मंत्री आवासीय योजना के अंतर्गत पूरे देश में हिमाचल को सबसे ज्यादा 92894 को पक्का मकान बनाने के लिए स्वीकृति प्रदान की है। राज्य सरकार की अपनी कोई उपलब्धि नहीं है, इसलिए प्रधानमंत्री आवासीय योजना पर सुक्खू सरकार के नुमाइंदे अपनी मुहर लगाकर जनता को स्वीकृत पत्र बांट रहे हैं।

## पीएम ने हिमाचल को एक साथ दिए 92 हजार मकान : भाजपा

**अंब।** भाजपा मंडल चिंतपूर्णी के महामंत्री कुलदीप सिंह ठाकुर व महेश मेहता ने संयुक्त रूप से कहा कि जो काम कांग्रेस सरकार 60 वर्ष के अपने कार्यकाल में नहीं कर पाई, वे काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 वर्षों में कर दिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अभी हाल ही में 92 000 से ज्यादा मकान हिमाचल प्रदेश को आवंटित किए।

इनमें से चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के गरीब परिवारों को 925 से ज्यादा मकान स्वीकृत किए हैं। हालांकि कुछ दिन पहले ही राशि स्वीकृत हुई है, परंतु प्रदेश सरकार तथा स्थानीय विधायक बड़ी जल्दी में हैं। कुछ दिन पहले ही प्रदेश को राशि मिलती है और चिंतपूर्णी के विधायक अगले दिन ही अनुमति पत्र बांट देते हैं। एक बार भी प्रधानमंत्री तथा सांसद अनुराग ठाकुर का धन्यवाद तक के लिए एक भी शब्द नहीं कहते। प्रदेश सरकार के पास जनता को देने के लिए कुछ भी नहीं बचा है। जनता अब समझ चुकी है और जल्द ही प्रदेश सरकार व चिंतपूर्णी के विधायक को मुंहतोड़ जवाब देगी।

# उपायुक्त ने पूबोवाल तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, ऊना**


हरोली उपमंडल के पूबोवाल स्थित तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण करते डीसी।

उपायुक्त जतिन लाल ने हरोली उपमंडल के पूबोवाल स्थित तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर तालाब के नवीनीकरण और सौंदर्यीकरण के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की जानकारी ली और दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने तालाब में सेल्फी प्वाइंट, कैफे, पार्क सौंदर्यीकरण, लाइटिंग और वोटिंग सुविधा जैसे तमाम कार्यों की टेंडर प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए।

बता दें, इससे पहले उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने पूबोवाल के दौरे के दौरान बताया था कि तालाब के सौंदर्यीकरण पर 2 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। तालाब के पानी की सफाई और गांव की जल निकासी का शोधन करके पानी को तालाब में डालने की वैज्ञानिक व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने इसे एक ऐसे मनोरम स्थल के रूप में विकसित करने पर जोर दिया है, जहां लोगों के लिए सैर करने, मनोरंजन और बच्चों के लिए खेल के इंतजाम हों।

इस परियोजना के तहत चंडीगढ़ की तर्ज पर एक भव्य फाउंटेन भी लगाया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तालाब के साथ क्षेत्र के विकास के लिए एक मास्टर प्लान तैयार करने के भी निर्देश दिए थे।

उपायुक्त ने अपने दौरे के दौरान इन सभी कार्यों का जायजा लिया और परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान एसडीएम हरोली राजीव ठाकुर, बीडीओ वीरेंद्र कौशल तथा अन्य अधिकारी और डेरा बाबा श्रीचंद जी के बाबा संतोष दास बिट्टू तथा पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**सहायता** राजनीति करने वाले लोगों को मां चिंतपूर्णी दें सद्बुद्धि : विधायक

# महोत्सव के लिए विधायक बबलू ने दिए 51 हजार

**विवेक शर्मा, अंब**


एसडीएम सचिन शर्मा को चेक सौंपते विधायक सुदर्शन बबलू।

अंब में पहली बार हो रहे जिला स्तरीय माता श्री चिंतपूर्णी जी महोत्सव में सहयोग देने के लिए विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने अपने हाथ आगे बढ़ाए हैं। वीरवार को उन्होंने एसडीएम अंब आईएएस सचिन शर्मा को अपनी तरफ से 51 हजार रुपए का चैक भेंट किया।

विधायक सुदर्शन सिंह ने कहा कि माता श्री चिंतपूर्णी दुनियाभर के लोगों की आस्था का केंद्र हैं। माता श्री चिंतपूर्णी के नाम पर हो रहे महोत्सव पर किसी भी व्यक्ति को राजनीति नहीं करनी चाहिए। उन्होंने पूर्व विधायक एवं भाजपा के जिला अध्यक्ष बलबीर सिंह चौधरी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर उन्होंने चिंतपूर्णी की चिंता की होती तो शायद आज उन्हें जनता विपक्ष में न बैठाती।

उन्होंने कहा कि अभी यह महोत्सव जिला स्तरीय महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। निकट भविष्य में इसे विश्व स्तरीय महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा और माता श्री चिंतपूर्णी के नाम को विश्वपटल पर लाया जाएगा। यह मात्र एक महोत्सव नहीं है बल्कि क्षेत्र की उभरती प्रतिभाओं को भी मंच प्रदान करने का जरिया है।

बबलू ने भाजपा नेताओं द्वारा महोत्सव के लिए काटी जा रही पर्चियों को मुद्दा बनाए जाने पर बोलते हुए कहा कि यह पर्चियां एक लक्की ड्रा की हैं, इसके लिए कोई भी व्यक्ति वाध्य नही हैं। लक्की ड्रॉ इलेक्ट्रिक स्कूटी, एलईडी टीवी सहित कई आकर्षण पुरस्कार इनाम में रखे गए हैं। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव पर राजनीति करने वाले लोगों को माता श्री चिंतपूर्णी जी सद्बुद्धि प्रदान करें। उन्होंने कहा कि बड़े हर्ष का विषय है कि चिंतपूर्णी महोत्सव को लेकर न केवल लोगों में ही भारी उत्साह है बल्कि क्षेत्र के कई दानी सज्जन इस महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर अपना सहयोग देने के लिए तैयार बैठे हैं।

इस मौके पर उनके साथ ब्लाक कांग्रेस चिंतपूर्णी के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार शर्मा, बीडीसी सदस्य डॉ. राजपाल शर्मा, पूर्व प्रधान राज कुमार गौतम, निशा शर्मा, एनएसयूआई के प्रदेश सचिव असलम, राकेश सोनी, सचिन ठाकुर, पार्षद राजेश शर्मा, अधिवक्ता सौरव शर्मा, अनिल तक्खी, अलीब आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)


## न्यूज ब्रीफ

### बंगाणा महाविद्यालय को दी सहायता राशि



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** बिजनेसमैन प्रकाश चंद एनआरआई ने अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा के आर्थिक कमजोर छात्रों के उत्थान के लिए दिए 17000 रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने प्रकाश चंद का धन्यवाद किया और कहा कि इस अनुदान राशि से अब तक महाविद्यालय के 11 छात्रों की फीस दी है, जिनकी घर की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है या उनके माता या पिता नहीं हैं। ।

### शिक्षा मंत्री से मिला लेक्चरर संघ का प्रतिनिधिमंडल



**आशीष शर्मा, गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ का एक प्रतिनिधिमंडल लेक्चरर संघ के प्रदेश प्रधान लोकेंद्र सिंह नेगी के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मिला। यह जानकारी लेक्चरर संघ के प्रांतीय संगठन एवं प्रेस सचिव राजन शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि लेक्चरर संघ की लंबित पड़ी मांगों के बारे में शिक्षा मंत्री को अवगत करवाया गया, जिसमें शिक्षकों के युक्तिकरण, स्कूलों में प्रिंसिपल पद की पदोन्नति, साइंस लेक्चरर का प्रेक्टिकल भत्ता बढ़ाने और लेक्चर संघ के लंबित पड़े मामलों के बारे में ज्ञापन दिया गया। संघ के प्रधान लोकेंद्र नेगी ने बताया कि शिक्षा मंत्री ने मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया है।

### बंगाणा कॉलेज में लिंग सशक्तिकरण पर व्याख्यान

अनंत ज्ञान, बंगाणा। अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में अर्थशास्त्र विभाग की प्रो. निकिता गुप्ता द्वारा लिंग सशक्तिकरण पर एक जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया था। व्याख्यान हमीरपुर जिले से विशेष आमंत्रित सदस्य सुनील द्वारा दिया गया। उन्होंने छात्रों को अवगत कराया कि कैसे समाज स्वच्छता स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए आधुनिक तरीकों को अपनाकर सकारात्मक बदलावों को अपना रहा है। उन्होंने छात्रों को उचित अपशिष्ट निपटान तंत्र के लिए भस्मक का उपयोग करने की आवश्यकता के बारे में भी जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान स्व-वित्त विभाग के प्रोफेसर मुकेश भी वक्ता थे।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान देहलां में नवनियुक्त जेबीटी अध्यापकों के पंद्रह दिवसीय ट्रेनिंग के चौथे दिवस की शुरुआत ईश्वर की प्रार्थना से हुई। जिला समन्वयक निशी शर्मा ने सकारात्मक ऊर्जा के साथ सुबह के सत्र की शुरुआत की। प्रथम सत्र में संजीव ठाकुर ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में चर्चा के साथ की। उन्होंने अध्यापकों को इसके बारे में बहुत ही विस्तृत जानकारी प्रदान की। अगले सत्र में उर्वशी जी ने इको क्लब एवं ग्रीन स्कूल पर बहुत ही प्रभावी जानकारी अध्यापकों से साझा की। सुधा पराशर ने विद्यार्थियों में सामाजिक मूल्यों और संस्कारों के महत्व के बारे में खुलकर चर्चा की। मैडम सीमा धीमान एकाउंटेंट ने पीएफएमएस, कैशबुक एवं स्कूलों में पैसे के लेन-देन, फंड्स आदि के बारे में जानकारी दी। रीता धीमान ने पुस्तकालय में किताबों का रखरखाव कैसे करना है, पर चर्चा की। कार्यशाला के दौरान जेबीटी अध्यापकों ने भी प्रत्येक विषय पर चर्चा की।

### प्राथमिक स्कूलों के टूर्नामेंट स्थगित करने से रोष



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** जिला परिषद उपाध्यक्ष कृष्ण पॉल शर्मा एवं जिला भाजपा उपाध्यक्ष बलराम बबलू ने सुक्खू सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में प्राथमिक स्तर की खेलकूद प्रतियोगिताओं को स्थगित करने के निर्णय से बच्चों के अभिभावकों सहित जनता में रोष व्याप्त है । इसे सीधे तौर पर प्राथमिक स्तर के छात्रों के अधिकारों पर कुठाराघात बताया है। कृष्ण पॉल शर्मा और जिला भाजपा उपाध्यक्ष बलराम बबलू ने कहा कि प्राथमिक स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता स्थगित होने से बच्चों और अध्यापकों तथा अभिभावकों में मायूसी छा गई है। प्राथमिक स्तर की अंडर -12 खेलकूद प्रतियोगिताएं बच्चों के लिए किसी ओलंपिक से कम नहीं हैं ।खेलों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है तथा बचपन से ही बच्चे खेल की बारीकियां को सीखते हैं, साथ ही आगे जाकर अच्छे खिलाड़ी बनते हैं। उन्होंने कहा कि यदि भारत का ओलंपिक में प्रदर्शन अच्छा नहीं है तो उसकी सबसे बड़ी वजह खेलों के प्रति सरकार और विभाग की उदासीनता है।

### पर्यावरणीय प्रभाव को लेकर जनसुनवाई आज

**अनंत ज्ञान, ऊना।** अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि ऊना जिले के संझोट में प्रस्तावित स्टोन क्रशर परियोजना के पर्यावरणीय प्रभाव को लेकर 20 सितंबर को जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। यह जनसुनवाई प्रातः 11.30 बजे ग्राम पंचायत घर, नंगल सलांगड़ी, ऊना के खुले मैदान में आयोजित की जाएगी। इसका उद्देश्य उक्त परियोजना पर जनता के सुझाव, विचार, टिप्पणियां और आपत्तियां प्राप्त करना है। अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी संबंधित पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों से जनसुनवाई में शामिल होने का आग्रह किया है। उन्होंने अनुरोध किया कि वे इस सुनवाई में भाग लेकर प्रस्तावित स्टोन क्रशर और स्क्रीनिंग यूनिट के पर्यावरणीय प्रभाव के संबंध में अपने मूल्यवान सुझाव और विचार साझा करें। बता दें, हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा आयोजित इस जनसुनवाई में रविंदर कुमार, मेसर्स जगदम्बे स्टोन क्रशर एवं स्क्रीनिंग यूनिट द्वारा प्रस्तावित परियोजना पर चर्चा होगी, जो कि संझोट, ऊना में 60,000 टीपीए रेत, पत्थर और बजरी उत्पादन के लिए प्रस्तावित है। यह परियोजना 2.82 हेक्टेयर निजी भूमि पर स्थापित की जानी है।

### प्राथमिक स्कूलों में रिक्त पदों को भरे सरकार : संघ



**सन्नी पुरी, गगरेट।** प्राथमिक शिक्षक संघ गगरेट-1 की बैठक संघ के अध्यक्ष कुलदीप सिंह कंग की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी खंड कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित हुए। बैठक में संघ ने सरकार एवं विभाग से शिक्षा शिक्षक एवं बच्चों से संबंधित विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की। प्राथमिक शिक्षकों के पद रिक्त चल रहे हैं, जिस कारण प्राथमिक स्कूलों को चलाना कठिन हो गया है। इन पदों को बच्चों व प्राथमिक शिक्षा के हित में जल्द भरा जाए। अनगिनत ऑनलाइन और अन्य गैर शैक्षणिक कार्य टीचर्स को न सौंपे जाएं। ऑनलाइन कार्य के लिए डाटा एंट्री ऑपरेटर केंद्रीय स्कूलों में रखे जाएं तथा डाटा पैक उपलब्ध करवाया जाए। पदोन्नति एवं भर्ती की शक्तियां पूर्व की भांति उपनिदेशक कार्यालयों में रहें। इसके अलावा भी अन्य मांगें रखी गईं। संघ के जनरल हॉउस में एक मत से यह भी तय किया कि 21 सितंबर को विभाग की कार्यप्रणाली के विरुद्ध होने वाले धरने को टाल दिया जाए। बैठक में जिला पीटीएफ अध्यक्ष राकेश चंद्र शर्मा, राज कुमारी मुख्य सलाहकार, राज्य प्रवक्ता राज कुमार, खंड पीटीएफ अध्यक्ष कुलदीप सिंह कंग, उपाध्यक्ष शिव कुमार शर्मा, सचिव शोभा गुलेरिया, कोषाध्यक्ष पूजा कंवर, रमन कुमार, पुष्पिंद्र कंग, राकेश कुमार, संजय शर्मा, वेद भूषण, अमन कुमार, सतपाल सिंह, रजत कुमार, गुरदीप सिंह, कुलवंत, अशोक कुमार, राकेश शर्मा, सुनीता देवी, प्रवीण कुमारी, अनुराधा, कल्पना देवी मौजूद रहे ।

### थानाकलां में 23 से सुबह 10 बजे से होगी परीक्षा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** जिला जल शक्ति विभाग थानाकलां द्वारा 'पैरा पंप ऑपरेटर' और 'मल्टीपर्पज वर्कर' के पदों हेतु सभी आवेदकों को सूचित किया जाता है कि वे अपने सभी संबंधित मूल प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों के साथ कौशल एवं शारीरिक परीक्षा के लिए उपस्थित हों। परीक्षा का आयोजन कार्यालय कार्यकारी अभियंता, जल शक्ति विभाग थानाकलां में निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। पद विवरण के मुताबिक मल्टीपरपस वर्कर कौशल और शारीरिक परीक्षा की तिथि 23 सितंबर को, मल्टीपरपस वर्कर कौशल और शारीरिक परीक्षा 24 सितंबर को, मल्टीपरपस वर्कर कौशल और शारीरिक परीक्षा 25 सितंबर को, पैरा पंप ऑपरेटर कौशल और शारीरिक परीक्षा 26 सितंबर को, पैरा पंप ऑपरेटर कौशल और शारीरिक परीक्षा की तिथि 27 सितंबर को, पैरा फ़िटर कौशल और शारीरिक परीक्षा की 28 सितंबर को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी।



## न्यूज ब्रीफ

### कटराईं में डायरिया की चपेट में आ रहे लोग



**पतलीकूहल।** ग्राम पंचायत कटराईं के विभिन्न गांवों में दस्त के रोगियों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। बच्चे, बूढ़े, जवान हर उम्र के लोग इसकी चपेट में आ रहे हैं। राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल कटराईं के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जसविंदर कपूर ने बताया कि पिछले दो-तीन दिनों से उनके अस्पताल में डायरिया के रोगियों की संख्या में अचानक काफी वृद्धि देखने में आ रही है , जिसमें हर आयु वर्ग के लोग शामिल हैं। उन्होंने बताया कि डायरिया की बीमारी अधिकतर अशुद्ध पानी के प्रयोग की वजह से होती है तथा गलत खान-पान को भी इसकी वजह माना जा सकता है। मौसम में बदलाव भी इसकी एक वजह रहता है। डॉक्टर जसविंदर कपूर ने लोगों को पीने के पानी को उबाल कर पीने और खानपान तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है।

### कटराईं अस्पताल को डोनेट किया शहद



**पतलीकूहल।** जिला कुल्लू के पतलीकूहल स्थित भटकराल गांव में दी देवनारायण मधुमक्खी पालन को-ऑपरेटिव सोसायटी की ओर से राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल कटराईं को रोगियों में वितरित करने के लिए 150 ग्राम वजन का 100 बोतल शहद दान में दिया। समिति के सचिव वीर चंद ने बताया कि उन्हें कुछ समय पूर्व ऐसी जानकारी मिली की आयुर्वेद अस्पताल में मरीज को दी जाने वाली दवाइयों में से कुछ दवाएं शहद के साथ खाने क लिए दी जाती हैं, लेकिन कुछ मरीज शहद की कीमत अधिक होने के कारण शहद नहीं खरीद पाते और उपरोक्त दावाइयों को पानी आदि के साथ ही ले लेते हैं, फल स्वरुप उन्हें दवाई का पूरा-पूरा फायदा नहीं मिल पाता। इसलिए सोसायटी ने गरीब मरीजों की मदद के लिए अस्पताल को शहद डोनेट किया, ताकि जरूरम मंद लोगों को कुछ राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि देवनारायण को-ऑपरेटिव समिति की तरफ से मरीजों की मदद के लिए भविष्य में भी इस प्रकार के प्रयास जारी रहेंगे।

### पशुओं से फैलने वाली बीमारियों के बारे में बताया




**आनी।** पीएम श्री राजकीय राजमाता शांति देवी आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला निरमंड में चल रहे एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के तहत तीसरे दिन स्रोत व्यक्ति रूप में डॉक्टर कुबेर शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने बच्चों को मानव जीवन में पशुधन के महत्व व उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी रवि शर्मा व डॉक्टर बबीता कश्यप ने बताया कि शिविर में प्रतिदिन अलग-अलग क्षेत्र से अलग-अलग व्यक्तित्व बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध करवा रहे हैं। इसी कड़ी में तीसरे दिन डॉक्टर कुबेर शर्मा ने बच्चों को मानव जीवन में पशुओं की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पशु से हमें केवल दूध दही मांस-अंडा आदि ही नहीं प्राप्त होता है, बल्कि इस पर हमारी आजीविका भी टिकी है। उन्होंने पशुओं से मानव में फैलने वाली विभिन्न बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा इनसे बचाव करने के बारे में उपाय बताए।

### सैंज में बनेगा पहला शिक्षा भवन : राम सिंह



**कुल्लू।** कुल्लू जिले के सैंज में वीरवार को एपीएमसी के अध्यक्ष मिया राम सिंह ने प्राथमिक शिक्षा खंड सैंज के नए भवन निर्माण की नींव रखी। करीब 37 लाख रुपए की लागत से सैंज में बीपीओ कार्यालय भवन सात माह में बनकर तैयार होगा। कृषि विपणन समिति के अध्यक्ष राम सिंह ने विधिवत भूमि पूजन कर निर्माण कार्य शुरू करवाया। सैंज में इस भवन के निर्माण से यह भवन कुल्लू का इकलौता शिक्षा खंड का अपना भवन होगा। परियोजना नगरी पहुंचने पर कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति कृषि विपणन बोर्ड के अध्यक्ष मिया राम सिंह का सैंज खंड के अध्यापकों ने भव्य स्वागत किया। प्राथमिक शिक्षा खंड अधिकारी कुलदीप ठाकुर ने अपने संबोधन में इस खंड कार्यालय की रूपरेखा के बारे से अवगत करवाया। वहीं, वर्षो से चल रही स्टाफ की कमी को पूरा करने का भी एपीएमसी के अध्यक्ष से आग्रह किया है। एपीएमसी के अध्यक्ष राम सिंह मिंया ने कहा कि सैंज शिक्षा खंड में स्टाफ की कमी को भी जल्द पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हर व्यक्ति को जोड़ने तथा शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार पूरी तत्परता के साथ अपने प्रयासों में जुटी हुई है।

### कार सेवादल करेगी ऑर्गन डोनेट करने बारे जागरूक




**कुल्लू।** कुल्लू की प्रसिद्ध समाजसेवी कार सेवादल संस्था की ओर से अपनी 31वीं सुविधा की शुरुआत की गई है। यह बात संस्था के अध्यक्ष मनदीप सिंह डांग ने कुल्लू के ढालपुर में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि संस्था की ओर से अब क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में ऑर्गन व टिशु डोनेट करने के बारे में जागरूक किया जाएगा। संस्था द्वारा यह 31वीं सेवा शुरू की गई है। इससे पहले कुल्लू की जनता को क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू 30 तरह की सेवाएं दी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि एक इंसान का शरीर आठ लोगों की जान बचा सकता है, लेकिन अंग डोनेट करने से पहले परिवार की सहमति सबसे आवश्यक होती है। इसमें महत्वपूर्ण बात यह है कि जिस डोनर ने यह फॉर्म भरा है, तो उसके परिवार वाले अंगदाता को मृत्यु से पहले अवश्य अस्पताल में दाखिल करवाएं क्योंकि अस्पताल में अंगों को ऑक्सीजन युक्त रक्त की आपूर्ति की जरूरत होती है, इसलिए उन्हें कृत्रिम श्वसन पर रखा जाता है। हिमाचल में अभी आईजीएमसी शिमला में आंखों का दान बाकी अंगदान की पीजीआई चंडीगढ़ में सुविधा है। संस्था के सेवादारों द्वारा यह जागरूकता अभियान आज से शुरू हो गया है, जिसमें लोगों को ऑर्गन डोनेशन और इच्छुक व्यक्ति की ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाई जाएगी, ताकि दूसरे लोग भी प्रेरित हों। ऑर्गन एंड टिशु डोनेशन की अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए संस्था के कार्यालय नंबर 9882191013 पर भी कॉल कर सकते हैं।

# हिमालय को सिर्फ दोहन की दृष्टि से न देखें : सोनम

सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू




जलवायु कार्यकर्ता एवं पर्यावरणविद सोनम वांगचुक पत्रकारों को संबोधित करते हुए।

हिमालय को सिर्फ दोहन की दृष्टि से न देखे क्योंकि हिमालयन श्रृंखला न केवल दुश्मनों से हमारी रक्षा करती है, बल्कि ये हमें स्वच्छ जलवायु, जल, पेड़-पौधे, वनस्पति एवं वन्य प्राणियों के रूप में कुदरत की अनोखी संपदा से हमें निहाल करते हैं इसलिए हमें भी अगली पीढ़ी को इसे मौज मस्ती और अय्याशी के लिए इस का दोहन करने नहीं दे सकते। उपरोक्त शब्द जलवायु कार्यकर्ता एवं पर्यावरणविद सोनम वांगचुक ने जिला मुख्यालय में स्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने बताया कि लद्दाख एपेक्स बॉडी के द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं संस्कृति को बचाने तथा लद्दाख में लोकतंत्र की बहाली के लिए चलाए जा रहे मुहिम को समर्थन देने के लिए लद्दाख से लेकर दिल्ली तक कि पदयात्रा में भाग ले रहे हैं। इस पदयात्रा का मुख्य मुद्दा लद्दाख, पर्यावरण और उसकी संस्कृति को जहां पर 90 फीसदी से अधिक की जनजातीय लोगों की आबादी हैं, उन्हें संरक्षण देने के लिए भारतीय संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने का जो वचन 2019 और 2020 के चुनावों में किया था, अब उस पर काम होना चाहिए। लद्दाख में लोकतंत्र की पुनर्स्थापना होनी चाहिए क्योंकि लद्दाख को यूटी का दर्जा दिए जाने के बाद से लद्दाख को अफसरशाही से चलाया जा रहा है, इसके साथ ही वहां पर लोकतंत्र के लिए कोई मंच नहीं है इसलिए लद्दाख में स्टेट हुड की मांग कर रहे हैं। अति संवेदनशील हिमालय के पर्यावरण के बारे में बात करते हुए कहा कि हिमालय को पवित्र देवभूमि की तरह देखना चाहिए क्योंकि जिस हिमालय में भगवान शिव का वास है, वो ऐसे पानी का स्रोत है, जो कि पूरे उत्तर भारत के लिए जल उपलब्ध करवाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे संवेदनशील स्थान को कॉरपोरेट सेक्टर के हवाले कर हम क्या पा लेंगे। उन्होंने कॉरपोरेट सेक्टर पर निशाना लगाते हुए कहा कि वो तो हिमालय का दोहन कर अपना फायदा निकाल कर चले जाएंगे, लेकिन बाद में बाढ़, भूस्खलन और अन्य प्राकृतिक आपदाओं को स्थानीय जनजातीय लोगों को भुगतना पड़ता है। (अनंत ज्ञान)

### विश्व विख्यात रेशा पश्मीना का अस्तित्व खतरे में

**सोनम** वांगचुक ने विश्व में सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली विश्व विख्यात रेशा पश्मीना के अस्तित्व पर खतरे पर मंडरा रहे खतरे के बारे में चेताते हुए कहा कि जिस तरह से लद्दाख के चांगथांग वैली में स्थित चांगपा समुदाय की हजारों साल पुरानी सभ्यता खतरे में ठीक उसी तरह से विश्व विख्यात रेशा पश्मीना का अस्तित्व भी खतरे की जद में आ चुका है और वो विस्थापित होने के कगार पर है। उन्होंने बताया कि चांगथांग में बड़े-बड़े चरागाह है, जो कि चांगथांग निवासियों की अस्तित्व को बनाए रखता है और चीन की ओर से पिछले 50-60 सालों से जिस तरह वन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के चरागाह पर अतिक्रमण चल रहा है उसके बारे में सरकार को गंभीरता दिखाने की जरूरत है।

### भुंतर पहुंचने पर हुआ गर्मजोशी से स्वागत



**भुंतर।** भुंतर सुधार समिति ने पर्यावरणविद सोनम वांगचुक का भुंतर पहुंचने पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। समिति के पदाधिकारियों ने भुंतर के गोंपा में बेज व खतक पहनाकर सोनम वांगचुक को सम्मानित किया।

सोनम वांगचुक पर्यावरण संरक्षण को लेकर लेह लद्दाख से दिल्ली पैदल यात्रा पर हैं और उनके साथ कारवां बढ़ता जा रहा है। भुंतर सुधार समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप ने कहा कि सोनम वांगचुक बहुत बड़े समाज सेवी हैं, इन्हें पर्यावरणविद के नाम से भी लोग जानते हैं। हिमालय में प्राकृतिक आपदाओं से जन धन की अपार हानि हो रही है। लद्दाख हिमालय का सबसे संवेदनशील क्षेत्र है। इसलिए एक चुनी हुई राज्य सरकार का होना मूलभूत सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए बहुत जरूरी है। यदि लद्दाख को छठी अनुसूची में डाल दिया जाए, तो पर्यावरण मित्र विकास के लिए अधिक अनुकूल वातावरण का निर्माण होगा। इसलिए पद मांगों को सहानुभूति पूर्ण विचार कर सरकार को मान लेना चाहिए और वहीं शेष हिमालय को पांचवीं अनुसूची में डाल देना चाहिए, ताकि हिमालय में रहने वाले लोगों के अधिकारों को बचाया जा सके।

### इंडोर बैडमिंटन प्रतियोगिता आज

**मनाली।** जिला बैडमिंटन एसोसिएशन कुल्लू की 24वीं जिला स्तरीय इंडोर बैडमिंटन प्रतियोगिता 20 से 22 तक आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में जिला भर से 150 से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे। इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अंडर-11, अंडर-13 और मास्टर्स वर्ग की प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। इस बार अंडर-11 और अंडर-13 वर्ग की प्रदेश स्तर की बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन भी कुल्लू में हो रहा है। यह प्रतियोगिता 29 से एक अक्तूबर तक कुल्लू इंडोर स्टेडियम में आयोजित होगी।

बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि एसोसिएशन 24वीं बार जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन कर रही है। युवा वर्ग नशे से दूरी बनाए रखें और पढ़ाई के साथ खेलों की ओर भी रुचि ले इस मकसद के साथ ही एसोसिएशन खेल का आयोजन करवाती आ रही है। बैडमिंटन एसोसिएशन के प्रेस सचिव हेमराज ठाकुर ने कहा कि इस बार यह प्रतियोगिता 20 से 22 सितंबर तक आयोजित की जा रही है।

## विद्यार्थियों का शिक्षा के साथ-साथ बहुआयामी गतिविधियों में सक्रिय रहना जरूरी : राहुल कुमार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग



समारोह के दौरान डीसी लाहौल-स्पीति विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

लाहौल के कुकमसेरी एकलव्य विद्यालय परिसर में दो दिवसीय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की राज्य स्तरीय सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं कला उत्सव प्रतियोगिता के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए डीसी राहुल कुमार ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य को देखते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ बहुआयामी गतिविधियों में सक्रिय रहना भी जरूरी है।

एकलव्य विद्यालयों के बच्चों को सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं कला उत्सव प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने पर बधाई देते हुए कहा कि किसी भी संस्थान के लिए वार्षिक उत्सव वर्षभर के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियां के लिए सम्मानित करने का अवसर होता है। इसके आयोजन से छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ उनको प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त होने के साथ और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहन भी मिलता है। समापन समारोह में उन्होंने निचार, लाहौल, पांगी व भरमौर के एकलव्य स्कूलों के जूनियर व सीनियर वर्ग के प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। डीसी ने कहा कि बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बच्चों को राष्ट्रीय स्तर की उड़ीसा में आयोजित होने वाली प्रतिस्पर्धा में भेजा जाएगा और उन्होंने यह उम्मीद जाहिर की कि राष्ट्रीय स्तर पर भी हिमाचल के एकलव्यन बेहतरीन प्रदर्शन कर अपना लोहा मंगवाएंगे तथा प्रदेश के साथ-साथ अपने स्कूलों का भी नाम रोशन करेंगे। इससे पूर्व कार्यक्रम का आगाज विधिवत रूप से दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुआ। प्रधानाचार्य राजीव गर्ग ने मुख्यातिथि का मंच पर खतक, टोपी, शाल पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### रेस में अंकुश व रेणुका प्रथम



**मनाली।** जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग के द्वारा 10 किमी रेस का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. रोमेश चंद्र ने किया। प्रो. ज्योति बाला ने बताया कि यह प्रतियोगिता कॉलेज के प्रांगण से प्रारंभ होकर सजला पुल तक 5 किमी तथा सजला पुल से 5 किमी वापस कॉलेज के प्रांगण तक रखी गई थी। इस प्रतियोगिता में महिला तथा पुरुष दोनों वर्गों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग में प्रथम अंकुश, रोहन द्वितीय व राजीव तृतीय रहे। महिला वर्ग में रेणुका प्रथम, सुषमा द्वितीय व मोनिका तृतीय स्थान पर रही।

## कुल्लू दशहरा से पूर्व मंडी बाइपास चालू करे राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण : देवेंद्र

मोहन कपूर, पतलीकूहल



प्रदेश कांग्रेस सचिव देवेंद्र नेगी ने कहा कि एनएचएआई अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा से पूर्व मंडी बाइपास चालू करे। उन्होंने कहा कि 2011 में तत्कालीन सड़क राजमार्ग/एवं परिवहन मंत्री भारत सरकार कमल नाथ ने किरतपुर-मनाली फोरलेन की स्वीकृति देकर लगभग 3500 करोड़ रुपए का बजट अप्रूव कर फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य किरतपुर एवं मनाली दोनों छोर से शुरू किया था।

नेगी ने कहा कि कमल नाथ के आशीर्वाद से वह स्वयं हाईपावर कमेटी में गैर-सरकारी मनोनीत सदस्य के रूप में शामिल थे। परिवहन मंत्रालय की ओर से टेंडर अवॉर्ड उपरांत छह वर्षों में 2018 तक इस कीरतपुर-मनाली फोरलेन का निर्माण कार्य पूरा किया जाना चाहिए था, लेकिन हैरानी की बात है कि आज भी यह कार्य अधूरा पड़ा है। परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सितंबर-2024 तक सड़क निर्माण कार्य पूरा करने की डैडलाइन दी है, लेकिन लगता है अभी दो वर्ष और इंतजार करना होगा। नेगी ने गडकरी से आग्रह किया कि अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा के मद्देनजर जो नागचला से विंद्रावणी के बीच वने 8.100 किलोमीटर लंबे बाइपास के पुलों व सुरंगों की सुरक्षा जांच के आदेश तुरंत जारी कर संबंधित केएमसी कंपनी को इस बाइपास को सुचारू करने के निर्देश दिए जाएं, ताकि मनाली आने वाले देश-विदेश के पर्यटकों को नागचला से वाया मंडी के मध्य लगने वाले सड़क जाम से राहत मिल सके।

## एनएचपीसी चरण-दो ने ज्ञान केंद्र को भेंट किए कंप्यूटर-पुस्तकें व फर्नीचर



अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-दो द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सतत् विकास (सीएसआर और एसडी) कार्यक्रम के अंतर्गत वीरवार को जिला प्रशासन, कुल्लू के ज्ञान केंद्रों के लिए निम्नलिखित सामग्री जयवंती ठाकुर, प्रोजेक्ट अधिकारी, डीआरडीए, कुल्लू को प्रदान की गई।

ऑल इन वन डेस्कटॉप कंप्यूटर-14, इंकजेट प्रिंटर-4, कंप्यूटर यूपीएस- 5, बुक रेक-3, इलेक्ट्रिकल हीटर-2, सीलिंग फेन-4, वाटर कूलर-3, स्टील अलमारी-6, स्टेनलेस स्टील बेंच-6, एलईडी टीवी 32 इंच-1, किताबें-432 वितरित कीं। ये सामग्री जिला प्रशासन, कुल्लू द्वारा ज्ञान केंद्र के विभिन्न सेंटरों को वितरित की जाएंगी। इस अवसर पर परियोजना के अंगद कुमार, महाप्रबंधक (सिविल), श्वेता ओझा, उपमहाप्रबंधक डॉ. राकेश प्रसाद, ग्रुप वरि प्रबंधक (पुस्तकालय) एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने इस कार्य के लिए एनएचपीसी की सराहना करते हुए परियोजना प्रमुख निर्मल सिंह का धन्यवाद किया।

## निरमंड में बनेगा रेडक्रॉस भवन, खुलेगा सार्वजनिक पुस्तकालय : तोरुल एस रवीश

अनंत ज्ञान, आनी



पात्र दिव्यांगजनों को व्हील चेयर व अन्य उपकरण वितरित करती डीसी कुल्लू।

डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने निरमंड में वीरवार को कहा कि निरमंड में रेडक्रॉस भवन का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा सार्वजनिक पुस्तकालय भी निरमंड में स्थापित होगा, जिससे कि स्थानीय लोगों विशेष कर युवाओं को लाभ होगा।

जिला प्रशासन मामले पर जलद आगामी कार्रवाई करेगा, ताकि निरमंड में रेड क्रॉस का अपना भवन हो और जरूरतमंदों की सेवा के लिए रेड क्रॉस प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर सके। डीसी ने निरमंड में जिला रेड क्रॉस सोसायटी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से आयोजित बहु आयामी जांच शिविर की अध्यक्षता की। उस दौरान उन्होंने यह बात कही। उन्होंने जिला स्तर पर सोसायटी की तरफ से आयोजित हो रही गतिविधियों पर भी प्रकाश डाला। एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया और रेडक्रॉस सोसायटी के योगदान और बहु आयामी जांच शिविर पर प्रकाश डाला। बीएमओ डॉ. संजय आनंद ने भी जांच शिविर पर विभिन्न जानकारी प्रदान की। स्थानीय प्रशासन ने डीसी सहित अन्य अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम में एसी कुल्लू शशि पाल नेगी, एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह, बीएमओ डॉ. संजय आनंद, सीडीपीओ नित्थर मनोज आनंद आदि लोग उपस्थित रहे।

### सहायक उपकरणों के लिए 25 को किया चिन्हित

स्वास्थ्य विभाग की दिव्यांगता जांच टीम ने शिविर में 182 मामलों को जांचा। इसी तरह सहायक उपकरणों के लिए करीब 25 लोगों को चिन्हित किया गया। शिविर में पात्र दिव्यांगजनों को कल्याण विभाग की ओर से सहायता उपकरण के तहत व्हीलचेयर आदि वितरित किए।

### सेऊ बाग ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

**कुल्लू।** शोढ़ाधार शौयरी मेले में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 15 टीमों ने भाग लिया। इस दौरान काफी रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इस आयोजन में मुख्यातिथि सेवानिवृत्त टी सुपरीटेंडेंट बिजली बोर्ड शिमला बुधराम ने शिरकत की, जिनका आयोजकों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान मुख्यातिथि ने कहा कि इस तरह की खेलकूद प्रतियोगिताएं आपस में भाईचारा पैदा करती हैं और साथ में शारीरिक विकास करने में भी मदद मिलती है। इस प्रतियोगिता के दौरान फाइनल मुकाबला शियाह और सेउबाग के बीच खेला गया, जिसमें सेऊ बाग की टीम ने जीत दर्ज की। इस मौके पर विजेता टीम को मुख्यातिथि के हाथों 5100 और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में देहुरी सैंज, राहला, आशानी, हवाई, सेउबाग, दियार, खोखन आदि टीमों ने भाग लिया।

### वाद-विवाद में अमीषा की टीम रही विजयी

**आनी।** निरमंड कॉलेज में अंग्रेजी विभाग की तीन दिवसीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता तीन राउंड में विभाजित रही, जिसे अंग्रेजी विभाग के छात्रों के लिए 17 से 19 सितंबर तक आयोजित किया गया। इन तीन दिनों में चार-चार सदस्यों की दो टीमों ने तीन अलग-अलग विषयों पर विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता संजीता, अतुल, हितेश और अमीषा की टीम ने जीती, जिसने अपने प्रभावशाली तर्कों और प्रस्तुति से तीन में से दो राउंड जीते।

## आवारा कुत्तों में फैली चमड़ी की बीमारी

अनंत ज्ञान, आनी



उपमंडल मुख्यालय आनी के आवारा कुत्ते इन दिनों खुजली, बाल झड़ना जैसी अजीब बीमारी के शिकार हो रहे हैं।

आवारा कुत्तों में फैली इस बीमारी के कारण कस्बे के लोग खासे परेशान हैं। इस समस्या को लेकर कस्बेवासियों ने पशुपालन विभाग से जरूरी कदम उठाने की अपील की है। आपको बता दें कि आनी कस्बे में घूमने वाले दर्जनों आवारा कुत्तों की चमड़ी लाल है, बाल झड़ चुके हैं और ये कुत्ते लगातार खुजली करते हुए यहां-वहां घूमते रहते हैं, जिससे लोगों में भय है कि इन कुत्तों की बीमारी से कहीं इंसान बीमार न हो जाए। वहीं, इस बारे में उपमंडलीय पशुपालन चिकित्सा अधिकारी अनुराधा वर्मा का कहना है कि गंदगी में पड़े रहने, साफ-सफाई न होने के कारण यह बीमारी होती है, जो एक प्रकार का फंगल इंफेक्शन है। उन्होंने कहा कि यह फैलने वाली बीमारी नहीं है, बल्कि इनका इलाज इंजेक्शन या फिर गोलियां हैं, जो स्थानीय लोगों की मदद से इन कुतों को पशुपालन विभाग द्वारा दी जा सकती है।




**स्वागत** फिल्मी, पंजाबी और पहाड़ी गीतों की झड़ी लगाकर युवाओं को नचाने में नहीं छोड़ी कसर

## व्यासर शौयरी में चला हिमाचली लोक गायक दीवान का जादू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



व्यासर में शौयरी मेले के दौरान परंपराओं का निर्वहन करते हुए लोग।

कुल्लू की बंदरोल पंचायत के गांव व्यासर में शौयरी मेले में जहां देव संस्कृति की झलक देखने को मिली। वहीं, रात्रि सांस्कृतिक संध्या में हिमाचली लोक गायक दीवान कुल्लवी ने धमाल मचाया।

दीवान कुल्लवी ने एक से बढ़कर एक कुल्लवी नाटी और पंजाबी गीत गाकर युवाओं को नचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। दीवान कुल्लवी ने बसे बलिए बसे बलिए, मेरी बालमा, सेवा रा लगा सीजन, तारा लड़िए, गोरा तेरा मुखड़ा गीत गाकर मेले में शामिल सैकड़ों युवा-युवतियों को खूब नचाया। इस मेले में समाजसेवी गिरिराज बतौर मुख्यातिथि पधारे। देव युवक मंडल के अध्यक्ष देवेंद्र और उनकी टीम ने उनके यहां आने पर फूलमाला और ढोल-नगाड़ों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इससे पूर्व व्यासर की महिला मंडलों ने कुल्लवी नाटी पेश कर वाहवाही लूटी और वहीं नन्ही बच्चियों ने भी डांस कर खूब तालियां बटोरी। वीरवार शाम को व्यासर के आराध्य देव कुंवरदान नाग, बाबा वीरनाथ, माता फुगनी के रथ मंदिर से बाहर निकले और देव कार्य का निर्वाह किया तत्पश्चात बंदरोल के देवता गौहरी वीरनाथ, देवता थान लाव लश्कर के साथ व्यासर मेले में पहुंचे। यहां देव कुंबरदान नाग और माता-फुगनी और वीरनाथ के साथ भव्य मिलन हुआ। इसके पश्चात सभी देवताओं ने देवनाटी में भाग लिया, जिसमें देवताओं के साथ देऊलू भी नाचे, जो दृश्य देखने योग्य था। दैनिक कार्यक्रम और खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ बांदरोल पंचायत की प्रधान निर्मला ठाकुर ने विधिवत रूप से किया। वहीं, इसी तरह शाम रात्रि सांस्कृतिक संध्या में हिमाचली लोक गायक संतोष तोशी और हिमाचली लोक गायिका रमना भारती धूम मचाएंगे।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517
सूचना
**मैं संजना देवी** (21 वर्ष) पुत्री श्री राम सिंह निवासी गांव पाहनाला डाकघर खड़ीहार, तहसील व जिला कुल्लू (हि.प्र.) व्यान करती हूं कि पंचायत के परिवार नकल रिकॉर्ड में मेरी जन्म तिथि 07-12-2003 सही दर्ज है, जबकि अस्पताल कुल्लू के जन्म रिकॉर्ड में मेरी जन्म तिथि 07-12-2004 गलत दर्ज है। अत: अस्पताल कुल्लू के जन्म रिकॉर्ड में मेरी जन्म तिथि 07-12-2003 सही दर्ज की जाए। सभी सबंधित नोट करें।

## न्यूज ब्रीफ

### भजौन के लापता युवक की पंजाब में मिली लाश

**पांवटा साहिब।** नौ सितंबर से लापता चल रहे पांवटा के गिरिपार भजौन निवासी 21 वर्षीय युवक रोहित चौहान की पंजाब में सड़क के किनारे डेड बॉडी मिली है। शुरुआत में मृतक युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई थी लिहाजा पुलिस के द्वारा लावारिस के तौर पर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया था। जांच के बाद मृतक युवक की पहचान और अन्य जानकारी भी पुलिस को मिल चुकी है। वहीं, पुलिस द्वारा इस मामले में बिलासपुर की एक लड़की व कुल्लू के एक युवक सहित पंजाब के कुछ लड़कों को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। शुरुआती जांच में मामला नशे की ओवरडोज का बताया जा रहा है। पंजाब की बलौंगी पुलिस ने फिलहाल गैर इरादत्तन हत्या का मामला दर्ज किया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद मौत के असली कारणों का पता चल पाएगा। शव को सड़क पर फेंकने व घटना को छिपाने के जुर्म में दोस्तों पर मामला दर्ज हुआ है।कॉल डिटेल के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया गया। पुलिस ने जांच की दिशा बदलते हुए युवक के परिजनों को सर्विलांस पर लिया, जिससे अंततः उसे पकड़ने में सफलता मिली। पकड़े गए युवक ने खुलासा किया कि वह पंजाब के बलौंगी गांव में एक लड़की से मिलने गए थे। लड़की को हिरासत में लेने के बाद पुरुवाला पुलिस ने स्थानीय पुलिस की सहायता से जांच को आगे बढ़ाया है।

### कलशयात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

**नाहन।** सिरमौर के उपमंडल मुख्यालय संगड़ाह में कलशयात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का शुभारंभ हुआ। बस अड्डा बाजार अथवा आयोजन स्थल से पंच बावड़ी तक पारंपरिक वाद्य-यंत्र दमेनू, ढोल व रणसिंघा आदि की ताल पर निकली शोभायात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालु महिलाओं ने भाग लिया और शिव मंदिर में यात्रा का समापन हुआ। आयोजकों में शामिल पंडित रामलाल शर्मा ने बताया कि, पित्रों की शांति व क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना के लिए श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।

### राजगढ़ में स्टूडेंट्स को दिलाई स्वच्छता की शपथ

**राजगढ़।** राजगढ़ कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा एनसीसी इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र वर्मा ने विद्यार्थियों व प्राध्यापकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। शपथ में प्रत्येक विद्यार्थी को अपने घर व गांव मे लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संदेश देने का संकल्प दिलाया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों की ओर से कॉलेज प्रांगण में सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में लगभग 85 एनएसएस स्वयंसेवी तथा 20 एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे।

### एक अक्तूबर रात्रि 8 बजे से होगा रामलीला का मंचन

**सोलन।** श्री जगदंबा रामलीला मंडल सोलन की एक विशेष बैठक सोलन के नरसिंह मंदिर में मंडल के अध्यक्ष मुकेश गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में रामलीला भव्य, सुंदर सुरक्षित हो उसको लेकर कलाकारों और मंडल के पदाधिकारियों ने अपने-अपने सुझाव रखे। रामलीला मंचन के लिए कार्य विभाजन कर दायित्व प्रदान किए गए। निर्देश हरीश मरवाह ने बताया कि स्थानीय कलाकारों में रामलीला को लेकर बहुत उत्साह है और रामलीला मंचन के लिए रिहर्सल शुरू कर दी जाएगी, ताकि अच्छी रामलीला का मंचन जनता को दिखाया जा सके। रामलीला मंचन के लिए 30 सितंबर को प्रातः 11 बजे गंज बाजार सोलन में मंच पूजन होगा, उसके पश्चात 3 बजे सायं गंज बाजार से नगर शोभायात्रा निकाली जाएगी। 1 अक्तू बर रात्रि 8 बजे रामलीला का मंचन होगा, जो 12 तक चलेगा। प्रधान मुकेश गुप्ता ने सभी शहर वासियों व आसपास की जनता से आग्रह किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में रामलीला का मंचन देखने आए और मंडल व कलाकारों का हौसला बढ़ाएं साथ ही उन्होंने आग्रह किया कि रामलीला मंचन के लिए राम भक्त व समस्त जनता मंडल को ज्यादा से ज्यादा सहयोग कर इस राम नाम के इस यज्ञ में अपना योगदान प्रदान करें।

### सहज सिंह शतरंज में खेलेंगे राष्ट्रीय स्तर पर

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर नादौन में आयोजित अंडर-9 स्टेट लेवल शतरंज चैंपियनशिप में सिरमौर के सहज सिंह ने दूसरा स्थान हासिल किया और राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है। सहज सिंह, जो कि नाहन के प्राथमिक पाठशाला मॉडल स्कूल में चौथी कक्षा के छात्र हैं, उन्होंने प्रदेश भर के विभिन्न जिलों के 35 से अधिक खिलाड़ियों के बीच अपनी अद्वितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अब सहज सिंह महाराष्ट्र में नवंबर के अंत में होने वाली राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

### खेलकूद प्रतियोगिता बंद होना ठीक नहीं

**सोलन।** प्राथमिक स्तर की खेलकूद प्रतियोगिताएं स्थगित होने से बच्चों और अध्यापकों तथा अभिभावकों में मायूसी छा गई है। प्राथमिक स्तर की अंडर-12 खेलकूद प्रतियोगिताएं बच्चों के लिए किसी ओलंपिक से कम नहीं है। खेलों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है तथा बचपन से ही बच्चे खेल की बारीकियां को सीखते हैं और आगे जाकर अच्छे खिलाड़ी बनते हैं। भारत का ओलंपिक में प्रदर्शन अच्छा नहीं है, तो उसकी सबसे बड़ी वजह खेलों के प्रति सरकार और विभाग की उदासीनता है। सरकारी विद्यालयों के बच्चों के लिए यह खेलकूद प्रतियोगिता खेलों के साथ- साथ एक्सपोजर विजिट संस्कृति के संरक्षण का बहुत बड़ा अच्छा मंच है। सरकारी विद्यालयों में ज्यादातर गरीब घर के बच्चे पढ़ते हैं, जिनको एक स्थान से दूसरे स्थान भ्रमण पर जाने के लिए कभी मौका नहीं मिलता है।

### 15 दिनों के भीतर करें, बिजली बिलों का भुगतान

**रिकांगपिओ।** बिजली उपमंडल पूह के सभी उपभोक्ता 15 दिनों के भीतर बकाया बिजली बिलों का भुकतान करें अन्यथा जमा न करने पर बिना सूचना के कनेक्शन काट दिए जाएंगे। अधिषासी अभियंता बिजली टाशी नेगी ने पूह के तहत आने वाले सरकारी/गैर-सरकारी व अन्य सभी उपभोक्ताओं जिन्होंने अभी तक बिजली बिलों की अदायगी नहीं की है उनसे आग्रह किया कि वे 15 दिनों के भीतर अपने बकाए बिजली बिलों की अदायगी सुनिश्चित बनाएं।

### सोलन कॉलेज में जांचा 400 का स्वास्थ्य

**सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन में शारीरिक शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों के लिए एक मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में विद्यार्थियों और अध्यापकों के बीएमआई तथा रक्तचाप की जांच की गई। इस शिविर में कॉलेज के लगभग 400 विद्यार्थियों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई तथा स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा कॉलेज के शिक्षक तथा गैर-शिक्षक वर्ग तथा अन्य कर्मचारियों ने भी अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक प्रो. रवि राम ने बताया कि समय-समय पर विद्यार्थियों का शारीरिक स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रीता शर्मा ने शारीरिक शिक्षा विभाग को इस सफल आयोजन की बधाई दी तथा स्टूडेंट्स को समय-समय पर अपने स्वास्थ्य जांच करवाने तथा स्वस्थ रहने की सलाह दी।

### जनकपुरी स्कूल में मतदान केंद्र खोलने पर की चर्चा

**रिकांगपिओ।** कार्यकारी जिला निर्वाचन अधिकारी किन्नौर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी पूह विनय मोदी ने जिले के राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं जिला निर्वाचन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में राजनीतिक दलों से प्राप्त प्रस्ताव जिनमें वर्तमान मतदान केंद्र-28 मूरंग से नया मतदान केंद्र राजकीय प्राथमिक पाठशाला खोक्पा में खोलने बारे विस्तृत चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त वर्तमान मतदान केंद्र-29 ग्रामंग को ग्रामंग स्कूल से बदल कर महिला मंडल भवन ग्रामंग में स्थापित करने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। बैठक में वर्तमान मतदान केंद्र-91 टापरी से जनकपुरी के मतदाताओं के लिए जनकपुरी स्कूल में नया मतदान केंद्र खोलने पर चर्चा की गई। बैठक में एसडीएम कल्पा डॉ. मेजर शशांक गुप्ता, सहायक आयुक्त विजय कुमार, तहसीलदार निर्वाचन जीएस राणा, खंड विकास अधिकारी पूह अभिषेक बरवाल, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सहित जिला निर्वाचन विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

### बोल्डर्स गिरने से लोगों ने भाग कर बचाई जान

**रिकांगपिओ।** वीरवार सुबह मालिंग नाले के समीप पहाड़ी से अचानक बोल्डर्स गिरने से अवरुद्ध मार्ग पार कर रहे यात्रियों ने भाग कर जान बचाई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई नुकसान नहीं हुआ। जिले के ऊपरी क्षेत्र चांगो, शलखर व स्पीति क्षेत्र को जोड़ने वाली एनएच-505 मालिंग नाला के पास पहाड़ी से पत्थर गिरने से मार्ग बुधवार रात से अवरुद्ध था, जिसे बहाल करने के लिए वीरवार सुबह सीमा सड़क संगठन ने मशीन लगाई। वहीं, कुछ यात्री अवरुद्ध सड़क को पार कर रहे थे कि अचानक पहाड़ी से बड़े-बड़े बोल्डर्स आ गिरे, जिस से अफरा-तफरी मच गई व यात्री दौड़ने लगे। इस घटना में कोई नुकसान नहीं हुआ। सीमा सड़क संगठन के अधिकारी राकेश ने कहा कि मार्ग अवरुद्ध था की अचानक सुबह बोल्डर्स गिरे।

### पिंजौर फोरलेन कंपनी ने शुरू किया नौवा पुल

**बीबीएन।** पिंजौर से नालागढ़ के निर्माणाधीन 33 किलोमीटर फोरलेन परियोजना का नौवा पुल को शुरू कर दिया गया है। यह हरियाणा राज्य के झोलूवाल में स्थित है। पुल के शुरू होने से बद्दी से पिंजौर, कालका व पंचकूला की तरफ आवाजाही करना अब और सुगम हो गया है। कंपनी के पदाधिकारियों ने विधिवत इस पुल की पूजा-अर्चना कर नारियल फोड़ कर शुरूआत कर दी है। इस पुल के शुरू होने से करीब एक किलोमीटर तक के सफर में अब आवाजाही में आसानी होगी। बता दें कि इस परियोजना का यह नौवा पुल बनकर तैयार हो चुका है, हालांकि इस पुल पर कुल छोटे-बड़े करीब 30 पुल बनाए जा रहे हैं। पुल के उद्घाटन समारोह में कंपनी के परियोजना प्रबंधक सतेंद्र कुमार मुख्य रूप से पहुंचे। उनके साथ सड़क विभाग के जसकरण, अर्पित जैन, शिवम सिंह, राकेश सिंह, बीके मिश्रा, एचआर अतुल कुमार मिश्रा सहित अन्य शामिल रहे।

# होटलों, रेस्तरां, बैंक्वेट हॉल में प्रतिबंधित प्लास्टिक का शून्य अपशिष्ट होगा उपयोग

**आर मोहन चौहान, सोलन**

पर्यावरण संरक्षण और संतुलित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए नगर निगम सोलन ने शहर के होटलों, रेस्तरां, बैंक्वेट हॉल में शून्य अपशिष्ट उपयोग करने का निर्णय लिया है। इसको लेकर होटल पैरागोन में निगम आयुक्त एकता कापटा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में होटल एसोसिएशन सोलन के अध्यक्ष सुरेंद्र वर्मा और अन्य पदाधिकार मौजूद रहे। इसमें होटल एसोसिएशन की तरफ से हर होटल का प्रयास सोलन को स्वच्छ विकास का नारा दिया गया।

नगर निगम आयुक्त एकता कापटा ने कहा कि यह पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण के लिए उत्पन्न होने वाले कचरे की मात्रा को कम करने के लिए अपनाई जा सकती है। कार्यक्रमों की तस्वीरें नगर निगम सोलन के साथ mcorp.solan@gmail.com पर साझा की जा सकती हैं, ताकि उन्हें स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत भारत सरकार के पोर्टल पर अपलोड किया जा सके। शून्य अपशिष्ट कार्यक्रम के प्रमुख घटक इस प्रकार हैं। कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्रदर्शित करने के लिए किसी भी प्लास्टिक/फ्लेक्स पोस्टर/साइनेज का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। सभी पोस्टर/साइनेज कपड़े, जूट, कागज आदि जैसे पर्यावरण के अनुकूल सामग्रियों पर मुद्रित किए जाने चाहिए। गेट पर स्वागत बोर्ड पर स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना चाहिए कि यह एक स्वच्छ या शून्य अपशिष्ट कार्यक्रम है। (अनंत ज्ञान)



एकता कापटा होटल एसोसिएशन के सदस्यों के साथ शून्य अपशिष्ट की अपील करती हुई।

### होटलियर को दिलाई स्वच्छता की शपथ

नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेश गुप्ता ने होटल एसोसिएशन के सदस्यों को स्वच्छता की शपथ दिलाई, जिसमें शून्य अपशिष्ट उत्पाद अपनाने और 100 लोगों को शून्य अपशिष्ट के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। वहीं, निगम आयुक्त एकता कापटा ने शहर के लोगों से भी प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने की अपील की। उन्होंने कहा कि गंदगी फैलाने वालों के वीडियो बनाकर निगम को भेजे जा सकते हैं, जिसकी सूचना गोपनीय रखी जाएगी साथ ही कूड़ा फैलाने वालों के चालान भी काटे जाएंगे।

### होटलों में नहीं होगा प्लास्टिक का उपयोग

**प्लास्टिक** से बने किसी भी फूल/सजावट का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। प्रवेश द्वार पर पैर से चलने वाली सैनिटाइजर मशीनें लगाई जाएंगी। यदि प्रासंगिक हो, तो शहर के स्वच्छता शुभंकर का कट-आउट मशीन के बगल में रखा जा सकता है। प्रतिभागियों को कार्यक्रम के विभिन्न क्षेत्रों में निर्देशित करने के लिए स्पष्ट संकेत लगाए जाएंगे। कार्यक्रम स्थल तक पहुंच दिव्यांगों के अनुकूल होगी। पुनः प्रयोज्य या पुनर्चक्रण का उपयोग कचरे का पृथक्करण अर्थात पुनर्चक्रण, गीला और सूखा कचरा की पहल की जा सकती है। प्लास्टिक की बोतलों का उपयोग न करें। पर्यावरण के अनुकूल या बायोडिग्रेडेबल कटलरी का उपयोग करें। होटल एसोसिएशन सोलन के अध्यक्ष सुरेंद्र वर्मा ने नगर निगम के अधिकारियों का संपूर्ण सहयोग का आश्वासन किया। उन्होंने कहा कि होटल एसोसिएशन आने वाले समय में शून्य अपशिष्ट का उपयोग करने का प्रयास करेगी, ताकि कम से कम कूड़ा बने। साथ ही शून्य अपशिष्ट उत्पाद का प्रयोग कर इसका रिसाइकिल उपयोग भी किया जा सके।

# न्यूनतम मासिक पेंशन में की जाए बढ़ोतरी, सौंपा ज्ञापन


अंबुजा सीमेंट कर्मचारी संघ नायब तहसीलदार दाड़लाघाट को ज्ञापन सौंपते हुए।

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

अंबुजा सीमेंट कर्मचारी संघ भारतीय मजदूर संघ इकाई दाड़लाघाट ने नायब तहसीलदार दाड़लाघाट प्रेम लाल शर्मा के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कर्मचारी पेंशन स्कीम-1995 के अंतर्गत न्यूनतम मासिक पेंशन में बढ़ोतरी के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। इसकी अध्यक्षता इकाई अध्यक्ष सुरेश ठक्कुर ने की।

ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि वर्तमान में कर्मचारी पेंशन स्कीम ईपीएस-1995 के अंतर्गत न्यूनतम मासिक पेंशन एक हजार रुपए एक सितंबर, 2014 से प्रभावशील है। वर्ष 2014 से वर्ष 2024 के मध्य लगभग 10 वर्षों के दौरान महंगाई में भी काफी हद तक इजाफा हुआ है। इस कारण न्यूनतम मासिक पेंशन के एवज में मिलने वाली राशि का वास्तविक मूल्य आज की तिथि में अत्यंत अल्प एवं नगंय हो चुका है। इस कारण पेंशन धारक का जीवन यापन इस न्यूनतम पेंशन की वर्तमान राशि से करना अत्यंत ही दूभर हो गया है। संगठन की तरफ से पूर्व में अनेक बार संबंधित फोरम पर न्यूनतम पेंशन की राशि बढ़ाने के लिए उचित पहचान की गई है। वर्तमान के उपलब्ध आकड़ों के अनुसार लगभग 15 लाख, कर्मचारी पेंशन स्कीम ईपीएस 1995 के अंतर्गत पेंशन भोगी हैं। भारतीय मजदूर संघ ने प्रमुख मांगें कर्मचारी पेंशन स्कीम ईपीएस-1995 के अंतर्गत देय न्यूनतम पेंशन राशि बढ़ोतरी कर इसे 5000 रुपए प्रति माह किया जाए।

# जाबल में हुई चोरी के पांच आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अर्की के जाबल गांव में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के मुताबिक रोशन लाल निवासी गांव जाबल डाकखाना बथालंग तहसील अर्की ने पुलिस थाना अर्की में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि यह व इसकी पत्नी शिमला में नौकरी करते हैं। छुट्टी वाले दिन ही घर आते हैं। 16 जुलाई को यह अपनी सहित अपने गांव जाबल आए थे। 18 को ये दोनों वापस शिमला चले गए थे। 19 को 3 बजे दिन में इसे इसके भाई ने फोन पर सूचित किया कि इनके कमरे का दरवाजा खुला है व सामान विखरा पड़ा है, जिस पर यह अपनी पत्नी सहित अपने घर पहुंचा और सामान चेक किया, तो अंदर से सोने की चार अंगूठी, तीन चाक एक छोटा मंगल सूत्र, कांटे, चांदी के चार कड़े, एक जोडी पायल व मगल सूत्र चोरी होने पाए। चोरी हुए गहनों की कीमत लगभग 2,50,000 है, जिस पर पुलिस थाना अर्की में मामला दर्ज किया गया था।


अर्की के जाबल गांव में हुई चोरी के मामले में पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान आरोपियों की धरपकड़ के लिए थाना अर्की की पुलिस टीम की ओर से प्रयास किए जा रहे थे। उक्त टीम ने 18 को 5 आरोपियों अजय कुमार, अक्षय कुमार, हैप्पी, पम्मी व अनूप को जिला कारागार कैथू शिमला से स्थानांतरित/गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार सभी आरोपियों को 18 को न्यायालय में पेश कर 3 दिन का पुलिस रिमांड हासिल कर गहनता से पूछताछ की जा रही थी।

जांच के दौरान पाया गया कि उक्त सभी आरोपी पहले भी अपराधिक वारदातों में संलिप्त रहे है, जिनके विरुद्ध छोटा शिमला थाना में चोरी का एक मामला दर्ज है, जिनमें 8 लाख रुपए के गहने चोरी किए थे इसके अतिरिक्त उक्त गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध जिला बिलासपुर में भिन्न-2 थानों में चोरी व लड़ाई-झगड़ों के कई मामले पंजीकृत है। मामले में जांच जारी है।

## बद्दी हत्याकांड मामले में 16वां आरोपी गिरफ्तार

**बीबीएन।** औद्योगिक क्षेत्र बद्दी की ट्रक यूनियन के पास हुए 25 अगस्त के हत्याकांड मामले में पुलिस जल्द ही बड़ा खुलासा करने जा रही है। पुलिस ने इस मामले में वीरवार को एक अन्य आरोपी को पकड़ने में सफलता पाई है, अब तक 16 आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 103 और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वीरवार को पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी लुकेश उर्फ जस्सी पुत्र जय पाल निवासी खरुका, डाकघर चिकन, तहसील कालका, जिला पंचकूला हरियाणा व उम्र 19 साल को गिरफ्तार कर लिया गया है। युवक को अदालत में पेश किया जा रहा है। एसपी बद्दी इल्मा अफरोज ने बताया कि पुलिस इस मामले में इमानदारी से काम कर रही है और हत्याकांड में शामिल एक-एक युवक को पकड़ कर उसे हत्या का आरोपी करार देती है। इस मामले में कोई भी आरोपी बख्शा नहीं जाएगा। जल्द ही इस सारे मामले से पर्दा उठा दिया जाएगा।

## स्टूडेंट्स को दिलाई स्वच्छता की शपथ

**पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान का आगाज तहसीलदार ऋषभ शर्मा ने किया, इस दौरान छात्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत राजकीय कन्या विद्यालय, पांवटा साहिब व श्री गुरू गोविंद सिंह जी कॉलेज पांवटा साहिब में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थियों, शिक्षकों और नगर परिषद, पांवटा साहिब के प्रमुख अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य विशेषता सभी विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता की शपथ ग्रहण करना रही, जिसका नेतृत्व राजकीय कन्या विद्यालय के प्रधानाचार्य ने व श्री गुरू गोविंद सिंह कॉलेज में मुख्यातिथि ऋषभ शर्मा तहसीलदार पांवटा साहिब ने स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हमें न केवल विद्यालय परिसर में, बल्कि अपने दैनिक जीवन में भी स्वच्छता बनाए रखनी चाहिए।

## परवाणू में हल्के वाहनों की नीलामी 25 को

**परवाणू।** 25 सितंबर को पुलिस थाना परवाणू में हल्के वाहनों की नीलामी की जाएगी। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक सोलन गौरव सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि नीलामी उपपुलिस अधीक्षक परवाणू की अध्यक्षता में गठित नीलामी समिति की देखरेख में प्रातः 11 बजे पुलिस थाना परवाणू में आरंभ होगी। नीलामी होने वाले हल्के वाहन पुलिस थाना परवाणू में देखे जा सकते हैं। इसके लिए उपपुलिस अधीक्षक परवाणू की अनुमति प्राप्त करनी होगी। बोली कर्ता को बोली आरंभ होने से पूर्व पुलिस थाना परवाणू में धरोहर राशि के रूप में 10 हजार रुपए की राशि जमा करवानी होगी। अधिक जानकारी के लिए पुलिस थाना परवाणू में संपर्क किया जा सकता है।

## शूलिनी के शोधकर्ता प्रतिष्ठित सूची में शामिल

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय के 20 शोधकर्ताओं को एल्सेवियर के स्कोपस डेटा के आधार पर स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय की ओर से संकलित एक प्रतिष्ठित सूची में दुनिया के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों में मान्यता दी गई है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी सूची, जिसे व्यापक रूप से वैज्ञानिक प्रभाव के लिए एक बेंचमार्क माना जाता है, उसमें दो अलग-अलग श्रेणियां हैं। एक कैरियर-लांग डेटा पर आधारित और दूसरी वर्ष-2023 में प्रदर्शन पर केंद्रित है। शोधकर्ताओं को बधाई देते हुए, संस्थापक और चांसलर प्रोफेसर पीके खोसला ने कहा, यह मान्यता वैश्विक अनुसंधान में विश्वविद्यालय के बढ़ते प्रभाव और वैज्ञानिक उत्कृष्टता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को उजागर करती है।

## शूलिनी करेगा हिमालयन शिखर सम्मेलन

**सोलन।** भारत में नेतृत्व विकास और कोचिंग में बदलाव के लिए शूलिनी विश्वविद्यालय 20 और 21 को हिमालय शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने जा रहा है। शिखर सम्मेलन वैश्विक नेताओं, वरिष्ठ शिक्षाविदों और उद्योग विशेषज्ञों को एक साथ लाएगा, जिसका लक्ष्य कॉर्पोरेट और शैक्षणिक क्षेत्रों में कोचिंग को एकीकृत करने के लिए नए मानक स्थापित करना है। शिखर सम्मेलन में कोचिंग, शिक्षा और उद्योग के क्षेत्रों से 30 प्रतिष्ठित वक्ता शामिल होंगे, जिनमें विभिन्न क्षेत्रों में उनके नेतृत्व के लिए मान्यता प्राप्त 10 वैश्विक सी-सूट अधिकारी शामिल होंगे। उल्लेखनीय वक्ताओं में जनरल वीपी मलिक, भारतीय सेना के पूर्व प्रमुख, मैग्डेलेना नोविका मूक, इंटरनेशनल कोचिंग फेडरेशन की सीईओ और राष्ट्रीय मानव संसाधन विकास नेटवर्क के अध्यक्ष प्रेम सिंह शामिल हैं।

## पांवटा और नाहन में बिजली की खरीद बंद

**पांवटा साहिब।** प्रदेश के प्रमुख क्षेत्र पांवटा साहिब, नाहन और धौलाकुआं के लिए पड़ोसी राज्य उत्तराखंड से ली जा रही बिजली आगे नहीं ली जाएगी। हिमाचल के पास अपनी बिजली की कोई कमी नहीं है, लेकिन इन क्षेत्रों के लिए ट्रांसमिशन की जो हैवी लाइन चाहिए, वह हिमाचल के पास नहीं है। अब हिमाचल यहां खुद अपनी ट्रांसमिशन लाइन तैयार करने वाला है, जिससे उत्तराखंड पर निर्भरता तो खत्म होगी, वहीं इंडस्ट्रियल एरिया व आसपास के क्षेत्रों की बिजली की समस्या पूरी तरह से हल हो जाएगी। यहां राज्य सरकार ने तय किया है कि पांवटा साहिब के लिए अपनी ट्रांसमिशन लाइन बनाई जाएगी, जिसके लिए टेंडर फाइनल हो गया है। प्रदेश का ट्रांसमिशन कारपोरेशन यहां पांवटा साहिब में 220 केवी क्षमता का एक ट्रांसमिशन स्टेशन बनाएगा, जिसकी कुल लागत 115 करोड़ रुपए होगी। बताया जाता है कि टेंडर के लिए जो भी औपचारिकताएं हैं, वो लगभग पूरी हो चुकी हैं और इसी सप्ताह टेंडर कर दिया जाएगा। ट्रांसमिशन कारपोरेशन को इसकी जिम्मेदारी दी गई है, जिसने यहां पर जगह भी देख ली है। यहां बता दें कि उत्तराखंड से इन क्षेत्रों के लिए 200 एमवीए क्षमता तक बिजली ली जाती है। उत्तराखंड सरकार ने 200 एमवीए पर कैपिंग लगा रखी है, जिससे ज्यादा बिजली उनसे नहीं ली जा सकती।

# लक्ष्य पब्लिक स्कूल ने बॉक्सिंग और बास्केटबॉल में जीते मेडल

**अनंत ज्ञान, अर्की**



अर्की के कुनिहार में 15 से 17 सितंबर तक चली जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन बड़ी धूमधाम से हुआ।

प्रतियोगिता में लक्ष्य पब्लिक स्कूल अर्की के 9 बच्चों ने बॉक्सिंग और अन्य बच्चों ने बास्केटबाल की प्रतियोगिता में भाग लिया, इन प्रतियोगिताओं में उन्होंने दो स्वर्ण, दो रजत और पांच ने कांस्य पदक प्राप्त किए एवं प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया और साथ ही बास्केटबाल में एक छात्र राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ है। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य वीना गुप्ता और आकाश गुप्ता ने विजय छात्रों व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित छात्र व शारीरिक प्रशिक्षक जुगल किशोर को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# स्पोर्ट्स किट की वितरित

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**



अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट की ओर से खिलाड़ी छात्राओं को स्पोर्ट्स किट वितरित की गईं।

धार्मिक युवा क्लब के सदस्य चेतन ने बताया कि दाड़लाघाट में समय-समय पर खेल के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से भिन्न तरह की गतिविधियों का आयोजन किया जाता आ रहा है। इसी को लेकर दाड़ला की खिलाड़ी छात्राओं को स्पोर्ट्स किट के लिए अंबुजा फाउंडेशन से आग्रह किया गया, जिसको लेकर अंबुजा फाउंडेशन के यूनिट हेड राजेंद्र कुर्मी व अंबुजा फाउंडेशन के कार्यक्रम प्रबंधक भूपेंद्र गांधी ने इनकी मांग को पूरा करते हुए अंबुजा फाउंडेशन की ओर से 13 खिलाड़ी छात्राओं को स्पोर्ट्स किट प्रदान की। वॉलीबाल कैप्टन यशस्वी ने बताया कि यूनिट हेड राजेंद्र कुर्मी ने एक-एक कर सभी खिलाड़ियों से मिले एवं उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

# स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



**सोलन।** नगर निगम सोलन के वार्ड नंबर-5 के उपनिर्वाचन के दृष्टिगत निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी सोलन के आदेशों की अनुपालना में नगर निगम सोलन के विश्राम गृह में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया।

यह निरीक्षण दो इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम), बैलेट यूनिट तथा कंट्रोल यूनिट की स्थिति जांचने के लिए किया गया। यह जानकारी नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम, सोलन प्रियंका चंद्रा ने दी। उन्होंने कहा कि ईवीएम जांचने के उपरांत नायब तहसीलदार सोलन जगदीश शर्मा को सौंप दी गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस समिति सोलन के महासचिव शिव दत्त ठाकुर, भाजपा सोलन मंडल के उपाध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा, जिला कांग्रेस समिति सोलन की उपाध्यक्ष संधीरा दुल्टा, आप के जिला अध्यक्ष भरत ठाकुर एवं अन्य उपस्थित थे।

# पेंशनर्स महासंघ की मांग, डीए एरियर का भुगतान किया जाए

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल पेंशनर्स महासंघ की वर्चुअल बैठक प्रदेशाध्यक्ष इंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में हुई।



इसमें राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के अखिल भारतीय अध्यक्ष व पेंशनर्स महासंघ के संगठन मंत्री विपन डोगरा ने विशेष रूप से भाग लिया। बैठक में राजेंद्र भंगालिया, सुरजीत राणा, अनिल गुप्ता, इंदिरा माजटा, रतन लाल, जीवन समटा, प्रेम भागटा सहित अन्य ने भाग लिया। पेंशनर्स महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरजीत राणा ने बताया कि राज्य कार्यकारिणी बैठक में प्रदेश सरकार द्वारा पेंशनर्स की हो रही उपेक्षा पर चिंता व्यक्त की और मुख्यमंत्री से पेंशनर्स की न्यायोचित मांगों का शीघ्र निपटारा करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बकाया एरियर, संशोधित ग्रेविटी, महगांई भत्ते की लंबित किश्तों को जारी करने, पेंशन का भुगतान एक को अदा करने, रेलवे में वरिष्ठ नागरिकों को पूर्व की तरह मिलने वाली आदि सुविधा देना शामिल है।

**सफलता** बद्दी पुलिस ने 15 माह में चोरी हुए 43 लाख के मोबाइल ढूंढकर मालिकों को लौटाए, बाहरी राज्यों में बेचे थे मोबाइल

# 70,000 रुपए के दो मोबाइल ढूंढकर असल मालिकों को लौटाए

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ क्षेत्र में मोबाइल चोरों व स्नैचरों द्वारा चुराए मोबाइल फोन को पुलिस ने ढूंढ निकाला है।

बीते 15 महीनों के अंतराल में चोरी किए गए करीब 235 मोबाइल फोन पुलिस ने अलग-अलग राज्यों से ढूंढकर असल मालिकों के हवाले किए हैं, अब इन मोबाइल फोन को फोन मालिकों की वेरिफिकेशन के बाद पहुंचाया जा रहा है। चोरी हुए इन मोबाइलों की कुल कीमत करीब 43 लाख रुपए आंकी जा रही है। पुलिस के अनुसार मई-2023 में उन्होंने चोरी हुए मोबाइल की तलाश का एक अभियान शुरू किया था। इस अभियान के तहत उन्होंने अपने साइबर सेल की मदद ली और अधिकतर मोबाइल को ढूंढ निकाला है। पुलिस ने बताया कि इनमें से करीब 50 से अधिक मोबाइल उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा व दिल्ली से बरामद किए गए हैं, जब भी कोई व्यक्ति मोबाइल चोरी या गुम होने की रिपोर्ट पुलिस जिला बद्दी के थाना में करवाता है, तो उसके मोबाइल को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से ढूंढकर असल मालिक को वापस किया जाता है। इस पर कार्य करते हुए वीरवार को बद्दी पुलिस ने दो मोबाइल करीब 70,000 रुपए के ढूंढकर असल मालिकों को लौटाए हैं।


बद्दी पुलिस चोरी हुए मोबाइल मालिकों को लौटाते हुए।

### सस्ते के चक्कर में न खरीदें पुराने मोबाइल : एसपी

**जिला** बद्दी पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज का कहना है कि यह देखने में आया है कि चोरी हुए मोबाइल फोन आम जनता द्वारा बिना बिल या मोबाइल फोन के मालिक को सत्यापित करे बिना ही सस्ते में खरीद लिए जाते हैं, लेकिन यह खरीद उन्हें निकट भविष्य में बड़ी परेशानी में डाल सकती है। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील की है कि वह इस तरह की चोरी का भागीदार बनने से बचें। बद्दी पुलिस क्षेत्र के नागरिकों से यह अपील करती है कि यदि आप कोई मोबाइल खरीद फरोख्त करते हैं, तो बिना बिल और मोबाईल के डिब्बे के बिना मोबाइल न खरीदें।

### क्या है सीईआईआर

**दूरसंचार** विभाग ने चोरी हुए या गुम हुए फोन को हर नेटवर्क पर ब्लॉक करने के लिए 2019 में सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (सीईआईआर) की स्थापना की थी। अब यह सेवा पूरे देश में उपलब्ध है। सीइआइआर मोबाइल के आइएमईआइ डेटाबेस पर काम करता है। यह प्लेटफार्म मोबाइल फोन निर्माता कंपनियों और टेलीकाम आपरेटर के साथ मिलकर काम करता है, यदि किसी का फोन चोरी या गुम हो जाता है और व्यक्ति इसकी रिपोर्ट करता है, तो सीइआइआर की मदद से फोन को ब्लॉक कर दिया जाता है, ताकि इसका गलत उपयोग न हो। यदि कोई व्यक्ति सिम कार्ड बदल के भी फोन का उपयोग करना चाहेगा, तो यह संभव नहीं है।

न्यूज ब्रीफ

## प्रभावितों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 56.30 लाख की राशि स्वीकृत

**अनंत ज्ञान, देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस वर्ष 31 जुलाई को केदारनाथ क्षेत्र में अतिवृष्टि, लिनचोली और सोनप्रयाग तक पैदल तथा मोटर मार्ग क्षतिग्रस्त होने से विभिन्न प्रभावित व्यवसायियों को 56.30 लाख की राहत राशि मुख्यमंत्री राहत कोष से दिए जाने की स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री द्वारा इससे पूर्व भी प्रभावित व्यवसायियों के लिए 9.8 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है। मुख्यमंत्री के सचिव शैलेश बगोली द्वारा जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग को जारी पत्र में स्पष्ट किया है कि उनके अनुरोध पर 56.30 लाख की धनराशि और स्वीकृत की गई है। उन्होंने बताया कि प्रस्ताव के संदर्भ में शासन स्तर पर सम्यक विचारोपरांत मुख्यमंत्री के निर्देश पर निर्णय लिया गया कि मुख्यमंत्री राहत कोष से लिनचोली-सोनप्रयाग तक के अतिवृष्टि के प्रभावितों की क्षतिपूर्ति हेतु जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग से प्राप्त प्रस्तावानुसार उपरोक्त धनराशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि स्वीकृत धनराशि का भुगतान प्रभावितों को करने से पूर्व प्रकरणों का संगत शासनादेशों में किए गए प्रावधानों के तहत परीक्षण तथा प्रभावितों का नियमानुसार सत्यापन करने के उपरांत पूर्णतः संतुष्ट होने पर भुगतान यथासंभव ई-बैंकिंग के माध्यम से सुनिश्चित किया जाएगा। जहां ई-बैंकिंग की सुविधा न हो, वहां धनराशि डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से वितरित की जाएगी।

## उत्तराखंड के चार गांवों को मिलेगा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, देहरादून।** ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की ओर से उत्तराखंड के चार गांवों को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार के लिए चुना गया है। यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति के मुताबिक, यह पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय पर्यटन दिवस 27 सितंबर को नयी दिल्ली में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया जाएगा। उत्तरकाशी जिले के जखोल गांव को साहसिक पर्यटन, हर्षिल गांव को 'वाइब्रेंट विलेज', पिथौरागढ़ जिले के सीमांत गुंजी गांव को 'वाइब्रेंट विलेज' और नैनीताल जिले के सूपी गांव को कृषि पर्यटन के लिए सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार के लिए चुना गया है। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय हर वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता आयोजित करती है जिसमें गांवों को संस्कृति और प्राकृतिक संपदा के संरक्षण, समुदाय आधारित मूल्यों एवं जीवन शैली को बढ़ावा देने एवं आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता को परखा जाता है।

## मणिपुर में सात आईईडी बम किए बरामद

**मणिपुर।** हिंसाग्रस्त मणिपुर में भारतीय सेना और मणिपुर पुलिस ने उग्रवादियों के एक बड़े मंसूबे को नाकाम कर दिया और भारी जानमाल के नुकसान होने से बचा लिया। भारतीय सेना और मणिपुर पुलिस की तरफ से चलाए गए एक बड़े संयुक्त ऑपरेशन में इंफाल पूर्व जिले में बोंगजांग और इथम गांवों के पास पहाड़ी क्षेत्रों से बड़ी मात्रा में आईईडी बम बरामद किए गए हैं।

## कर्नाटक सेक्स स्कैंडल: रेवन्ना की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**कर्नाटक।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने वीरवार को जनता दल (एस) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना की जमानत याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। प्रज्वल पर यौन शोषण और रेप के आरोप हैं। जस्टिस एम नागप्रसन्ना की बेंच ने रेवन्ना की याचिका और शिकायतों से जुड़ी 2 अग्रिम जमानत याचिकाओं पर दलीलें सुनीं। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने वकीलों को पीड़ितों के नाम का उल्लेख करने से बचने और इसके बजाय मामले के दस्तावेजों में स्पेशल डीटेल बताने का निर्देश दिया।

## अमिताभ बच्चन ने मराठी शब्द 'कचरा' पर मांगी माफी

**नई दिल्ली।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने एक वीडियो में मराठी शब्द 'कचरा' का गलत उच्चारण करने पर माफी मांगी है। बच्चन ने बुधवार को एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने सड़कों पर कूड़ा न फैलाने का संकल्प लिया। हालांकि, उनके दोस्त और गायक सुदेश भोसले ने वीडियो में अभिनेता की एक गलती की ओर ध्यान दिलाया। इसके बाद अब अभिनेता ने एक और वीडियो पोस्ट साझा करके यही बात बताई और अपनी गलती के लिए माफी मांगी। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'एक वीडियो बनाया था, जिसमें उच्चारण गलत था.. इसलिए इसे ठीक कर दिया.. क्षमा करें।' उन्होंने वीडियो की शुरुआत करते हुए कहा, 'नमस्ते, मैं अमिताभ बच्चन हूं। कुछ दिन पहले मैंने सामाजिक जागरूकता बढ़ाने पर एक वीडियो साझा किया था जिसमें कहा गया था कि मैं कूड़ा नहीं फैलाऊंगा। मैंने मराठी भाषा में भी यही बात कही थी और मराठी में मेरा उच्चारण थोड़ा गलत था।'

## दूरसंचार कंपनियों के एजीआर से जुड़ी याचिकाएं खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से दूरसंचार कंपनियों को झटका लगा है। कोर्ट ने वोडाफोन आइडिया और भारती एयरटेल सहित कई कंपनियों की उन याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिनमें समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) में कथित त्रुटियों को सुधारने का अनुरोध किया गया था। सीजेआई चंद्रचूड़ की पीठ ने दूरसंचार कंपनियों की उस याचिका को भी खारिज कर दिया, जिसमें सुधारात्मक याचिकाओं को खुली अदालत में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया था।

## कंगना की फिल्म इमरजेंसी पर फैसला 25 को



**मुंबई।** कंगना की विवादित फिल्म इमरजेंसी को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। याचिका कंगना और जी स्टूडियो ने दायर की है। उन्होंने आपत्ति जताई है कि सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेश (सीबीएफसी) ने फिल्म को पहले सर्टिफिकेट दे दिया था, लेकिन 6 सितंबर को होने वाली रिलीज से 4 दिन पहले इस पर रोक लगा दी। कोर्ट ने सीबीएफसी को आदेश दिया कि वह 25 सितंबर तक फिल्म सर्टिफिकेशन पर फैसला दे। मामले की अगली सुनवाई 25 सितंबर को ही होगी। सेंट्रल बोर्ड ने इस मामले में फैसला देने के लिए नई कमेटी बनाने के लिए कोर्ट से समय मांगा है।

## सलमान खान के पिता सलीम खान को धमकी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के पिता और मशहूर पटकथा लेखक सलीम खान को एक बार फिर से धमकी मिली है। हाल ही में एक अनजान महिला ने सुबह की सैर पर निकले सलीम खान के पास आकर कहा कि लॉरेंस बिश्नोई को भेजूं क्या? गौर रहे कि गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई पहले भी सलमान खान को धमकी दे चुका है।

## झूठी गवाही के दावे पर खेडकर का मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने वीरवार को यूपीएससी के उन आरोपों पर पूर्व प्रशिक्षु भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी पूजा खेडकर से जवाब मांगा है, जिसमें कहा कि खेडकर ने अपनी अग्रिम जमानत याचिका के संबंध में गलत बयान देकर झूठी गवाही दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने आयोग के आवेदन पर खेडकर से जवाब दाखिल करने को कहा। यूपीएससी ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर कार्यवाही के संदर्भ में यह आवेदन दायर किया है।

## केंद्रीय मंत्री बिट्टू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज



**बेंगलुरु।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अमेरिका में दिए गए बयानों को लेकर उनके खिलाफ कथित टिप्पणी के लिए केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के एक पदाधिकारी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के भारत में सिखों को लेकर अमेरिका में दिए गए बयानों के मामले में रेल राज्य मंत्री बिट्टू ने रविवार को उन पर निशाना साधा था और कहा था कि जब बम बनाने में माहिर लोग राहुल गांधी का समर्थन कर रहे हैं, तो वह देश के 'नंबर एक' आतंकवादी हैं।

## राहुल के खिलाफ मानहानि मामले में नहीं हुई सुनवाई

**सुलतानपुर (उप्र)।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में सुलतानपुर की एमपी/एमएलए अदालत में साक्ष्य के आधार पर 19 सितंबर को सुनवाई होनी थी, लेकिन शिकायतकर्ता विजय मिश्रा के अधिवक्ता की व्यस्तता के कारण सुनवाई टल गई। अब अदालत ने उपरोक्त मामले में 21 सितंबर को सुनवाई करना तय किया है। विजय मिश्रा के अधिवक्ता संतोष कुमार पांडे ने बताया कि कई अदालतों में उनके कई मामले सूचीबद्ध हैं। मैंने अन्य अदालतों में अपनी व्यस्तता अधिक होने पर अदालत में प्रार्थना पत्र देकर समय मांगा, जिस पर अदालत ने 21 सितंबर की तिथि दी।

## मुठभेड़ में हाशिम बाबा गैंग के दो शूटर घायल

**उत्तर प्रदेश।** मुजफ्फरनगर में हाशिम बाबा के शूटरों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में पुलिस ने अनस और असद नाम के दो शूटरों को पैर में गोली मारकर घायल कर दिया। ये दोनों ही शूटर हाशिम बाबा गैंग के बताए जा रहे हैं। हाशिम बाबा दिल्ली के ग्रेट कैलाश के जिम मालिक नादिर शाह हत्याकांड में शामिल है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और यूपी एसटीएफ ने ज्वॉइंट ऑपरेशन कर हाशिम बाबा के चार शूटरों को धर दबोचा। इनके कब्जे से चोरी की कारें भी पुलिस ने जब्त की हैं। दोनों घायल शूटर दिल्ली में कई बड़ी वारदातों में वांछित थे।

# कांग्रेस और पाकिस्तान के इरादे एक : अनुराग ठाकुर

## कहा-भारत तोड़ने की मंशा लिए राहुल गांधी के अंदर जिन्ना का जिन्न

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा से सांसद अनुराग ठाकुर ने वीरवार को नई दिल्ली में प्रेस को संबोधित करते हुए कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस के एजेंडे को पाकिस्तान से जोड़ते हुए जमकर हमला बोला है। दरअसल, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक पाकिस्तानी चैनल को दिए साक्षात्कार में अनुच्छेद 370 पर कांग्रेस-एनसी गठबंधन के रुख का समर्थन किया है, जिसको लेकर अनुराग ने कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस को घेरा है।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के बयान से स्पष्ट है कि कांग्रेस, पाकिस्तान और नेकां के इरादे, एजेंडा और मानसिकता एक ही हैं और पाकिस्तान के रक्षा मंत्री द्वारा अनुच्छेद 370 पर कांग्रेस-एनसी गठबंधन के रुख का समर्थन करने से 140 करोड़ भारतीयों के सामने कांग्रेस का चेहरा एक बार फिर से उजागर हो गया है।

अनुराग ने कहा कि राहुल गांधी विदेशों में जाकर भारत विरोधी ताकतों के साथ खड़ा होते हैं, हर चुनाव में पाकिस्तान का राहुल गांधी प्रेम नजर आता है और राहुल गांधी का पाकिस्तान प्रेम दिखता है और इससे दिखता है कि राहुल गांधी रहते भारत में है और पाकिस्तान का गुणगान करते हैं।

उन्होंने कहा कि चाहे एयरस्ट्राइक हो या सर्जिकल स्ट्राइक इस दौरान भी कांग्रेस और राहुल गांधी ने हमारे ही सेना के जवानों पर सवाल उठाए। चीन ने डोकलाम में अतिक्रमण करने का प्रयास किया, तो हमारे सैनिकों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। तब भी कांग्रेस अपने सैनिकों के साथ खड़ी नहीं हुई, बल्कि राहुल गांधी चीन के अधिकारियों के साथ बंद कमरों में बाते करते रहे। चीन से फंड भी लिया, हर विरोधी ताकतों के साथ राहुल गांधी खड़े रहते हैं।

अनुराग ने आगे कहा कि अनुच्छेद 370 नेहरू की सबसे बड़ी भूल थी, जिसको मोदी सरकार ने सुधारा लेकिन कांग्रेस फिर से उसे लाना चाहती है, 45 हजार लोगों की मौत हो गई कांग्रेस और कितनी शहादत देखना चाहती है?

### राहुल हमेशा देश विरोधी ताकतों के साथ क्यों रहते हैं खड़े

**अनुराग** ने सवाल किया कि ऐसी कौन-सी मजबूरी है कि भारत विरोधी ताकतों के साथ राहुल गांधी का खड़ा रहना जरूरी है? जिन्ना ने तो अपनी जिद्द पूरी करने के लिए भारत को दोफाड़ करवा दिया और पाकिस्तान बना दिया। राहुल गांधी किस जिद्द पर अड़े हैं? क्या देश राहुल गांधी को देश जिन्ना के रूप में देख रहा है? क्या जिन्ना का जिन उनके अंदर आ गया है? राहुल गांधी हमेशा देश विरोधी ताकतों के साथ क्यों खड़े रहते हैं और 'टुकड़े-टुकड़े' गैंग का समर्थन क्यों करते हैं?

## स्वयंसेवकों को क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत किया जागरूक



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

नशा मुक्त भारत अभियान (एनएमबीए) के तहत मास्टर स्वयंसेवकों के लिए तीन दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम आज होटल पार्क व्यू, चंडीगढ़ में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

चंडीगढ़ प्रशासन के समाज कल्याण विभाग द्वारा गुंजन संगठन फॉर कम्युनिटी डेवलपमेंट के सहयोग से और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा समर्थित इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वयंसेवकों को समुदाय में मादक द्रव्यों के सेवन को रोकने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से सशक्त बनाना था। 17 से 19 सितंबर तक आयोजित इस कार्यक्रम में 75 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें विजय अगेंस्ट ड्रग एब्यूज (वीएडीए) क्लबों के प्रभारी और चंडीगढ़ के कॉलेजों के स्वयंसेवक शामिल थे। प्रधानमंत्री द्वारा प्रशंसित वीएडीए क्लबों ने युवाओं को इस खतरे के खिलाफ जागरूक करने के लिए चंडीगढ़ के सभी शैक्षणिक संस्थानों में गठन किया। इन क्लबों का उद्देश्य मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाना है, और जमीनी स्तर पर अपने प्रयासों को मजबूत करने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त किया।

मुख्यातिथि चंडीगढ़ प्रशासन की सामाजिक कल्याण सचिव सुश्री अनुराधा एस चगती ने प्रतिभागियों को संबोधित किया और इस उद्देश्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने एक सूचित और सक्रिय समुदाय बनाने के महत्व पर जोर दिया जो विशेष रूप से युवाओं के बीच मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम को प्रभावी ढंग से रोक सकता है। तीन दिनों के दौरान, कार्यक्रम में मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम से संबंधित विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों के नेतृत्व में इंटरैक्टिव सत्र शामिल थे। (अनंत ज्ञान)

## मेयर ने डडूमाजरा में स्वच्छता अभियान का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




कम करें, पुनः उपयोग करें और री-साइकिल के सिद्धांतों को बढ़ावा देते हुए एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाने के उद्देश्य से नगर निगम चंडीगढ़ ने स्वच्छता ही सेवा अभियान शुरू किया है, जिसका थीम 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' है। आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के तहत।

वीरवार को नगर महापौर कुलदीप कुमार ने डडूमाजरा में निवासियों के साथ सफाई अभियान चलाया। महापौर की उपस्थिति में नागरिकों के बीच सामूहिक कार्रवाई को प्रोत्साहित करते हुए, सेक्टर 22 मार्केट में एक स्वच्छता शपथ भी आयोजित की गई। इस अवसर पर दमनप्रीत सिंह, क्षेत्र पार्षद और एसबीएम चंडीगढ़ ब्रांड एंबेसडर प्रवीण दुग्गल सहित व अन्य उपस्थित थे। पार्षदों ने शहर के निवासियों के साथ मिलकर शहर भर के आवासीय क्षेत्रों में अपने-अपने वार्डों में सफाई अभियान चलाया, सफाई मित्रों के साथ मिलकर सभी को स्वच्छ परिवेश बनाए रखने और इन मूल्यों को अपने स्वभाव और संस्कार में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया।

मेयर ने इस बात पर जोर दिया कि यह अभियान सिर्फ एक पहल नहीं है। यह एक ऐसा आंदोलन है जिसमें सभी की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता है। यह जीवन का एक तरीका है, एक साझा जिम्मेदारी है जिसे हमें सामूहिक रूप से स्वीकार करना चाहिए। एमसी कमिश्नर विनय प्रताप सिंह, आईएएस ने कहा कि आवासीय क्षेत्रों, वाणिज्यिक स्थानों, स्कूलों, पार्कों, सरकारी कार्यालयों, गौशालाओं, बैकलेन, सामुदायिक केंद्रों, सार्वजनिक सुविधाओं, जल निकायों, धार्मिक स्थानों और खुली भूमि सहित शहर भर में गहन सफाई अभियान चलाया जाएगा जो कि 2 अक्तूबर तक जारी रहेगा।

## कांग्रेस के घोषणा पत्र में किए वादों को हरियाणा की जनता कर रही पसंद : पठानिया

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



वीरवार को चंडीगढ़ एचपीसीसी प्रदेश कार्यालय में अंबाला लोकसभा की विशेष बैठक में अंबाला लोकसभा प्रशिक्षण समन्वयक तरुण शर्मा, लोकसभा पर्यवेक्षक केवल सिंह पठानिया, एआईसीसी सचिव एवं हरियाणा चुनाव प्रभारी मनोज चौहान, जिला प्रशिक्षण समन्वयक विक्रम कटयाल, विधानसभा प्रशिक्षण समन्वयक अशोक सढोरा, विनोद मुलाना व अन्य की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें कई विषयों पर चर्चा की गई और महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। आगामी चुनावों के मद्देनजर हर सदस्य को ड्यूटी दी गई।

इस मौके पर लोकसभा ऑब्जर्वर पठानिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के जो साथ वादे हैं घोषणा पत्र में इन सात वादों को हरियाणा की जनता बहुत पसंद कर रही है और इन सात वादों को पहली कलम से कांग्रेस सरकार के सत्ता में आते ही लागू किया जाएगा। आज हरियाणा की जनता विशेष कर किसान भाई, युवा, हमारी माताएं-बहनें सभी भाजपा की जन-विरोधी नीतियों से परेशान है। आज हरियाणा नशे में नंबर-वन है, यह सब भाजपा की बदौलत है। आज हरियाणा बेरोजगारी में नंबर-वन है, यह सब भाजपा की देन है। हम हरियाणा को नंबर-वन बनाएंगे, यह हमारा संकल्प है। हम हरियाणा को खेलों में विश्व स्तर पर दोबारा खड़ा करेंगे, यह हमारा वायदा है।

इस मौके पर आईसीसी के सचिव व चुनाव प्रभारी मनोज चौहान ने कहा कांग्रेस की यह साथ घोषणाएं हर कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर तक पहुंचाने का काम करें। हम इन्हीं घोषणाओं के आधार पर कर्नाटक और हिमाचल का चुनाव जीते हैं और अब हम हरियाणा में भी जीतने जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

देश-विदेश

## स्वच्छता से ही भारत स्वस्थ और विकसित बनेगा : मुर्मू

**एजेंसी, उज्जैन ( मध्य प्रदेश )**




सफाई मित्रों को सम्मानित करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वीरवार को लोगों को स्वच्छता की दिशा में आगे आने और कदम उठाने की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता से ही भारत स्वस्थ और विकसित बनेगा। उज्जैन में सफाई मित्र सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुर्मू ने स्वच्छता सर्वेक्षण में लगातार सातवीं बार शीर्ष पर रहने के लिए मध्यप्रदेश के इंदौर शहर और देश में सबसे स्वच्छ राज्य की राजधानी होने के लिए भोपाल की भी प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि सफाई मित्रों को सम्मानित करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। स्वच्छता से ही देश स्वस्थ और विकसित बनेगा। सफाई मित्रों को सम्मानित करके हम खुद को सम्मानित कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से देश को 'स्वच्छ, स्वस्थ और विकसित' बनाने के लिए एक कदम आगे बढ़ाने की अपील की। स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) पिछले 10 वर्षों में एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन बन गया है और इसके परिणामस्वरूप देश में व्यापक बदलाव हुए हैं।

## बिहार के चर्चित आईपीएस शिवदीप लांडे ने दिया इस्तीफा

**पटना।** बिहार कैडर के चर्चित आईएपीएस अधिकारी शिवदीप वामनराव लांडे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। हाल ही में शिवदीप की पोस्टिंग आईजी पूर्णिया रेंज के पद पर हुई थी। शिवदीप लांडे ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से उन्होंने खुद इस बात की जानकारी दी है। शिवदीप लांडे ने कहा कि मेरे प्रिय बिहार, पिछले 18 वर्षो से सरकारी पद पर अपनी सेवा प्रदान करने के बाद आज मैंने इस पद से इस्तीफा दे दिया है। सेवक के कार्यकाल में कोई त्रुटि हुई हो तो मैं उसके लिए क्षमाप्रार्थी हूं। शिवदीप लांडे वैसे तो बिहार कैडर के आईपीएस अफसर हैं, लेकिन वह महाराष्ट्र में भी तैनात रहे हैं।

## लेबनान में वॉकी-टॉकी धमाकों से दहशत हिजबुल्लाह बोला- बैटरी निकालकर फेंक दें

**एजेंसी, बेरुत**

**लेबनान** में पेजर, वॉकी-टॉकी के बाद अब सोलर एनर्जी सिस्टम के धमाके हुए हैं। पिछले 2 दिन में धमाकों के तीन पैटर्न में 32 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 3500 से ज्यादा घायल हैं। इन धमाकों के बाद लोग मोबाइल फोन छूने से डर रहे हैं। वहीं, हिजबुल्लाह ने अपने लड़ाकों को हिदायत दी है कि वे अपने फोन की बैटरी निकालकर फेंक दें।

लेबनान में ईरान के समर्थन वाले हिजबुल्लाह संगठन के लड़ाके इसराइली हैकिंग से बचने के लिए मोबाइल फोन की जगह पेजर और वॉकी-टॉकी का इस्तेमाल करते हैं। वहीं, राजधानी बेरूत में बड़ी संख्या में घरों पर सोलर सिस्टम लगे हुए हैं। हिजबुल्लाह ने इन हमलों का आरोप इसराइल पर लगाया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने शुक्रवार को इस मामले में आपात बैठक बुलाई है।

## ईरानी हैकरों ने ट्रंप के अभियान से चुराई जानकारी बाइडेन से जुड़े लोगों को भेजी

**नई दिल्ली।** डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति अभियान से जुड़ी कई अहम जानकारियों के लीक होने की सूचना आ रही है। दावा किया जा रहा है कि ईरान के हैकर्स ने इन जानकारियों को चुराकर उन लोगों को भेजा है, जो कुछ समय पहले तक जो बाइडेन के अभियान के तहत काम कर रहे थे। इस हैकिंग को लेकर राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के कार्यालय,एफबीआई और साइबर सुरक्षा और बुनियादी ढांचा सुरक्षा एजेंसी ने कहा कि जून के अंत और जुलाई की शुरुआत में, ईरानी हैकर्स ने राष्ट्रपति बाइडेन के अभियान से जुड़े लोगों को ऐसे ईमेल भेजे थे। इस बात का कोई संकेत नहीं है कि ऐसे किसी ई-मेल को लेकर बाइडेन के कर्मचारियों ने कभी जवाब दिया हो।

## कनाडा ने अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए अध्ययन परमिट में की कटौती

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**देश** में अस्थायी प्रवासियों को बढ़ती संख्या को देखते हुए राजनीतिक चुनौतियों का सामना कर रही कनाडा सरकार ने अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए अध्ययन परमिट में कटौती की बड़ी घोषणा की है।

कनाडा ने कहा कि वह 2025 में विदेशी छात्रों की संख्या में और कटौती करेगा। इसके बाद दूसरे देशों से यहां पढ़ने आने वालों की संख्या इस साल के मुकाबले 10 प्रतिशत कम हो जाएगी। इमिग्रेशन, रिफ्यूजीज एंड सिटिजनशिप कनाडा ने कहा कि पढ़ने की परमिट जारी करने की सीमा इस साल के लिए 4,85,000 के लक्ष्य से कम होकर 4,37,000 होगी। 2025 के यह प्रतिबंध 2026 के लिए भी लागू होंगे।

## आरजी कर अस्पताल मामला : तृणमूल विधायक रॉय पूछताछ के लिए ईडी के समक्ष हुए पेश

**एजेंसी, कोलकाता**

**तृणमूल** कांग्रेस के विधायक सुदीप्त रॉय आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के मामले में पूछताछ के लिए वीरवार को यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। रॉय पश्चिम बंगाल मेडिकल काउंसिल के अध्यक्ष हैं और आरजी कर रोगी कल्याण समिति का प्रभार भी संभालते हैं।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने भी इस मामले में उनसे पूछताछ की है, क्योंकि वह भी इस मामले में कथित अनियमितताओं की जांच कर रही है। तृणमूल कांग्रेस के विधायक दोपहर करीब एक बजे साल्ट लेक स्थित ईडी के कार्यालय पहुंचे।

## गड्ढे में फंसी मासूम नीरू को 17 घंटे बाद सुरंग खोदकर बचाया

**दौसा।** दौसा के बांदीकुई में बोरवेल के पास हुए गड्ढे में करीब 17 घंटे से फंसी 2 साल की मासूम को एनडीआरएफ ने सुरंग खोदकर बचा लिया है। बुधवार शाम 5 बजे गड्ढे में गिरी बच्ची को वीरवार सुबह करीब 10.10 बजे सुरक्षित बाहर निकाला गया। बच्ची को बचाने के लिए एनडीआरएफ की टीमों ने लगातार 12 घंटे तक खुदाई की थी। इसके बाद सुबह एक पाइप के जरिए टीमें बच्ची तक पहुंची थीं। नीरू गुर्जर (2) को जैसे ही टीमों ने बाहर निकाला, तो पूरा एरिया वंदे मातरम के नारों से गूंज उठा। मासूम को बांदीकुई हॉस्पिटल ले जाया गया है। बच्ची की हालत फिलहाल सही बताई जा रही है।

## टैक्स रिफंड 2 लाख करोड़ रुपए के पार

**नई दिल्ली।** देश की मजबूत अर्थव्यवस्था का असर देश के प्रत्यक्ष कर संग्रह पर भी देखने को मिल रहा है। इसमें वित्त वर्ष 2024-25 की शुरुआत से अब तक पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 16 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त देखने को मिली है। सरकार की ओर से जारी किए गए डाटा के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में (1 अप्रैल से 17 सितंबर) तक देश का प्रत्यक्ष कर संग्रह 16.12 प्रतिशत बढ़कर 9.95 लाख करोड़ रुपए हो गया है। इस दौरान टैक्स रिफंड में भी उछाल देखने को मिला है और यह पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 56.49 प्रतिशत बढ़कर 2.05 लाख करोड़ रुपए हो गया है। 1 अप्रैल से 17 सितंबर के बीच शुद्ध व्यक्तिगत आयकर संग्रह में भी बड़ा उछाल देखने को मिला है।

## फेडरल रिजर्व ने की ब्याज दरों में 50 बेसिस प्वॉइंट की कटौती

**एजेंसी, वाशिंगटन**



**अमेरिकी** फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में 50 बेसिस प्वॉइंट की कटौती की है। अब ब्याज दर 4.75 फीसदी से 5 फीसदी के बीच रहेगी। इससे पहले मार्च 2020 में फेड ने इंटरेस्ट रेट्स में कटौती की थी। इन्फ्लेशन पर काबू पाने के लिए अमेरिका के सेंट्रल बैंक ने मार्च 2022 से जुलाई 2023 के बीच 11 बार ब्याज दरों में इजाफा किया था।

पिछले साल फेडरल रिजर्व ने अपने पॉलिसी डिसीजन में लगातार तीसरी बार ब्याज दरों को अपरिवर्तित रखा था। 26 जुलाई 2023 को फेड ने बाजार की उम्मीदों के मुताबिक, पॉलिसी रेट को 5.25 फीसदी से 5.5 फीसदी की रेंज में जस-का-तस रखा था। हालांकि, फेड ने ये भी संकेत दे दिया था कि 2024 में दरों में कटौतियां देखने को मिलेंगी और ये कम होकर 4.6 फीसदी तक आ सकती हैं।

### ब्याज दर घटाने से शेयर बाजार ने लगाई छलांग


**मुंबई।** फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती के बाद शेयर बाजार ने आज यानी 19 सितंबर को लगातार दूसरे दिन ऑल टाइम हाई बनाया है। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 83,773 और निफ्टी ने 25,611 का लेवल छुआ। हालांकि, इसके बाद बाजार नीचे आया और सेंसेक्स 236 अंक की बढ़त के साथ 83,184 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 38 अंक की तेजी रही, ये 25,415 के स्तर पर बंद हुआ। आज एनर्जी, बैंकिंग और ऑटो शेयर्स तेजी रही। फेडरल रिजर्व ने चार साल में पहली बार ब्याज दरों को घटाया है।

**सेंसेक्स ने 83,773 और निफ्टी ने 25,611 का हाई बनाया**

## पाक रक्षा मंत्री के बयान पर शाह बोले

## कांग्रेस और पाकिस्तान के इरादे भी एक और एजेंडा भी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने अनुच्छेद-370 पर पाकिस्तानी मंत्री ख्वाजा आसिफ की कथित टिप्पणियों को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि इससे फिर से यह स्पष्ट हो गया है कि देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी और पाकिस्तान के इरादे भी एक हैं और एजेंडा भी।

भाजपा के कई नेताओं ने एक पाकिस्तानी चैनल पर की गई आसिफ की टिप्पणी को 'एक्स' पर साझा किया। इसमें पाकिस्तानी नेता ने कहा कि उनका देश कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस के विचारों से सहमत है कि अनुच्छेद-370 को बहाल किया जाना चाहिए। शाह ने कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री की ओर से अनुच्छेद-370 और 35ए पर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस का समर्थन करने की बात ने एक बार फिर कांग्रेस को एक्सपोज कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कुछ वर्षों से राहुल गांधी देशवासियों की भावनाओं को आहत करते हुए हर एक भारत विरोधी ताकतों के साथ खड़े रहे हैं।

## स्पोर्ट्स विंडो

### समरवीरा ऑस्ट्रेलिया में कोचिंग से 20 साल के लिए प्रतिबंधित

**मेलबर्न।** श्रीलंका के पूर्व खिलाड़ी और विक्टोरिया महिला टीम के कोच रहे दुलीप समरवीरा को ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड ने



कोचिंग से 20 साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। उन्हें विक्टोरिया की महिला टीम के साथ दुर्व्यवहार के लिए आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। श्रीलंका की तरफ से सात टेस्ट एवं पांच वनडे खेलने वाले और 2008 में पहली बार विक्टोरिया के बल्लेबाजी कोच बने समरवीरा पर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के 'इंटीग्रिटी' विभाग की जांच के बाद प्रतिबंध लगाया गया। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू के अनुसार इस दौरान 52 वर्षीय समरवीरा को अगले दो दशक तक ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट के अंतर्गत कोई पद संभालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। क्रिकेट विक्टोरिया के सीईओ निक कमिंस ने एक बयान में इस प्रतिबंध का समर्थन किया। कमिंस ने कहा कि हमारा मानना है कि यह आचरण पूरी तरह से निंदनीय है और हम क्रिकेट विक्टोरिया के साथ हैं। समरवीरा ने अभी तक इस फैसले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इससे पहले वह महिला बिग बैश लीग में मेलबर्न स्टार्स टीम के सहायक कोच भी थे। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर संघ ने भी सीईओ के फैसले का समर्थन किया।

### भारत सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप के शुरुआती मैच में बांग्लादेश से भिड़ेगा

**थिम्पू।** गत चैंपियन भारत शुक्रवार को यहां सैफ अंडर-17 फुटबॉल चैंपियनशिप में ग्रुप-ए के पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा। तीन टीम के ग्रुप-ए में मालदीव तीसरी टीम है और भारत को 24 सितंबर को उससे भिड़ना है। ग्रुप-बी में मेजबान भूटान, नेपाल, श्रीलंका और पाकिस्तान शामिल हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें 28 सितंबर को होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जिसके बाद 30 सितंबर को फाइनल होगा। भारत 2022 का चैंपियन है, जब पिछली बार यह टूर्नामेंट अंडर-17 आयु ग्रुप में खेला गया था। पिछले साल का चरण अंडर-16 आयु वर्ग के लिए कराया गया था जिसका विजेता भी भारत ही था। मुख्य कोच इश्फाक अहमद ने इसी चांगलिमिथांग स्टेडियम में ट्राफी उठाने वाली टीम के 23 में से 16 खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। इश्फाक अहमद ने कहा, ''हमें बांग्लादेश के खिलाफ चुनौतीपूर्ण मैच की उम्मीद है।

### भारतीय भारोत्तोलक वालुरी बाबू को राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में स्वर्ण

**सुवा (फीजी)।** भारतीय भारोत्तोलक वालुरी अजय बाबू ने राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में पुरुषों के 81 किलो जूनियर और सीनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। 9 वर्ष के बाबू ने कुल 326 किलो ( 147 और 179 किलो ) वजन उठाया। बाबू ने क्लीन एंड जर्क वर्ग में राष्ट्रमंडल रिकॉर्ड भी बनाया। उन्होंने स्नैच, क्लीन एंड जर्क और कुल भारवर्ग में जूनियर राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया। पुरुषों के 89 किलो वर्ग में लालयुआतफेला ने रजत पदक जीता जबकि हर्दानंदा दास को युवा वर्ग में रजत और जूनियर वर्ग में कांस्य पदक मिला।

### रिचर्ड मैडली एसए-20 के तीसरे सत्र की खिलाड़ियों की नीलामी का करेंगे संचालन

**केपटाउन।** प्रसिद्ध नीलामीकर्ता रिचर्ड मैडली एसए-20 क्रिकेट लीग के तीसरे सत्र की एक अक्तूबर को होने वाली खिलाड़ियों की नीलामी का संचालन करेंगे। वेल्स के अनुभवी नीलामीकर्ता मैडली को 'द हैमरमैन' के नाम से भी पहचाना जाता है और उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग में एक दशक तक यह भूमिका निभाई है। कुल छह टीमें एसए-20 लीग की नीलामी में खिलाड़ियों के लिए बोली लगाएंगी और अगले साल नौ जनवरी से शुरू होने वाली लीग से पहले अपनी टीमों को अंतिम रूप देने की कोशिश करेंगी। मैडली ने कहा, ''मैं बेटवे एसए-20 के तीसरे सत्र की खिलाड़ियों की नीलामी का संचालन करने को लेकर रोमांचित हूं।'' उन्होंने कहा, ''मेरे जेहन में पहले सत्र में हुई 10 घंटे की मैराथन नीलामी की यादें हैं।'' एस-20 लीग की नीलामी पंजीकरण अवधि पिछले शुक्रवार को खत्म हुई। खिलाड़ियों की अंतिम सूची 25 सितंबर को जारी की जाएगी।

### दलीप ट्रॉफी : रावत के शतक से भारत ए ने की वापसी

**अनंतपुर।** शाश्वत रावत के नाबाद 122 रन की मदद से भारत ए ने दलीप ट्रॉफी क्रिकेट मुकाबले के पहले दिन वीरवार को यहां भारत सी के खिलाफ खराब शुरुआत से उबरते हुए सात विकेट पर 224 रन बनाए। घरेलू क्रिकेट में बड़ौदा के लिए खेलने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज रावत को शम्स मुलानी (76 गेंद में 44 रन) का अच्छा साथ मिला। भारत ए की टीम इससे पहले मुसीबत में घिर गई थी, जब उसने सिर्फ 36 रन पांच विकेट गंवा दिए। पिछले मैच में शतक जड़ने वाले प्रथम सिंह, कप्तान मयंक अग्रवाल, तिलक वर्मा और रियान पराग दोहरे अंक में भी पहुंचने में नाकाम रहे। पिछले हफ्ते पारी में आठ विकेट चटकाने वाले अंशुल कंबोज (40 रन पर तीन विकेट) ने एक बार फिर भारत सी की ओर से शानदार प्रदर्शन किया। रावत ने अपनी पारी में 235 गेंद का सामना करते हुए 15 चौके मारे। उन्होंने स्ट्रेट ड्राइव और कवर ड्राइव के अलावा स्पिनरों के खिलाफ रिवर्स स्वीप से भी रन बटोरे।

**चेन्नई टेस्ट : पहला दिन** सातवें विकेट की साझेदारी में बांग्लादेशी गेंदबाजों को आया पसीना

# अश्विन-जडेजा ने भारत को लौटाया मैच

**एजेंसी, चेन्नई**

शतकवीर रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा ने बांग्लादेश से मिले शुरुआती झटकों से निकालते हुए पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन बृहस्पतिवार को भारतीय टीम को छह विकेट पर 339 रन तक पहुंचा दिया।

दोनों ने सातवें विकेट की अटूट साझेदारी में 195 रन बना लिए हैं । इससे पहले भारतीय शीर्षक्रम बुरी तरह नाकाम रहा और पहले दो सत्र में बांग्लादेशी गेंदबाजों ने दबाव बनाते हुए छह विकेट 144 रन पर चटका दिए थे। इसके बाद चेन्नई में जन्मे अश्विन और चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलने वाले जडेजा ने अपने घरेलू मैदान एमए चिदंबरम स्टेडियम पर अद्भुत धैर्य और आपसी तालमेल का प्रदर्शन करते हुए बेजोड़ पारियां खेली।

अपना छठा टेस्ट शतक जड़ने वाले अश्विन ने 91 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से रन बनाते हुए 112 गेंद में 102 रन जोड़े, जिसमें 10 चौके और दो छक्के शामिल थे। वहीं जडेजा ने 117 गेंद में 86 रन बना लिये हैं । उन्होंने भी अपनी पारी में 10 चौके और दो छक्के लगाए। इससे पहले इस साल मार्च में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले हसन महमूद ने भारतीय शीर्षक्रम को पूरी तरह नेस्तनाबूद कर दिया। 24 वर्ष के महमूद ने पांच ओवर में सिर्फ छह रन देकर पहले स्पैल में तीन विकेट चटकाये। उन्होंने 18 ओवर में 58 रन देकर चार विकेट लिए।



विकेट लेने के बाद खुशी मनाते बांग्लादेशी खिलाड़ी।

यशस्वी जायसवाल के अलावा भारत का कोई बल्लेबाज सुबह के सत्र में बांग्लादेशी गेंदबाजी आक्रमण का सामना नहीं कर सका। जायसवाल ने 118 गेंद में नौ चौकों की मदद से 56 रन बनाए। भारतीय बल्लेबाजों ने काफी निराश किया, क्योंकि पिच या गेंदबाजों से ऐसी चुनौती नहीं मिल रही थी कि जिसका सामना नहीं किया जा सके। मेजबान बल्लेबाज अपनी ही एकाग्रता भंग होने के कारण विकेट गंवाते गए। जायसवाल और ऋषभ पंत (39) ने चौथे विकेट के लिए 99 गेंद में 62 रन जोड़े। पहले सत्र में प्रभावी दिख रहे पंत ने महमूद की गेंद पर विकेटकीपर लिटन दास को कैच थमाया। 2022 के कार हादसे के बाद यह उनका पहला टेस्ट था जिसमें वह 83 मिनट तक क्रीज पर रहे। जायसवाल ने 95 गेंद में अपना अर्द्धशतक मेहदी हसन मिराज की गेंद पर एक रन लेकर पूरा किया। उन्होंने हालांकि इसके बाद अपनी एकाग्रता खोई और नाहिद राणा की गेंद पर पहली स्लिप में शादमैन इस्लाम को कैच दे बैठे। केएल राहुल 16 रन बनाकर आफ स्पिनर मिराज का शिकार हुए । भारत के छह विकेट 144 रन पर गिर चुके थे। दूसरा सत्र भी पहले ही सत्र की तरह रहा, जिसमें बांग्लादेशी गेंदबाज हावी रहे। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और पूरा फोकस एक्सप्रेस गेंदबाज नाहिद राणा पर था लेकिन भारतीय पारी को झटके महमूद ने दिए।

रोहित शर्मा (6) को एक के स्कोर पर डीआरएस से जीवनदान मिला था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सके। वह दूसरी स्लिप में नजमुल हसन शंटो को कैच देकर लौटे। शुभमन गिल (0) खाता भी नहीं खोल सके और आठ गेंद खेलने के बाद विकेटकीपर लिटन दास को कैच दे बैठे । विराट कोहली (6) का मैदान में उतरने पर तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत हुआ, लेकिन वह भी टिक नहीं सके।

#### स्कोर बोर्ड

| भारत (पहली पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जायसवाल क. इस्लाम ब. राणा | 56 | 118 | 9/0 |
| रोहित क. हुसैन ब. हसन | 06 | 19 | 1/0 |
| गिल क. दास ब. महमूद | 00 | 08 | 0/0 |
| कोहली क. दास ब. महमूद | 06 | 06 | 0/0 |
| पंत क. दास ब. महमूद | 39 | 52 | 6/0 |
| राहुल क. हसन ब. मेहंदी | 16 | 52 | 1/0 |
| जडेजा (नाबाद) | 86 | 117 | 10/2 |
| अश्विन (नाबाद) | 102 | 112 | 10/2 |
| **अतिरिक्त** | 28 | | |
| **कुल : (80 ओवर)** | **339/6** | | |

**विकेट पतन :** 1-14, 2-28, 3-34, 4-96, 5-144, 6-144.

**गेंदबाजी :** अहमद 15-1-47-0, महमूद 18-4-58-4, राणा 17-2-80-1, हसन 21-2-77-1, शाकिब 8-0-50-0, हक 1-0-4-0.

### साक्षी के वर्सेटाइल नेक फैन मॉडल ने मचाया तहलका

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित 11वें नेशनल एग्जीविशन एंड प्रोजेक्ट कंपीटीशन में अपने प्रोजेक्ट वर्सेटाइल नेक फैन के माध्यम से सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने वाली राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल जाड़ला कोयड़ी की नन्हीं वैज्ञानिक साक्षी ने इंस्पायर मानक खिताब अपने नाम करते हुए प्रदेश के सरकारी स्कूलों में दी जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की ओर पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया है।



दिल्ली में साक्षी के मॉडल ने जीता इंस्पायर मानक खिताब

इस प्रतियोगिता में देशभर के 387 नन्हें वैज्ञानिकों ने भाग लिया, जिसमें हिमाचल प्रदेश से पांच विद्यार्थी इस प्रतियोगिता में भाग लेने गए थे। इनमें से 40 विद्यार्थी ये पुरस्कार जीतने में कामयाब रहे हैं। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी मंत्रालय के तत्वावधान में विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी के क्षेत्र में नई खोज के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। अहम बात यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी भी राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार जीतकर यह तस्दीक कर रहे हैं कि हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण परिवेश में स्थित सरकारी स्कूलों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है।

### गंभीर सफल कोच होंगे साबित : द्रविड़

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच राहुल द्रविड़ ने गुरुवार को यहां उम्मीद जताई कि राष्ट्रीय टीम में उनकी जगह लेने वाले गौतम गंभीर अपनी भूमिका में काफी सफल साबित होंगे।

द्रविड़ ने 'डिजिटल क्लासरूम' से जुड़ी 'रूमबर' के लॉन्च के मौके पर गंभीर के बारे में पूछे जाने चुनिंदा पत्रकारों से कहा, ''उनके पास काफी अनुभव है। एक खिलाड़ी के तौर पर भी उन्होंने काफी खेला है। उन्होंने जाहिर तौर पर काफी कोचिंग की है। मुझे यकीन है कि वह इस भूमिका में शानदार साबित होंगे।'' द्रविड़ की अगुवाई में भारतीय



टीम ने खेल के तीनों प्रारूप में अच्छी सफलता हासिल की।

टीम ने 24 टेस्ट में 14 में जीत दर्ज की जबकि टीम ने इस दौरान 53 में से 36 एकदिवसीय और 70 में से 51 टी20 अंतरराष्ट्रीय में जीत दर्ज की। पिछले साल टीम को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा लेकिन इस साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व कप में जीत के साथ उन्होंने अपने कार्यकाल को सफलता के साथ खत्म किया। गंभीर का भारतीय टीम के साथ कार्यकाल पिछले महीने श्रीलंका दौरे पर शुरू हुआ जहां टी-20 सीरीज में टीम को सफलता मिली, जबकि एकदिवसीय सीरीज में उसे हार का सामना करना पड़ा। उनकी देखरेख में टीम पहली बार बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में खेल रही है।

### चैंपियंस लीग: पीएसजी ने गिरोना को हराया मैनचेस्टर सिटी और इंटर मिलान ने खेला ड्रॉ



**एजेंसी, जिनेवा**

यूएफा चैंपियंस लीग में बोलोगना और शखतार दोनेत्स्क के बीच खेला गया मैच गोलरहित ड्रॉ रहने के बाद मैनचेस्टर सिटी और इंटर मिलान का मुकाबला भी 0-0 से बराबरी पर समाप्त हुआ। इससे पहले मंगलवार को हुए मुकाबलों में कुल 28 गोल दागे गए, जिनमें अकेले बायर्न म्यूनिख एफसी के नौ शामिल थे। वहीं अगले दिन के छह मुकाबलों में केवल 13 गोल ही हुए। नए लीग चरण में खेले जाने वाले 144 में से अब तक 12 मैचों में यह दूसरा एकमात्र ड्रॉ है। पिछले सत्र में पूरी प्रतियोगिता में प्रति मैच औसतन तीन गोल हुए थे।

पेरिस सेंट जर्मेन और गिरोना का मुकाबला भी गोलरहित ड्रॉ की ओर बढ़ रहा था, लेकिन 90वें मिनट में नूनो मेंडेस के गोल ने पीएसजी को 1-0 से जीत दिलाई। बोरूसिया डॉर्टमंड ने स्थानापन्न खिलाड़ी जेमी गिटेंस के दो और सेरहो गुइरासी के अतिरिक्त समय में किए गोल से क्लब ब्रुग को 3-0 से हराया। टूर्नामेंट में वीरवार को बार्सिलोना का मुकाबला मोनाको से होगा, जबकि अटलांटा की आर्सेनल से भिड़ंत होगी। साथ ही बायेर लीवरकुसेन का सामना फेयेनूर्ड से होगा। 36 टीमें जनवरी तक आठ अलग-अलग विरोधी टीमों से खेलेंगी और उन्हें एकल लीग तालिका में स्थान दिया जाएगा। इससे नॉकआउट चरण में जाने वाली टीमों का निर्धारण होगा।

### जीएक्सआर पर होगी ला लिगा, सीरि ए, कोपा इटालिया की लाइव स्ट्रीमिंग

**दुबई।** दुबई स्थित गैलेक्सी रेसर (जीएक्सआर) भारतीय उपमहाद्वीप में स्पेनिश ला लिंगा, इटालियन सीरि ए और कोपा इटालिया समेत कई यूरोपीय फुटबॉल टूर्नामेंटों की लाइव स्ट्रीमिंग करेगा। जीएक्सआर ने इन तीनों प्रमुख यूरोपीय टूर्नामेंटों के अलावा सुपर कोप्पा इटालियाना, फ्रेंच लीग वन और लीग टू के भी लाइव स्ट्रीमिंग अधिकार खरीदे हैं। कंपनी द्वारा यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार जीएक्सआर लाइव स्ट्रीमिंग के साथ सुपर एप्प के जरिये प्रशंसकों को भी खबरें, चैट, गेमिंग के विकल्प देगा। कंपनी के सीईओ पॉल रॉय ने कहा,''भारत में फुटबॉल के प्रशंसकों की कमी नहीं है जो शीर्ष टूर्नामेंट देखना चाहते हैं। जीएक्सआर के सुपर एप्प के जरिये हम ला लिगा, सीरि ए , लीग वन और टू जैसे टूर्नामेंटों की फ्री टू एयर लाइव स्ट्रीमिंग करेंगे।'' ला लिगा के अध्यक्ष जेवियर टेबास ने कहा, ''भारत के जुनूनी फुटबॉलप्रेमियों को ला लिगा के करीब लाने के लिए जीएक्सआर के साथ साझेदारी करके हम रोमांचित हैं। यह युवा प्रशंसकों को उनके पसंदीदा खिलाड़ियों से जोड़ेगा।''

### क्रिस्टी गिलमोर को हराकर मालविका क्वार्टर फाइनल में



**एजेंसी, चांग्झू ( चीन )**

भारत की युवा बैडमिंटन खिलाड़ी मालविका बंसोड ने शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए ऊंची रैंकिंग वाली क्रिस्टी गिलमोर को हराकर चाइना ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर काबिज मालविका ने दो बार की राष्ट्रमंडल खेल स्वर्ण पदक विजेता और स्कॉटलैंड की 25वीं रैंकिंग वाली गिलमोर के खिलाफ एक घंटे पांच मिनट तक चले मुकाबले में 21-17 19-21 21-16 से जीत दर्ज की। जीत के बाद मालविका ने कहा,''मै पहली बार किसी सुपर 1000 टूर्नामेंट का क्वार्टर फाइनल खेलूंगी। यह सपना सच होने जैसा है और अब तक कैरियर की सबसे बड़ी उपलब्धि है।''

इससे एक दिन पहले मालविका ने पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता ग्रेगोरिया मारिस्का को हराया था। मालविका टूर्नामेंट में अकेली भारतीय खिलाड़ी बची हैं। अब उनका सामना दो बार की विश्व चैम्पियन चौथी वरीयता प्राप्त जापान की अकाने यामागुची से होगा।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन श्रीलंकाई टीम 305 रन पर आउट

**एजेंसी, गॉल**

तेज गेंदबाज विलियम ओ राउरकी के शानदार स्पैल की बदौलत न्यूजीलैंड ने पहले क्रिकेट टेस्ट में श्रीलंका को पहली पारी में 305 रन पर आउट कर दिया। पहले दिन श्रीलंका के शीर्षक्रम को परेशान करने वाले विलियम ने आखिरी दो विकेट भी चटकाए। वर्षाबाधित दूसरे दिन आखिरी तीन विकेट दो रन के भीतर गिर गए।

अपना तीसरा टेस्ट खेल रहे विलियम ने 55 रन देकर पांच विकेट लिए। पारी के पांच विकेट लेने का कारनामा उन्होंने दूसरी बार किया है। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में एक ही ओवर खेला था कि बारिश के कारण लंच पहले लेना पड़ा। उस समय स्कोर बिना किसी नुकसान के पांच रन था।



**शतरंज ओलंपियाड** जॉर्जिया को 3-1 से और चीन को 2-5, 1-5 से दी मात

### भारतीय पुरुष टीम ने चीन और महिलाओं ने जॉर्जिया को हराया

**एजेंसी, बुडापेस्ट**

ग्रैंडमास्टर आर वैशाली और वंतिका अग्रवाल के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला टीम ने 45वें शतरंज ओलंपियाड के सातवें दौर में जॉर्जिया को हराया, जबकि विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश की अगुवाई में पुरुष टीम ने चीन को हराकर अपना अपराजेय अभियान जारी रखा।

वैशाली और वंतिका ने क्रमश: लैला जे और बेला कोतेनाश्विली को हराया। भारतीय महिला टीम ने जॉर्जिया को 3-1 से और पुरुष टीम ने चीन को 2-5, 1-5 से हराया। डी हरिका ने नाना जागनिजे से ड्रॉ खेला जबकि दिव्या देशमुख को निनो बात्सियाश्विली ने ड्रॉ पर रोका। भारतीय महिला टीम के अब 14 में से 14 अंक है और पोलैंड, कजाखस्तान, फ्रांस उससे दो अंक पीछे है।



ओपन वर्ग में गुकेश ने चीन के वेइ यि को हराया। गुकेश और विश्व चैंपियन डिंग लिरेन के बीच मुकाबले की अटकलें थी, जिन्हें नवंबर में सिंगापुर में विश्व चैंपियनशिप मुकाबला खेलना है। चीन ने हालांकि लिरेन को आराम देने का फैसला किया। आर प्रज्ञानानंदा ने यांगयी यू से ड्रॉ खेला, जबकि पी हरिकृष्णा को वांग युइ ने ड्रॉ पर रोका। अर्जुन एरिगेसी और बू शियांग्झी का मुकाबला भी ड्रॉ रहा। अब टूर्नामेंट के चार दौर बाकी हैं। ईरान 13 अंक लेकर भारत के बाद दूसरे स्थान पर है। अगले दौर में भारतीय पुरुष टीम का सामना ईरान से और महिला टीम का पोलैंड से होगा।